जबलपुर
सोमवार, 11 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-02
वर्ष : 20, अंक : 103
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 24

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

08 मतदाता सूची जांच में पारदर्शिता रहे




मैट्रो
14 जबलपुर में दूध माफिया हावी...


सावरकर सेतु

## प्रदेश में औसत बारिश का आंकड़ा लगातार घट रहा, अब बढ़ने की उम्मीद

# 13 से बन जाएगा सिस्टम, फिर सप्ताह भर तक कहीं मध्यम तो कहीं तेज बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम का मिजाज मिला-जुला है। कुछ जिलों में तेज बारिश का क्रम जारी है। प्रदेश के आसपास बने सिस्टम से आ रही नमी से मौसम का यह मिजाज दो दिन और रहेगा। इसके बाद बारिश तेजी पकड़ लेगी। 12 अगस्त की रात बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने से अगले एक सप्ताह प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कहीं मध्यम तो कहीं तेज और कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश होगी। भोपाल में भी मध्यम और एक- दो दिन तेज बारिश की उम्मीद है। अभी प्रदेशभर में बादल, बारिश और बौछारों के असर से तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं है। दिन का पारा औसतन 32 डिग्री पर थमा है।

आज विदिशा, रायसेन, सीहोर, देवास, अशोकनगर, दमोह, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट

दो दिन से बादल, बौछारें और कुछ इलाकों में बारिश से 32 डिग्री के आसपास थमा पारा, 13 अगस्त से गिरेगा पारा


न्यूमार्केट शाम 6:30 बजे

### सप्ताह भर पहले 57 फीसदी अधिक थी बारिश

रविवार तक प्रदेश में सामान्य औसत से करीब 30 फीसदी अधिक बारिश है। यह एक सप्ताह पहले 57 फीसदी अधिक थी। करीब एक सप्ताह से बारिश में कमी से यह आंकड़ा तेजी से घट रहा है। अभी पूर्वी मप्र में औसत से 37 और पश्चिमी हिस्से में 25 फीसदी अधिक बारिशहै।

### अगस्त का औसत कोटा पूरा होने की उम्मीद


अगस्त में भोपाल में औसतन 326 मिमी तक बारिश होती है। करीब 14 दिन में यह आंकड़ा कवर होता है। शहर में 13 अगस्त से 20 और इसके बाद अंतिम सप्ताह में फिर एक और दौर की उम्मीद के बीच राजधानी में 250 से 300 मिमी तक बारिश की उम्मीद है। इससे औसत कोटा लगभग पूरा हो सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### काशी विश्वनाथ मंदिर प्लास्टिक फ्री हुआ

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर ने अपने परिसर को प्लास्टिक फ्री बनाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। 10 अगस्त से मंदिर परिसर में प्लास्टिक से बने सभी सामानों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया है, बल्कि काशी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए भी अहम है।



### एक टन से अधिक लाल चंदन की लकड़ी जब्त

**कडप्पा (आंध्र प्रदेश)।** जिले में लाल चंदन तस्कर नागा दस्तगिरी रेड्डी और पांच अन्य को गिरफ्तार किया गया तथा चंदन की लकड़ी के 1,087 किलोग्राम वजन के 52 लट्ठे जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां 'रेड सैंडर्स एंटी-स्मगलिंग टास्क फोर्स' और चपडू गांव पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान में की गईं। तस्करी के सामान की ढुलाई में इस्तेमाल दो कारें और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गयी।



### साजिया से बनी शारदा प्रेमी मयूर से रचाई शादी

**खंडवा।** यहां एक मुस्लिम युवती ने अपने प्यार की खातिर इस्लाम धर्म त्याग दिया है और सनातन धर्म अपना लिया है। युवती ने अपना नाम साजिया खान से बदलकर शारदा कर दिया है। साजिया ने महादेव को साक्षी मानकर अपने प्रेमी मयूर से शादी भी रचाई है। इस मामले की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। साजिया और मयूर दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं।



**रक्षा मंत्री ने रायसेन में 1800 करोड़ की लागत से भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड की रेल कोच फैक्ट्री का भूमिपूजन किया**

## अमेरिका से टैरिफ वार के बीच ट्रंप पर तंज कसते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा


# कुछ लोग खुद को दुनिया का बॉस समझते हैं, उन्हें भारत का विकास रास नहीं आ रहा

- *अगले दो वर्षों में फैक्ट्री का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा*
- *बीईएमएल द्वारा निर्मित वंदे भारत रेल कोच देश के परिवहन क्षेत्र को नई गति दे रहे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रायसेन में बीईएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) की नई रेल कोच फैक्ट्री का भूमि पूजन किया। इस परियोजना में लगभग 1,800 करोड़ रुपए का निवेश होगा और अगले दो वर्षों में फैक्ट्री का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यहां न केवल रेल के डिब्बों का निर्माण होगा, बल्कि रेलवे के अन्य उत्पाद भी तैयार किए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि इससे मप्र औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि बीईएमएल द्वारा निर्मित वंदे भारत रेल कोच देश के परिवहन क्षेत्र को नई गति दे रहे हैं। इस परियोजना का असर केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और आसपास के इलाकों तक विकास की लहर पहुंचेगी। राजनाथ ने अमेरिका पर तंज कसते हुए कहा कि दुनिया का सबसे तेज विकास करने वाला देश भारत है। कुछ लोग हैं जिनको भारत का विकास पसंद नहीं आ रहा है।



### सीएम डॉ. यादव की तारीफ की...

### कहा-मप्र सिर्फ 'मध्य प्रदेश' नहीं, बल्कि 'मॉडर्न प्रदेश' बन गया

रक्षा मंत्री ने कहा कि चाहे औद्योगिक विकास हो, या सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पुनरुत्थान, जब इसकी कमान डॉ. मोहन यादव जैसे कर्मठ और समर्पित व्यक्ति के हाथ में हो, तो ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं होती। आपके नए-नए विचार और कार्यशैली के कारण मैं कह सकता हूं कि अब मप्र सिर्फ 'मध्य प्रदेश' नहीं, बल्कि 'मॉडर्न प्रदेश' बन गया है। जिस रेल कोच फैक्ट्री का शिलान्यास किया गया, मैंने देखा कि आपने इसका नाम 'ब्रह्मा' रखा है। सृष्टिकर्ता के नाम पर इस इकाई का नाम रखना अपने आप में एक बहुत ही अद्भुत सुझाव है।

> *राजनाथ ने कहा कि जिस रेल कोच फैक्ट्री का शिलान्यास किया गया, मैंने देखा कि आपने इसका नाम 'ब्रह्मा' रखा है। सृष्टिकर्ता के नाम पर इस इकाई का नाम रखना अपने आप में एक बहुत ही अद्भुत सुझाव है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह इकाई, अपने नाम से प्रेरणा लेकर और उसे साकार करते हुए, उत्पाद निर्माण के मामले में नई ऊंचाइयों को छुएगी।*

### हम कर्म देखकर मारेंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा- आतंकवादी आए और लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला। हमने भी तय किया कि हम किसी को धर्म पूछकर नहीं मारेंगे, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे। हमने ऐसा ही किया किया। जब रावण ने सीता जी का अपहरण किया।



### शिवराज बोले- इस क्षेत्र को आइडियल बनाएंगे

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारी कोशिश है कि ये क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र बने। हम इस क्षेत्र को आइडियल क्षेत्र बनाकर छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया है कि दुनियाभर में कोई भी समझौता होगा।

### सीएम बोले- फैक्ट्री से 5 हजार से ज्यादा रोजगार मिलेंगे



सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में मेट्रो आने के पहले रायसेन में मेट्रो रेल कोच फैक्ट्री बनाने का काम शुरू हो गया है। ये नए दौर का नया भारत है। इस रेल कोच फैक्ट्री से 5 हजार से ज्यादा रोजगार मिलेंगे। यहां स्कूल-कॉलेज खोलने के लिए जमीन भी देंगे। मंच पर पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में रेल कोच फैक्ट्री का बनना अपने आप में बड़ी बात है। ये गौरव की बात है।

## ईडी ने दायर की चार्जशीट

# रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ रु. की अवैध कमाई का आरोप

- *रकम का इस्तेमाल संपत्ति खरीदने, निवेश करने और कंपनियों के कर्ज चुकाने में हुआ*
- *यह रकम शेड्यूल अपराध से उत्पन्न हुई थी, यानी उस स्रोत से जो पहले से अपराध घोषित है*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट में आरोप लगाया है कि उन्होंने दो कंपनियों के जरिए 58 करोड़ रुपए की अपराध से कमाई हासिल की। ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग से 5 करोड़ और स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी से 53 करोड़ रुपए आए। ईडी का कहना है कि इस रकम का इस्तेमाल संपत्ति खरीदने, निवेश करने और कंपनियों के कर्ज चुकाने में हुआ। ईडी के मुताबिक दोनों कंपनियां वाड्रा के कारोबारी नेटवर्क से जुड़ी बताई गई हैं।

## राखी बंधवाकर लौटते समय 3 हादसे

# राखी बंधवाने बैतूल आया शख्स ट्रेन से गिरा, शरीर के दो टुकड़े हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

रक्षाबंधन के मौके पर तीन अलग जगह हादसों में मौत की खबर है। बैतूल रेलवे स्टेशन में चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे 53 वर्षीय व्यक्ति का संतुलन बिगड़ गया। पैर फिसलने से वह ट्रेन से नीचे गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शव की पहचान संजय चौरसिया, निवासी यादव कॉलोनी, जबलपुर के रूप में हुई। संजय चौरसिया रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बहन से राखी बंधवाने बैतूल आए थे। वे बैतूल से आमला जाने के लिए संघमित्रा एक्सप्रेस पकड़ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे।

### भोपाल में भाई की करंट से मौत

भोपाल में बहन के घर राखी बंधवाने आया भाई हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनकर रायसेन में उसकी दादी की भी जान चली गई। घटना शनिवार रात को गांधी नगर प्रताप वार्ड की है। मृतक युवक का नाम सुभाष सेन (20) पुत्र रघुवीर सिंह सेन है। वह मूल रूप से नूरगंज रायसेन जिले का रहने वाला था।

### गुना में इंदौर के अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य समेत परिवार के 7 लोग घायल, एक गंभीर

मध्य प्रदेश के गुना जिले से एक बड़े सड़क हादसे की खबर सामने आई है। जहां इंदौर के अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य और उनके परिवार के छह अन्य सदस्य घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इनमें से एक बच्चे की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य रक्षाबंधन के अवसर पर अपने पैतृक घर बदरवास आए थे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु में तीन वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी




### बच्चों के साथ मेट्रो में किया सफर

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु को कई बड़े सौगात दी। बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन से पीएम मोदी 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद प्रधानमंत्री ने बेंगुलरु मेट्रो के नए रुट यलो लाइन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ मेट्रो में सफर भी किया। सफर के दौरान पीएम मोदी बच्चों के साथ खूब बातचीत करते नजर आए। बच्चों भी प्रधानमंत्री के साथ मेट्रो में सफर कर काफी खुश नजर आ रहे थे।*

### विधायक के भतीजे का टोल प्लाजा पर हंगामा

## हॉकी स्टिक लेकर टोल प्लाजा के कर्मचारियों को धमकाया


6 अगस्त की घटना का सामने आया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के हाटपीपल्या से भाजपा विधायक मनोज चौधरी के भतीजे निखिल चौधरी ने टोल प्लाजा पर जमकर हंगामा किया। उसने कर्मचारियों से गाली गलौज की। हॉकी स्टिक लेकर टोल प्लाजा पर लगे बैरिकेड उठाकर फेंक दिए। निखिल चौधरी ने खुद को विधायक का भतीजा बताते हुए कहा कि विधायक के नाम पर यहां सारी गाड़ियां निकलेंगी। एक पुलिसकर्मी ने उसे रोकने और हाथ से हॉकी स्टिक छीनने की कोशिश की, लेकिन वह हंगामा करता रहा। इस कारण टोल पर गाड़ियों की कतार लग गई।

### संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत इंदौर में

## कैंसर केयर सेंटर का किया शुभारंभ 180 समाजों के प्रमुखों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

■ सामाजिक सद्भाव बैठक में हुए शामिल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत रविवार को इंदौर पहुंचे। यहां माधव सृष्टि के कैंसर केयर सेंटर का शुभारंभ किया। इस दौरान मोहन भागवत ने बिल्डिंग और संसाधनों का बारीकी से निरीक्षण किया। यहां भागवत ने जीवन यात्रा पर आधारित लगी प्रदर्शनी भी अवलोकन किया।



इससे पहले सुबह वे ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक में शामिल हुए थे। जहां इंदौर-उज्जैन संभाग के 180 समाजों के प्रमुखों से संवाद किया। इस बैठक में देश और समाज में परिवर्तन से जुड़े अलग-अलग विषयों पर डॉ. भागवत ने समाज प्रमुखों के साथ अनुभव साझा किए। शाम 5 बजे तक चली इस बैठक में डॉ. मोहन भागवत विभिन्न संवाद सत्रों में शामिल हुए।

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर उन्होंने 'पंच परिवर्तन' के अंतर्गत स्वदेशी जीवनशैली, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक अनुशासन और समरसता जैसे विषयों पर भी विचार रखे।

### 13 वर्षीय मुनिराज विजयचंद्र सागर ने दिए श्रद्धालुओं के सवालों के जवाब

हर एक सवाल सही निकलने पर वहां मौजूद दर्शक चौक गए

## 12 मिनट-7 सेकंड में दोहराए 100 सवाल गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

### इन सवालों को पूछने में श्रद्धालुओं को लगे 2 घंटे 7 मिनट

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

अलग खबर

शहर में रविवार को 13 वर्षीय मुनिराज विजयचंद्र सागर ने श्रद्धालुओं के सवालों के जवाब दिए। उनसे करीब 100 सवाल पूछे गए। उन्होंने सभी सवालों को याद रखा और 100 सवाल पूरे होने के बाद उनका एक-एक कर क्रम के अनुसार जवाब दिया।

उन्होंने उल्टे क्रम के साथ ही रेंडम क्रम भी उन्हीं सवालों को दोहराया जो लोगों ने उनसे पूछे थे। यहां पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के सदस्य भी मौजूद रहे।



### मैसूर से 10 साल की उम्र में ली दीक्षा

उनकी शिक्षा कर्नाटक के मैसूर में हुई और दस वर्ष की उम्र में उन्होंने दीक्षा ग्रहण की। इतनी कम उम्र से ही उनकी दिलचस्पी जिनशासन के प्रति लगातार बढ़ती रही।

### लोगों को दिए नोटबुक और पेन

*यहां आने वाले सभी लोगों को एक नोटबुक एवं पेन सहित एक किट दी, ताकि वे बाल मुनि से पूछे जाने वाले सवालों को क्रमवार नोट कर लें और जब वे उत्तर दें तो सही या गलत जवाब का मिलान कर सकें। जब बाल मुनि ने सवालों के जवाब दिए तो वहां मौजूद लोगों ने अपनी नोटबुक में चेक भी किया। हर एक सवाल सही निकलने पर वहां मौजूद दर्शक चौंक गए और तालियों से पूरा हॉल गूंज उठा।*

## बिहार में सर पर सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का हलफनामा

# किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं कटेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर हो रहे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर करने के आरोपों को खारिज करते हुए आयोग ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा।सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में चुनाव आयोग पर आरोप लगाया गया था कि एसआईआर के दौरान राज्य की मतदाता सूची से 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। आयोग ने कहा कि एक अगस्त 2025 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से किसी भी मतदाता का नाम हटाने की प्रक्रिया नियमों के तहत की जाएगी। साथ ही मतदाता को नाम हटाने के प्रस्ताव और उसके कारण के बारे में सबसे पहले बताया जाएगा। हर मतदाता को सुनवाई का उचित मौका, प्रासंगिक दस्तावेज देने का अवसर और तर्क संगत आदेश दिया जाएगा।

### छूटे मतदाताओं की सूची सियासी दलों को भी दी जाएगी

आयोग ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का पहला चरण पूरा हो गया है। पहले चरण में करीब 7.24 करोड़ मतदाताओं ने दस्तावेजों के साथ अपने गणना फॉर्म जमा कराए हैं और इन सभी के नाम पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। इन सभी नामों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। छूटे मतदाताओं की सूची समय-समय पर राजनीतिक दलों को दी जाएगी।

> आरोप लगाया गया था कि एसआईआर के दौरान राज्य की मतदाता सूची से 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए, इसी का जवाब दिया है।

### आपत्तियों के लिए दिया गया समय




आयोग ने कहा, एसआईआर के पहले चरण को सफल बनाने का श्रेय बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी, 38 जिला चुनाव अधिकारी, 243 ईआरओ, 2976 एईआरओ, 77,895 बीएलओ और वॉलंटियर्स और सभी 12 राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनकी ओर से नामित 1.6 लाख बीएलए को जाता है। एसआईआर आदेश के अनुसार एक अगस्त से एक सितंबर के बीच कोई भी मतदाता या राजनीतिक दल, मसौदा मतदाता सूची में सुधार के लिए शिकायत और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने की थी हस्तक्षेप की बात

इससे पहले 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में नाम हटाए गए तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि आधार कार्ड और वोटर आईडी को गंभीरता से मान्य दस्तावेज माना जाए और इनसे नाम हटाने की बजाय जोड़ने की प्रक्रिया पर जोर दिया जाए।

वोट चोरी' पर मालवीय की कांग्रेस को चुनौती

## फर्जी मतदाताओं के नाम बताएं राहुल




भाजपा की आईटी विंग के प्रभारी अमित मालवीय ने राहुल को चुनौती दी है कि वह उन मतदाताओं के नाम आयोग को सौंपें, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया है कि ये फर्जी मतदाता हैं और उनके नाम चुनाव लिस्ट में है। राहुल ने इस बात का दावा किया कि कई जगहों पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल लगातार कहते रहे हैं कि महाराष्ट्र और हरियाणा में वोटों की चोरी हुई और इस वजह से वहां के चुनाव में भाजपा को जीत मिली।

### महादेवपुरा सीट को लेकर राहुल ने लगाया आरोप

राहुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु सेंट्रल सीट में आने वाली महादेवपुरा विधानसभा सीट में वोटों की चोरी हुई। यहां पर अवैध रूप से भाजपा को 1,00,250 वोट मिले और इससे भाजपा इस सीट पर चुनाव जीत गई लेकिन उनके आंकड़ों पर मालवीय ने सवाल उठाया है।

'वोट चोरी' के आरोपों पर शिंदे का पलटवार


## सबूत हों तो अदालत या चुनाव आयोग क्यों नही जाते राहुल?



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राहुल गांधी पर उनके 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर निशाना साधा। शिंदे ने कहा कि अगर उनके पास सबूत हैं तो उन्हें अदालत या चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाना चाहिए। ठाणे में एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि इस तरह के निराधार दावे करके उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों का अपमान किया है।

राहुल की चुनाव आयोग से मांग

## 'पारदर्शिता दिखाएं, डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें'



राहुल गांधी ने फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। आयोग पारदर्शिता दिखाए, डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करे।

## खबर संक्षेप


### बेगूसराय में डूबने से 3 लोगों की मौत

**बेगूसराय।** शनिवार को बाढ़ग्रस्त प्रखंड तेघड़ा व बछवाड़ा में बाढ़ के पानी में डूबने से एक अधेड़ व दो बच्ची की मौत हो गई। दो जगहों पर डूबने से तीन मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मचा है। राखी की खुशियां मातम में बदल गई है। मृतक के स्वजनों व ग्रामीणों ने बाढ़ प्रभावित लोगों पर किए जा रहे राहत व बचाव कार्य पर सवाल उठाया है।




### 'फ्रीडम सेल' में 1,279 रुपए में करें हवाई सफर

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रविवार को भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 'फ्रीडम सेल' की घोषणा की है। इस सेल के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर लगभग 50 लाख सीटें उपलब्ध होंगी, जिनकी शुरुआती कीमत घरेलू उड़ानों के लिए 1,279 और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,279 रुपए है। सेल के तहत 19 अगस्त से बुकिंग खुलेगी।



### एक करोड़ की गोलियां जब्त, 2 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजधानी में नशे के कारोबार पर बड़ा हमला किया है। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक संगठित ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करते हुए 9 किलो साइकोट्रॉपिक दवा अल्प्राजोलम की गोलियां जब्त की हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। 2 को गिरफ्तार किया है।



### राहुल के नेतृत्व में ईसी के खिलाफ विरोध मार्च आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोमवार को इंडिया गठबंधनके सांसदों के लिए डिनर का आयोजन करेंगे। यह बैठक बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित धांधली के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता के प्रयासों के बीच हो रही है। वहीं लगभग 300 सांसदों को साथ ईसी के दफ्तर तक इन मुद्दों को लेकर विरोध मार्च निकालेंगे।



### हरियाणा के झज्जर में भूकंप के हल्के झटके

झज्जर।हरियाणा के झज्जर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप रविवार को दोपहर के वक्त हरियाणा के झज्जर में आया। रिक्टर स्कल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप भारतीय मानक समय के अनुसार 16:10:05 बजे आया। इसका केंद्र झज्जर में ही 10 किलोमीटर की गहराई में बताया जाता है।



## पीएम मोदी ने बेंगलुरु को कई सौगातें दीं और निकाली रैली

# ऑपरेशन सिंदूर ने कुछ ही देर में पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया, दुनिया ने देखी ताकत



### *वैश्विक स्तर पर दिखा हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया का जल्वा*

**प्रधानमंत्री ने लोगों को भी किया संबोधित**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु को कई सौगातें दीं और एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार यहां आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गई। पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें यहां के युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए भी आप सभी का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है।

*यहां की संस्कृति, कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू गई*



### टेक-आत्मनिर्भर भारत

पीएम मोदी ने कहा कि मौजूदा उपलब्धियों में हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता 'टेक-आत्मनिर्भर भारत' होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और ज्यादा प्राथमिकता दें और नए उत्पाद विकसित करने में

### *वैश्विक नक्शे पर देश का नाम गर्व से जुड़ गया*

पीएम मोदी ने कहा कि हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं, जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुर को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया है।

**शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर बढ़ रहे**

पीएम ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अब शीर्ष 3अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर बढ़ रहे हैं।

**2014 तक देश में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे, अब 160**

उन्होंने कहा कि 2014 में मेट्रो 5 शहरों तक सीमित थी। अब 24 शहरों में 1000 किलोमीटर से ज्यादा का नेटवर्क है। 2014 से पहले लगभग 20,000 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण था। हमने पिछले 11 वर्षों में ही 40,000 किलोमीटर से ज्यादा रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया है।

**डिजिटल क्रांति का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे**

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल समाधानों की पहुंच गांव-गांव तक पहुंच गई है। दुनिया के 50फीसदी से ज्यादा रीयल-टाइम लेन-देन भारत में यूपीआई के जरिए होते हैं।

### जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट

पीएम मोदी ने कहा कि हमें मेक इन इंडिया में बंगलूरू और कर्नाटक की उपस्थिति को और मजबूत करना होगा। मेरा आग्रह है कि हमारे उत्पाद जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के मानकों के अनुरूप हों। मुझे उम्मीद है कि कर्नाटक की प्रतिभा आत्मनिर्भर भारत के इस विजन का नेतृत्व करेगी।

### बेल्लारी रोड पर रोड शो किया

पीएम मोदी ने बेल्लारी रोड पर रोड शो किया और जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 'नेक्स्ट-जेन मोबिलिटी फॉर ए नेक्स्ट-जेन सिटी' कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से बातचीत करते देखा गया।

### 'मोदी, मोदी' के नारे के साथ स्वागत

जब प्रधानमंत्री का काफिला रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ रहा था, तो सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे। उन्होंने 'मोदी, मोदी' के नारे लगाकर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी अपनी कार के अंदर से हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

सुधांशु का विपक्ष पर करारा पलटवार

## सत्ता खोने की हताशा में झूठे बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे

*राहुल गांधी के ईसी के आरोपों के संबंध में किया हमला*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग (ईसी) पर लगाए गए आरोपों को लेकर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि 'भारतीय राजनीति के 'सदाबहार युवा' लगातार देश की संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब करने में लगे हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी की तुलना नाजी जर्मनी के प्रचार मंत्री गोएबल्स से करते हुए आरोप लगाया कि वह सत्ता खोने की हताशा में झूठे और बेबुनियाद बयान दे रहे हैं। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए एक्स पर वीडियो साधा किया था। जिसमें उन्होंने लिखा कि वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। इसके साथ ही अन्य पार्टी नेताओं ने राहुल को अदालत या चुनाव आयोग जाने की बात कही है। वे सबूत क्यों नहीं पेश करते।

### जहां कांग्रेस को ज्यादा वोट मिले उन सीटों का जिक्र

सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के बंगलूरू सेंट्रल सीट के बयान पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अगर यह आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, तो राहुल गांधी को 1 लाख फर्जी वोटरों की जानकारी कहां से मिली? उन्होंने सिर्फ उन्हीं इलाकों की बात क्यों की जहां भाजपा आगे थी? उन्होंने चामराजपेट और शिवाजीनगर जैसे इलाकों का जिक्र क्यों नहीं किया, जहां कांग्रेस को 60 फीसदी से ज्यादा वोट मिले?

### सीएम-डिप्टी सीएम क्यों नहीं करते पीसी

भाजपा सांसद त्रिवेदी ने कहा कि जब कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, तो मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पहले से ही विदेशी, राष्ट्रविरोधी ताकतों से मिलीभगत के शक के घेरे में हैं। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ऐसे एनजीओ और नेताओं से मिलते हैं जो भारत विरोधी हैं और यही गठबंधन विदेशी ताकतों के जरिए भारत के लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।

दोहरे एपिक मामले में सफाई दी

# यह केवल प्रशासनिक त्रुटि, उम्र सुधारने के लिए किया था आवेदन, रसीद दिखाई

## डिप्टी सीएम सिन्हा का तेजस्वी को जवाब

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने दोहरे एपिक और उम्र में हेरफेर का सनसनीखेज आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि सिन्हा का नाम लखीसराय (एपिकः आईएएफ 3939337, उम्र 57) और बांकीपुर, पटना ( एएफएस 0853341, उम्र 60) की मतदाता सूची में है। तेजस्वी ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए। सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई पेश की। सिन्हा ने बताया कि उनका परिवार बांकीपुर, पटना की मतदाता सूची में दर्ज था। अप्रैल 2024 में उन्होंने लखीसराय में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया और साथ ही बांकीपुर से नाम हटाने का फॉर्म भरा। तकनीकी कारणों से नाम नहीं हटा।

### उम्र में अंतर का जवाब

सिन्हा ने 2 मतदाता पहचान पत्र में उम्र में अंतर (57 और 60 वर्ष) के आरोप पर कहा कि यह गलती को सुधारने के लिए आवेदन किया गया था। उनकी उम्र प्रमाणपत्र के अनुसार सही है और एक महीने का त्रुटि सुधार का समय उपलब्ध है। सिन्हा ने 30 अप्रैल 2024 को ऑनलाइन आवेदन के दस्तावेज पेश किए जिसमें बांकीपुर से नाम हटाने और उम्र सुधार की मांग थी।

तेजस्वी का आरोप

### सिन्हा के भी दो एपिक नंबर

राजद और कांग्रेस ने दावा किया है कि सिन्हा के पास दो एपिक नंबर है। उन्होंने दो जगह से मतदाता पुनरीक्षण कार्य का फॉर्म भरा। तेजस्वी ने इस मुद्दे पर रविवार सुबह प्रेस वार्ता की। उन्होंने सवाल पूछा कि किस कारण से सिन्हा ने बांकीपुर और लखीसराय से एसआईआर फॉर्म भरा? उनका नए वोटर लिस्ट में दो जगह नाम कैसे आया? इतना ही नहीं दोनों वोटर लिस्ट में डिप्टी सीएम के उम्र भी अलग-अलग है। लखीसराय वाले वोटर लिस्ट में उनकी उम्र 57 साल है। बांकीपुर में उन्होंने 60 साल अपनी उम्र बताई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए और डिप्टी सीएम को इसका जवाब देना चाहिए। यह गंभीर मुद्दा है।

टीएमसी में फिर से छिड़ी जंग, दो बड़े नेता आमने- सामने

# समय की बर्बादी हैं मोइत्रा-मोइत्रा, वे मेरे लिए विषय नहीं, बहुत ही 'घटिया स्तर' की नेता

कल्याण ने कहा- उनके बारे में कहने का कोई मतलब नहीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता





तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नेता इन दिनों आमने-सामने हैं। सांसद कल्याण बेनर्जी पार्टी की सांसद महुआ मोइत्रा पर हमलावर हैं। बेनर्जी ने मोइत्रा को समय की बर्बादी कह दिया है। निम्नस्तरीय कहकर भी दोनों के बीच पहले से चला आ रहा विवाद बढ़ा दिया है। हाल ही में कल्याण ने लोकसभा में टीएमसी के चीफ व्हिप के पद से इस्तीफा दिया है। कल्याण ने पत्रकारों से कहा कि मोइत्रा मेरे लिए विषय नहीं है। वे बहुत ही घटिया स्तर की हैं।

### लंबे समय से चल रही खींचतान फिर आई सामने

उन्होंने कहा कि मेरे एक जूनियर वकील भाई ने मुझे मैसेज किया था। उससे मुझे अहसास हुआ कि महुआमेरे लिए विषय नहीं हैं। मुझे अभी बहुत काम करना है। कल्याण और महुआ के बीच लंबे समय से पर्दे के पीछे खींचतान चल रही थी, लेकिन हालिया तनाव की शुरुआत कल्याणद्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने से हुई। उन्होंने 2023 का 8मिनट पुराना एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह प्रश्न के बदले नकद मामले में आचार समिति की कार्यवाही के दौरान लोकसभा में महुआ का बचाव किया था।

गहलोत सरकार के दौरान फर्जीवाड़ा का आरोप

# 123 शिक्षकों पर केस, घपला कर पाई थी सरकारी नौकरी

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान में 5 साल में टीचर भर्ती की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। शिक्षा विभाग की एसओजी को 123 टीचरों की लिस्ट सौंपी गई है जांच में संदिग्ध तरीके से शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी रीट 2018 और 2019 में नौकरी पाना पाया गया है। एसओजी ने इनख़िलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ये डमी कैंडिडेट बैठाकर, अनुचित तरीके से पेपर लेकर नौकरी की है। गहलोत पर सवालिया निशान लगा है।

### दोबारा परीक्षाओं में भी की गई धांधली

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस सरकार के दौरान रीट लेवल 1 और 2 हुआ था जिसमें पेपरलीक के आरोप लगे थे। गहलोत सरकार ने रीट परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी, फिर से रीट य लेवल 1 और 2 करवाई गई थी। अब जो परीक्षाएं हुई थी उसमें भी भारी धांधली सामने आई है। इस मामले में गहलोत पर तरह-तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं।

## उपराष्ट्रपति चुनावः नाम तलाशने साथी दलों से संपर्क में जुटे

# संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करेगा इंडिया गठबंधन

*'इंडी' ब्लाक को मिला एकजुटता का बहाना*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष ने भी तैयारी शुरू कर दी है। विपक्षी गठबंधन का साझा उम्मीदवार उतारने के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उम्मीदवार का नाम तलाशने और आम सहमति बनाने के लिए गठबंधन के सहयोगी दलों से संपर्क कर रहे हैं। टक्कर देने को साझा नाम तलाश रहे हैं।

### सत्ताधारी दल को कड़ी टक्कर देने की तैयारी की जा रही



**विपक्षी गठबंधन के बीच बढ़ रही एकता**

हाल ही में विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के बीच एकता बढ़ी है। विपक्षी गठबंधन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनाव धांधली के खिलाफ एकजुट है। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर विपक्षी गठबंधन के नेताओं की डिनर पार्टी में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। अब खरगे सोमवार को इंडिया ब्लॉक के सांसदों के लिए रात्रिभोज का भी आयोजन करेंगे।

**भाजपा के बाद नाम आएगा सामने**

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पार्टियों के बीच आम सहमति है कि इंडिया गठबंधन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करेगा। विपक्षी खेमे के एक वर्ग का मानना है कि भाजपा के उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही इंडिया गठबंधन को अपना उम्मीदवार तय करना चाहिए।

### 9 सितंबर को होगा चुनाव

उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को होना है। चुनाव को लेकर सत्ताधारी एनडीए गठबंधन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी उम्मीदवार के नाम पर सहमति बनाने पर चर्चा शुरू कर दी है। संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श के लिए इंडिया ब्लॉक के साझेदारों के बीच बातचीत चल रही है। जबकि खरगे आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रहे हैं।

थल सेनाध्यक्ष उपेंद्र बोले

# पाक से अगला युद्ध जल्द हो सकता है, हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने साफ किया कि ऑपरेशन सरकार की रणनीतिक स्पष्टता और राजनीतिक इच्छाशक्ति से प्रेरित था। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में सेना को 'फ्री हैंड' दिए जाने की भी सराहना की

भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। उन्होंने साफ किया कि ऑपरेशन सरकार की रणनीतिक स्पष्टता और राजनीतिक इच्छाशक्ति से प्रेरित था। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में सेना को 'फ्री हैंड' दिए जाने की भी सराहना की। थल सेनाध्यक्ष ने आईआईटी मद्रास में 'अग्निशोध' - इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (आईएआरसी) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो रविवार को सामने आया।

ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने फ्रीहैंड दिया था पाकिस्तान के साथ हमने शतरंज की चाले चलीं 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात हुई थी



## ऑपरेशन सिंदूर ग्रे जोन मिशन था

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमने शतरंज खेला। हमें नहीं पता था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम इसके जवाब में क्या करेंगे। इसे ग्रेजोन कहते हैं। ग्रेजोन का मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। हम जो कर रहे हैं वह शतरंज के खेल जैसा था। दुश्मन की अगली चाल का अंदाजा लगाना मुश्किल था। और दुश्मन भी शतरंज की चालें ही चल रहा था। किसी पल हम उन्हें शह और मात दे रहे थे। लेकिन तमाम जोखिमों के बावजूद भारत ने पाकिस्तान को शह और मात देते हुए जीत हासिल की।

**25 अप्रैल को बनाई योजना**

*जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की योजना तैयार की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है जिसने पूरे देश को प्रेरित किया। यही कारण है कि पूरा देश कह रहा था कि आपने इसे क्यों रोक दिया? यह सवाल पूछा जा रहा था और इसका भरपूर जवाब दिया गया है।*


### रक्षा मंत्री ने कहा- आप तय करें

जनरल द्विवेदी ने कहा कि 23 अप्रैल (पहलगाम हमले के एक दिन बाद) को जब हम सभी एक साथ बैठे। तब पहली बार रक्षा मंत्री ने साफ कहा कि बस, अब बहुत हो गया। अब कुछ करना पड़ेगा। तीनों सेना प्रमुखों का मानना था कि कुछ-न-कुछ किया जाना चाहिए। हमें खुली छूट दी गई। कहा गया कि आप (सेना) तय करें कि क्या करना है। इस तरह का आत्मविश्वास, राजनीतिक दिशा और राजनीतिक स्पष्टता हमने पहली बार देखी।

### डिफेंस टेक्नोलॉजी में बड़ा कदम

आईआईटी मद्रास में 'अग्निशोध' - इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (आईएआरसी) डिफेंस टेक्नोलॉजी में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य सैन्य कर्मियों को एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कंप्यूटिंग, वायरलेस कम्युनिकेशन और अनमैन्ड सिस्टम जैसे एरिया में कुशल बनाना है। जिससे टेक्नोलॉजी की योग्यता रखने वाली फोर्स बनाई जा सके।

## खबर संक्षेप



### ट्रंप को थैंक्यू बोलने में क्या बुराई?: आशा

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी निवेशक और रिपब्लिकन पार्टी की इकलौती भारतीय-अमेरिकी मेगाडोनर आशा जडेजा मोटवानी ने भारत को सलाह दी है कि ट्रंप को थैंक्यू बोलने में बुराई क्या है? उन्होंने कहा कि 'ट्रंप ने अपने दो मंत्रियों को भारत और पाकिस्तान से बात करने और सीज़फ़ायर कराने की अनुमति दी थी। यह प्रयास सफल हुआ या नहीं, यह मुद्दा नहीं है, उनकी नीयत नेक थी। हमें उन्हें एक फूल और अच्छा-सा कार्ड देकर 'थैंक्यू' कहना चाहिए।

### यूजर्स को पसंद नहीं आया चैटजीपीटी का नया मॉडल




**नई दिल्ली।** ओपनएआई द्वारा चैटजीपीटी के नए मॉडल चैटजीपीटी-5 को रोलआउट कर दिया गया है। हालांकि, यूजर्स इस नए मॉडल से कुछ खास संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं, जिसके चलते सोशल मीडिया पर यूजर्स इस मॉडल के खिलाफ जमकर पोस्ट कर रहे हैं। ओपनएआई से सीईओ सैम ऑल्टमैन ने नए मॉडल को लॉन्च करते हुए इसकी तुलना एक पीएचडी लेवल एक्सपर्ट से की थी जो हर क्षेत्र से जुड़े सवालों का जवाब दे सकता है।

### हथियार डिपो में धमाका 6 सैनिकों की मौत



**बेरूत।** लेबनानी सेना के एक हथियार डिपो में हुए धमाके में छह लोगों की मौत हो गई है। लेबनानी सेना ने शनिवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। घटना दक्षिणी लेबनान के वादी जिबकान इलाके की है। धमाके की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है और इसकी जांच की जा रही है। लेबनानी सेना, संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के साथ मिलकर दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को खत्म करने में जुटी है। हालांकि हिजबुल्ला द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है।

### अमेरिका में तूफान से एक की मौत, फरार हुए कैदी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्वी नेब्रास्का में आए तेज तूफान ने एक महिला की जान ले ली और एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। नेब्रास्का की राजधानी लिंकन में तूफान के चलते राज्य जेल की दो आवास इकाइयां क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे 387 कैदी फरार हो गए। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। अग्निशमन विभाग ने बताया कि नेब्रास्का के टू रिवर्स पार्क में एक गाड़ी पर पेड़ गिर गया जिससे गाड़ी में सवार महिला की मौत हो गई।

ऑपरेशन सिंदूर पर उठाया सवाल

## भड़के पूर्व राजदूत केपी ने कहा कांग्रेस का बयान गैरजिम्मेदाराना



कांग्रेस चीजों को गहराई से नहीं समझ रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए खुलासे को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए थे। इसे लेकर पूर्व राजदूत केपी फैबियन ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिम्मेदारी भरा काम नहीं कर रही है। वह चीजों को गहराई से समझ नहीं रही है। उन्होंने कहा कि वायुसेना प्रमुख का बयान हमें आश्वस्त करने वाला है।

■ वायुसेना प्रमुख का बयान आशवस्त करने वाला

मगर अब कुछ लोग रणनीति, ग्रे ज़ोन या अन्य क्षेत्रों के गहन ज्ञान के बजाय सामान्य ज्ञान पर भरोसा करते हुए फिर से पूछेंगे कि यह सब कब हुआ? युद्ध तीन महीने पहले 10 मई को समाप्त हो गया था। हमें अब क्यों बताया जा रहा है? वायुसेना प्रमुख या सेना प्रमुख को हमें ये बातें बताने से किसने रोका था?

### भारत का मकसद सर्जिकल स्ट्राइक था

*उन्होंने कहा कि मुझे डर है कि कांग्रेस जिम्मेदारी से पेश नहीं आ रही है। यह संघर्ष पीओके को आजाद कराने के लिए नहीं था। हमारा मकसद आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बुनियादी ढांचे पर सर्जिकल स्ट्राइक करना था। फिर पाकिस्तान हम पर हमला करके अपनी हरकतें बढ़ाएगा। फिर हमने इतनी जोरदार जवाबी कार्रवाई की कि पाकिस्तान अमेरिका जाकर रो पड़ा। अब कांग्रेस सवाल कर रही है कि पीएम मोदी राष्ट्रपति ट्रंप को झूठा क्यों नहीं कह रहे हैं; यह कूटनीतिक नहीं है। एक सरकार का मुखिया दूसरे सरकार के मुखिया को झूठा नहीं कह सकता।*

### भारत को तुरंत बयान देना था

पूर्व राजदूत ने कहा कि एक क्षेत्र ऐसा है जहां भारत बेहतर कर सकता था, वो यह कि जब पाकिस्तानी डीजीएमओ ने युद्धविराम की मांग की, तो भारत तुरंत बयान दे सकता था कि पाकिस्तान ने युद्धविराम की मांग की है और हम इस पर विचार कर रहे हैं। भारतीय डीजीएमओ को भारतीय नेतृत्व से सलाह-मशविरा करके हां और न में जवाब देना चाहिए था।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन ने राज्यसभा में दी जानकारी

## भारत की ओमान के साथ ट्रेड डील पर बातचीत पूरी

पांच साल में 5 एफटीए पर हुए हस्ताक्षर, भारत और ओमान के संबंधों का इतिहास पुराना

*केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संसद के उच्च सदन को अवगत कराया कि भारत ने पिछले पांच वर्षों में अपने व्यापार संबंधों को मजबूत किया है और इस दौरान पांच प्रमुख मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही कई नए समझौतों पर बातचीत चल रही है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ओमान के बीच व्यापक व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी हो गई है। सरकार ने राज्यसभा में दिए एक जवाब में ये जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में कांग्रेस सदस्य हेबी माथेर हिशाम द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में बताया कि भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत साल 2023 में शुरू हुई थी। अब भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत पूरी हो गई है। हालांकि उन्होंने अभी ये नहीं बताया कि भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने का औपचारिक कार्यक्रम कब होगा। जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत और ओमान के बीच मित्रता और सहयोग का एक पुराना इतिहास है, जो आपसी विश्वास और सम्मान की नींव पर टिका है, और सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंध रहे हैं।




पीएम नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक

### भारत ने व्यापार संबंधों को मजबूत किया

जितिन प्रसाद ने संसद के उच्च सदन को अवगत कराया कि भारत ने पिछले पांच वर्षों में अपने व्यापार संबंधों को मजबूत किया है और इस दौरान पांच प्रमुख मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही कई नए समझौतों पर बातचीत चल रही है। पिछले 5 वर्षों में जिन मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें साल 2021 में लागू भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौता, 2022 में भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता और भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता, साल 2024 में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता, और साल 2025 में भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता शामिल हैं।

### तुर्किये और अजरबैजान पर कोई प्रतिबंध नहीं

इससे पहले जितिन प्रसाद ने लोकसभा में बताया था कि भारत ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापार या पर्यटन गतिविधियों को निलंबित या प्रतिबंधित करने का कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के तहत भारत के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है, जिसमें स्टील, एल्युमिनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क के संबंध में परामर्श की मांग की गई थी।

### दोनों देश रणनीतिक साझेदार

जितिन प्रसाद ने कहा कि दोनों देश रणनीतिक साझेदार हैं और 1955 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंध लगातार फल-फूल रहे हैं। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को साल 2008 में रणनीतिक साझेदारी में बदला गया।

### कई देशों के साथ एफटीए पर चल रही बातचीत

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता इस साल के अंत में लागू होने की उम्मीद है। भारत-यूके समझौता भी अभी तक लागू नहीं हुआ है। इस बीच, भारत कई अन्य समझौतों पर बातचीत कर रहा है, जिनमें भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता, भारत-श्रीलंका आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता, भारत-पेरू एफटीए, भारत-चिली एफटीए, भारत-न्यूजीलैंड एफटीए और यूएस के साथ एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता शामिल है।

## युद्धपोत उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना में होंगे शामिल



*मुंबई। भारतीय नौसेना 26 अगस्त को दो अग्रिम पंक्ति के युद्धपोत उदयगिरि (एफ 35) और हिमगिरि (एफ 34) को एक साथ नौसेना में शामिल करने की तैयारी कर रही है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्डों के दो प्रमुख सतह लड़ाकू जहाजों को एक ही समय में विशाखापत्तनम में कमीशन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट्स के दूसरे जहाज, उदयगिरि को मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा बनाया गया है। उदयगिरि नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया 100वां जहाज है। वहीं हिमगिरि, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता द्वारा निर्मित पी17ए जहाजों में से पहला है।*

अमेरिका का दोहरा रवैया आया सामने

## फिर अमेरिका पहुंचे पाक आर्मी चीफ, अधिकारियों से की चर्चा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर दूसरी बार वॉशिंगटन के दौरे पर हैं। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेताओं से मुलाकात की है। पाकिस्तानी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा कि सेना प्रमुख अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ-साथ पाकिस्तानी प्रवासियों के साथ बातचीत की। हालांकि अमेरिका में पाकिस्तान सेना ने मुनीर के प्रवास के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया गया तथा यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह कब पहुंचे। मुनीर की अमेरिका यात्राएं भारत के खिलाफ चल रही साजिशों का हिस्सा माना जा रहा है। टाम्पा में, मुनीर ने निवर्तमान अमेरिकी सेंट्रल कमान (सेंटकॉम) कमांडर जनरल माइकल ई. कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह और एडमिरल ब्रैड कूपर द्वारा कमान संभालने के अवसर पर चर्चा की।




पीएम नेतन्याहू पीछे हटने को तैयार नहीं

## इजराइल के गाजा पर कब्जे की योजना का ट्रंप ने किया समर्थन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के गाजा पर कब्जे की योजना का समर्थन किया है। हालांकि इजराइल की इस योजना की आलोचना भी हो रही है। यही वजह है कि ट्रंप ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह इजराइल की योजना है न कि अमेरिका की।

ट्रंप ने गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए समर्पित रहने की बात कही, लेकिन इजराइल के गाजा में ऑपरेशन की आलोचना भी नहीं की। ट्रंप ने इजराइल के गाजा प्लान पर कहा कि मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कह सकता, ये इजराइल पर निर्भर करता है। हाल ही में इजराइली सुरक्षा परिषद ने गाजा पर कब्जे को मंजूरी दी थी।

### एकजुट होकर काम करें मुस्लिम देश

तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान ने इजराइल के फैसले कर निंदा करते हुए कहा कि सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। मिस्र ने भी इजराइल के फैसले की निंदा की। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) समिति ने कहा कि इजराइल की योजना एक खतरनाक और अस्वीकार्य वृद्धि, अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और अवैध कब्जे को मजबूत करने का प्रयास है। यह शांति के किसी भी अवसर को नष्ट कर देगा।

### इजराइली सेना ने शुरू किया 'डॉन' अभ्यास

हमास और हिजबुल्ला को जवाब दे रही इजराइल की सेना अब बड़े हमलों का जवाब देने के लिए तैयार हो रही है। इजराइल रक्षा बलों ने रविवार को अपने मुख्यालय और मुख्य कमांड केंद्रों की तैयारी का परीक्षण करने के लिए अचानक डॉन अभ्यास शुरू किया। इस अभियान की कमान चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल इयाल जमीर कर कर रहे है।

इटली के राजदूत ने बताई भारत की अहमियत, बोले

## आईएमईसी परियोजना नई दिल्ली के बगैर संभव ही नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को यूरोप से जोड़ने वाले महत्वकांक्षी भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के लिए भारत बेहद अहम है। भारत में इटली के राजदूत फ्रांसेस्को टालो का ये कहना है। टालो ने कहा कि भारत एक बड़ा बाजार और उत्पादक देश है। उन्होंने कहा कि आईएमईसी प्रोजेक्ट व्यापार, ऊर्जा और डेटा कनेक्टिविटी के बारे में है और इन तीनों ही सेक्टर में भारत प्रमुख खिलाड़ी है।



*भारत व्यापार, ऊर्जा और डेटा कनेक्टिविटी के क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी*

### डिजिटल कनेक्टिविटी की महत्वपूर्ण भूमिका

टालो ने कहा कि ब्लू रमन नामक एक केबल (परियोजना) है, जो मुंबई को भूमध्य सागर में इतालवी बंदरगाह जेनोआ से जोड़ेगी, और फिर जेनोआ से पूरे यूरोप को जोड़ेगी। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि डेटा व्यावहारिक रूप से 21वीं सदी का ईंधन है। उन्होंने भौतिक कनेक्टिविटी के अलावा डिजिटल कनेक्टिविटी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया, जो डेटा केंद्रों को सशक्त बनाने में मदद करेगी और हमारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हमारी तकनीकों और समग्र अर्थव्यवस्था को और अधिक संभावनाएं और मजबूती प्रदान करेगी।

### भारत और यूरोप जुड़ेंगे

भारत, सऊदी अरब और यूरोप को एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और शिपिंग नेटवर्क से जोड़ेगा। इसका उद्देश्य एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच एकीकरण सुनिश्चित करना है। सितंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में इस परियोजना को अंतिम रूप दिया गया था। टालो ने कहा कि इस महत्वकांक्षी परियोजना की शुरुआत बहुत उम्मीदों के साथ की गई थी। वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से उत्पन्न अस्थिरता और के बीच ऐसी परियोजना की खास जरूरत है।

### डेटा 21वीं सदी का ईंधन

टालो ने कहा कि भारत निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक विशाल बाजार है। यह एक बड़ा उत्पादक देश है। इसलिए, दोनों ही पहलुओं से, यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना व्यापार, और वस्तुओं के आदान-प्रदान, साथ ही ऊर्जा और डेटा से भी संबंधित है। और भारत इन तीनों क्षेत्रों में अग्रणी है। इसलिए, बेशक, भारत महत्वपूर्ण हैं।

# रक्षाबंधन के अगले दिन मनाते हैं त्योहार, 800 साल से ज्यादा पुराना इतिहास

महोबा। जब पूरा देश श्रावण पूर्णिमा को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन मनाता है, तब उत्तरप्रदेश के वीरभूमि महोबा में इस पर्व को एक दिन बाद 'परमा' को मनाया जाता है। इसकी जड़ें 842 साल पुराने एक ऐतिहासिक युद्ध से जुड़ी हैं, जो आज भी यहां के बुंदेलों की स्मृतियों और परंपराओं में जीवंत है। इसकी कहानी राजा पृथ्वीराज चौहान से जुड़ी है।

इतिहास के पन्नों में दर्ज यह कथा वर्ष 1182 की है, जब दिल्ली के राजा पृथ्वीराज चौहान ने महोबा पर चढ़ाई कर दी थी। प्रतिहार नरेश माहिल की साजिशों के चलते महोबा के राजा परमाल ने अपने वीर सेनापति आल्हा और ऊदल को राज्य से निष्कासित कर दिया था।

मौके का फायदा उठाकर पृथ्वीराज ने महोबा को घेर लिया और कड़ी शर्तों के साथ राजा परमाल को आत्मसमर्पण का विकल्प दिया। चौहान ने कालिंजर और ग्वालियर के किलों के साथ राजकुमारी चंद्रावल को भी मांगा, जिसे लेकर दरबार में विरोध भड़क उठा।

## एक ऐतिहासिक युद्ध जो आज भी यहां के बुंदेलों की स्मृतियों और परंपराओं में जीवंत है





### युद्ध के चलते एक दिन देरी से लौटे भाई

युद्ध में शामिल बहनों की एक पीड़ा इतिहास बन गई। वे रक्षा सूत्र लिए भाइयों का इंतजार करती रहीं, जो युद्धभूमि में थे। जब भाई विजयी होकर लौटे, तब बहनों ने एक दिन देरी से राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। तभी से महोबा में रक्षाबंधन 'परमा' को मनाया जाता है।

### रक्षाबंधन के दिन भीषण युद्ध

संकट की इस घड़ी में रानी मल्हना ने आल्हा-ऊदल को वापिस बुलाने का निर्णय लिया। मां देवल के धिक्कार और रानी चंद्रावल के पत्र के बाद दोनों भाई साधु के वेश में महोबा लौटे। रक्षाबंधन के दिन कीरत सागर तट पर चौहान सेना से भीषण युद्ध हुआ। इस युद्ध को 'भुजरियों का युद्ध' कहा गया, जिसमें वीरता की मिसाल कायम करते हुए बुंदेलों ने विजय प्राप्त की।



### कजली का विसर्जन करती हैं बहनें

आज भी कीरत सागर तट पर बहनें कजली (अंकुरित गेहूं) भाइयों को देकर रक्षा का वचन लेती हैं और कजली का विसर्जन करती हैं। महोबा में यह पर्व सिर्फ राखी नहीं, वीरता की विजयगाथा और भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक बन चुका है।

---

## रोचक खबरें

## चिड़ियाघर में हाथी के बाड़े में गिर गया बच्चा गजराज ने सूंड से उठाकर मां को सौंपा



**नई दिल्ली।** चिड़ियाघर में घूमते-घूमते एक छोटा बच्चा गलती से हाथी के बाड़े में गिर गया। बाड़े में गिरते ही बच्चा घबरा गया और वहां मौजूद लोग भी डर गए कि कहीं उसे कोई चोट न लग जाए या हाथी उसे नुकसान न पहुंचा दे। लेकिन जो हुआ, उसने सबको हैरान कर दिया। बाड़े में मौजूद हाथी ने बच्चे को देखा और तुरंत उसके पास पहुंचा। वह धीरे-धीरे बच्चे के करीब आया ताकि उसे डर न लगे। फिर उसने अपनी लंबी सूंड और पैरों की मदद से बच्चे को बहुत सावधानी से उठाया। जैसे कोई मां अपने बच्चे को गोद में उठाती है, वैसे ही हाथी ने बच्चे को संभाला। इसके बाद उसने बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार के पास पहुंचा दिया। इस पूरी घटना को वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। किसी को भी अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हो रहा था कि इतना बड़ा जानवर इतनी नर्मी और समझदारी दिखा सकता है। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर आया, तो देखते ही देखते लाखों लोगों ने इसे देखा और शेयर किया।

## छुट्टियां मनाने गई थी महिला, शराब पीकर चली गई आंखों की रोशनी

**ओटावा।** दुनिया भर में छुट्टियों के दौरान शराब पीना कई लोगों के लिए सामान्य अनुभव है, लेकिन कनाडा की एक महिला की कहानी यह चेतावनी देती है कि आपका पसंदीदा ड्रिंक भी जानलेवा साबित हो सकता है। कनाडाई नागरिक एशली किंग ने सोशल मीडिया पर अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे बाली में एक जहरीली कॉकटेल पीने के बाद उन्होंने अपनी आंखों की रोशनी खो दी। उनका इलाज फौरन करना पड़ा मगर उसका कोई फायदा नहीं हुआ। हालांकि, एशली कहती हैं कि वह खुशनसीब हैं कि वह जिंदा बच गईं ,क्योंकि इस तरह के मामलों में कई लोगों की मौत हो जाती है। दिसंबर में, फिजी के एक लग्जरी रिसॉर्ट बार में जहरीली शराब पीने के बाद सात पर्यटक अस्पताल में भर्ती हुए। इससे एक माह पहले, लाओस में छह युवा यात्रियों, जिनमें एक अमेरिकी भी शामिल था, की मौत इसी कारण हुई। हर साल हजारों लोग मेथनॉल मिश्रित शराब पीने से मारे जाते हैं या गंभीर रूप से बीमार पड़ते हैं। मेथनॉल एक पारदर्शी, ज्वलनशील तरल है, जिसकी गंध और स्वाद पीने योग्य एथनॉल से लगभग समान होती है, लेकिन, यह इंसानों के लिए अत्यधिक विषैला है। विशेषज्ञों के अनुसार, सिर्फ 30 मिलीलीटर मेथनॉल किसी व्यक्ति की जान ले सकता है, और 15 मिलीलीटर से स्थायी रूप से अंधापन हो सकता है।



## बच्चों को अलग ढंग से ट्रेनिंग दे रहे मां-बाप रात 2 बजे तक जागता है परिवार

**न्यूयार्क।** भारतीय घरों में अक्सर माता-पिता बच्चों को देर रात तक जागने पर डांटते हैं, मगर विदेशों में ऐसा नहीं है, वो अपनी मर्जी के मालिक बन जाते हैं और फिर मां-बाप भी उन्हें कुछ नहीं कहते। मगर, अमेरिका की एक फैमिली तो सबसे अलग है। यहां माता-पिता और बच्चे सभी देर रात तक जगते हैं और माता-पिता बच्चों को खुद देर तक जगने के लिए प्रेरित करते हैं। अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य के क्लोविस शहर में रहने वाले एमिली बोअज़मैन और उनके पति जेक ने अपने बच्चों की परवरिश एक अनोखे तरीके से करने का फैसला किया है। 35 वर्षीय एमिली और 44 वर्षीय जेक खुद 'नाइट आउल' यानी देर रात तक जागने की आदत वाले लोग हैं, और यही रूटीन उन्होंने अपने बच्चों के साथ भी अपना लिया है। एमिली तीन बच्चों, क्रू (9), नॉक्स (7) और तीन साल के कीन की होमस्कूलिंग करती हैं। इस वजह से उन्हें सुबह जल्दी उठने का दबाव नहीं होता और वे अपना शेड्यूल अपनी सुविधानुसार तय करते हैं। उनका डिनर रात 9 बजे के बाद होता है, और बच्चे आधी रात तक खेलते रहते हैं। परिवार अक्सर रात 2 बजे तक जागता है और फिर देर सुबह तक सोता है। एमिली कहती हैं- 'मैं बचपन से ही नाइट आउल रही हूं और मेरे पति भी। हमने कभी सख्त सोने का समय तय नहीं किया। हमारे दोस्त और परिवार भी देर रात तक जागने वाले हैं, इसलिए हम स्वाभाविक रूप से यही जीवनशैली अपनाते हैं।' उनका दावा है कि बच्चे रोज़ाना 9 से 11 घंटे की नींद लेते हैं, बस समय अलग है। एमिली के मुताबिक, उनके बच्चे पूरी तरह अनुशासित हैं, जब माता-पिता कहते हैं कि सोने का समय हो गया है, तो वे सो जाते हैं।



---

## खोज

### गैलेक्सी भी समा जाए इसमें विज्ञान की दुनिया में भूचाल

# ब्रह्मांड का सबसे बड़ा ब्लैक होल सूर्य से 36 अरब गुना भारी!

**वॉशिंगटन।** ब्लैक होल ये वो नाम है जिसे सुनकर आपकी सांसें थम जाती हैं। ऐसा माना जाता है कि ब्लैक होल से कोई वापस नहीं आता है। क्या आप जानते हैं कि ब्रह्मांड में सबसे बड़ा ब्लैक होल कितना बड़ा होगा? नहीं न, तो चलिए हम आपको ब्रह्मांड के सबसे बड़े ब्लैक होल के बारे में बताते हैं जिसकी खोज शायद अभी-अभी हुई है। यह एक ऐसी गैलेक्सी के भीतर स्थित है, जिसकी लाइट उसके सामने वाली दूसरी गैलेक्सी के अंदर स्थित है, जिसकी रोशनी उसके सामने वाली दूसरी गैलेक्सी को इतना विकृत कर देती है कि वो घोड़े के नाल के समान दिखाई देती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सामने वाली गैलेक्सी हमारी अपनी गैलेक्सी से सैकड़ों गुना भारी है। स्पेस टाइम के इस झुकाव की वजह से पृष्ठभूमि वाली गैलेक्सी को कॉस्मिक हॉर्सशू के नाम से जाना जाता है।



### वैज्ञानिकों ने दिया ब्रह्मांड के सबसे बड़े ब्लैक होल का प्रमाण

वैज्ञानिक कई वर्षों से ब्लैक होल्स को लेकर मैपिंग कर रहे हैं, लेकिन अब तक हर अन्य सुपरमैसिव ब्लैक होल का अप्रत्यक्ष रूप से मापन करने पर काफी बड़ी अनिश्चितताएं रही हैं। इसलिए, अभी तक शीर्ष स्थान के लिए कभी कोई पक्का दावेदार नहीं मिला है। लेकिन, इस अध्ययन को अंजाम देने वाली टीम ने इस सुपरमैसिव ब्लैक होल को मापने के लिए एक नई विधि का उपयोग किया, और वे लगभग निश्चित हैं कि उन्होंने इसे सही पाया है। कॉलेट अपने निष्कर्षों पर आश्वस्त हैं और मापन के बारे में कहीं अधिक निश्चित हैं। इस अंधेरे राक्षस के आकार का पता लगाने के लिए, रिसर्चर्स ने देखा कि इसका गुरुत्वाकर्षण इसके पास से गुजरने वाले प्रकाश को कैसे विकृत करता है? आंतरिक क्षेत्र में तारे अत्यधिक गति से चलते हुए देखे गए, जो 400 किलोमीटर प्रति सेकंड की स्पीड को छू रहे थे। इसके आकार का निष्कर्ष इसके 'विशाल गुरुत्वाकर्षण खिंचाव और इसके आसपास के वातावरण पर इसके प्रभाव' पर आधारित था, जैसा कि लेखकों ने मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में प्रकाशित अध्ययन में लिखा था।

### सबसे बड़े 10 ब्लैक होल में से एक


हालांकि, उनके बगल में कोई सटीक संख्या कभी नहीं रखी गई। लेकिन अब, इस नई रिसर्च के साथ, वैज्ञानिकों को अब तक का सबसे सटीक अनुमान मिल गया है। कॉस्मिक हॉर्सशू में मौजूद यह विशाल ब्लैक होल सूर्य के मॉस से 36.3 अरब गुना बड़ा है, जिसमें लगभग 6 अरब सौर मॉसेस की एरर का अंतर है। पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के सह-अध्ययनकर्ता प्रोफेसर थॉमस कॉलेट ने एक बयान में कहा, 'यह अब तक खोजे गए 10 सबसे बड़े ब्लैक होलों में से एक है, और संभवतः सबसे बड़ा है।



### 5 अरब प्रकाश-वर्ष दूर है

यह अल्ट्रामैसिव ब्लैक होल 5 अरब प्रकाश-वर्ष की दूरी पर स्थित है। यह पूरी तरह से शांत है, और इसलिए शोधकर्ता सामान्य रूप से उपयोग की जाने वाली तकनीक - एकत्रण के आधार पर आकार निर्धारण - का उपयोग नहीं कर सके। ब्राजील के यूनिवर्सिडेड फेडरल डो रियो ग्रांडे डो सुल के कार्लोस मेलो ने कहा, यह खोज एक निष्क्रिय ब्लैक होल के लिए की गई थी। ऐसा ब्लैक होल जो अवलोकन के समय सक्रिय रूप से सामग्री एकत्र नहीं कर रहा था।

## कबाड़ हो रहा है 67 मिलियन डॉलर का टेलीस्कोप, रुक ना जाए अंतरिक्ष की सबसे बड़ी खोज



**वॉशिंगटन।** टेलीस्कोप जिसका नाम नाइसर है नासा उससे न्यूट्रॉन तारों को देखता है और उसके बारे में समझता है। नासा के इस $67 मिलियन के टेलीस्कोप ने काम करना अब बंद कर दिया है। नासा अपने नाइसर टेलीस्कोप को बचाना चाहता है, उनका मानना है कि जरूरत पड़ी तो इसे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के काम में इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, अभी स्टेशन के किसी भी कर्मचारी को कोई खतरा नहीं है। इसकी मुख्य मोटर खराब होने की वजह से 17 जून से ही वैज्ञानिक कार्यों को रोक दिया गया है। आपको बता दें कि इसी मोटर से ही टेलीस्कोप अंतरिक्ष में फोकस कर पाता था। इस खराबी की जांच में नासा के इंजीनियर लगे हुए हैं, हालांकि अभी तक पता नहीं चला है कि यह कब तक ठीक होगा।

**नाइसर दूरबीन की खराबी :** नाइसर टेलिस्कोप में खराबी का कारण पता लगाने के लिए नाइसर टेलिस्कोप के बाहर लगे रोबोटिक कैमरे उसकी तस्वीर भेज रहे हैं। साथ ही, यहां पृथ्वी पर रह रहीं टीमें भी वहां की टीमों के साथ मिलकर टेलिस्कोप की इस समस्या को सुलझाने की कोशिश कर रही है। लेकिन, अभी तक खराबी क्या हुई है ये पता नहीं चल पा रहा है और क्यों हुई है ये भी पता नहीं चल पा रहा है।

### कर चुका है कई बड़ी खोजें

नाइसर को 2017 में मात्र 18 महीनों के लिए ही भेजा गया था और यह उम्मीद से भी काफी ज्यादा ही चल गया था और उसके 8 साल तक चला था। ये इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में कई बड़ी खोजों को करने में काफी मदद की है। नाइसर की मदद से न्यूट्रॉन तारों की बनावट को मापा जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इसने ब्लैक होल, पल्सर और अंतरिक्ष की कई अनोखी घटनाओं पर काफी शोध किए हैं।

## घर से निकाल फेंकेंगे एसी...बस खर्च करिए 50 रुपए, ठंडक मिलेगी दोगुनी

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर ने एक बहुत ही अनोखी शीट विकसित की है, जिसे दीवारों पर लगाने से घर का तापनाम 8-10 डिग्री तक कम हो सकता है। इतना ही नहीं, ये आपके बिजली बिल की भी बचत करेगा। इस शीट को कपड़े और खास इंसुलेशन मेटेरियल की मदद से बनाया है, जो बारिश में खराब नहीं होगी। साथ ही इसे बहुत आसानी से साफ भी किया जा सकेगा। इस शीट को मकान की छत या इमारतों की दीवार पर पर लगाने से एसी का खर्च कम किया जा सकेगा। सबसे खास बात है कि ये बारिश से खराब नहीं होती और धूल लगने पर इस बहुत ही सिंपल तरीके से साफ भी किया जा सकता है। ये शीट आपके कमरे के तापमान को 8-10 डिग्री तक कम कर देगी।



### कितनी है इसकी कीमत?

इस शीट को इमारत की दीवार और छतों पर लगाने के 8-10 डिग्री तक तापमान को कम होगा ही, साथ ही ये आपके एयर कंडिशनर के बिजली के बिल की भी बचत करेगा। इस शीट की कीमत की बात करें तो 50-60 प्रति वर्ग फीट है जो बाजार में मिलने वाले दूसरे इंशुलेशन शीट्स की तुलना में आधा है, जो 100-200 प्रति वर्ग फीट तक मिलता है।

### कपड़ा कैसे बना इंसुलेशन?

आईआईटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अनिमांग्सु घटक ने बताया कि ये शीट खास सिंथेटिक पॉलीमर से बनी है। इस शीट को छत, दीवार या पानी की टंकी पर लगाया जाता है तो ये गर्मी को अंदर आने से रोकता है। पॉलीमर कोटिंग के बीच हवा भर जाती है जिससे इंसुलेशन होने लगता है।

### कैसे करता है काम?

इस शीट की बाहरी परत पूरी तरह से सफेद है, जिससे सूरज की किरणें टकराकर वापस लौट जाती हैं और सीधी गर्मी का असर नहीं होता। इसके बाद भी जो थोड़ी बहुत गर्मी आती है, वह कपड़े और पॉलीमर कोटिंग के बीच में रुक जाती है। इसी वजह से शीट गर्मी या ठंड को डायरेक्ट अंदर आने से रोकता है।

## तोता है इस लड़की का भाई, हर साल बांधती है सोने की राखी



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर की रहने वाली स्वपन रक्षाबंधन का त्योहार बेहद अनोखे तरीके से मनाती हैं। उनका रक्षाबंधन मनाने का अंदाज़ बाकी लोगों से बिल्कुल अलग है, जो उन्हें खास बनाता है। दरअसल, अंबिकापुर के जोड़ा पीपल के पास रहने वाली स्वपन का कोई सगा भाई नहीं है। बचपन से ही उन्हें जानवरों से बेहद लगाव था और वह चाहती थीं कि उनका कोई भाई हो जो भाई का फर्ज निभाए। ऐसे में लॉकडाउन के दौरान उनके पास एक तोता आया, जिसका नाम उन्होंने हीर रखा। तब से रक्षाबंधन पर वह तोते हीर को सोने की राखी बांधती हैं।

### तोता हीर से खास रिश्ता

स्वपन ने बताया कि 12वीं पास करने के बाद पहले लॉकडाउन में तोता हीर उनके पास आया था। उससे पहले वह खरगोश (रैबिट) के साथ रक्षाबंधन मनाती थीं, लेकिन हीर के आने के बाद वह हर साल उसे अपना भाई मानकर सोने की राखी बांधती हैं। उनके अनुसार, इंसानों में उन्हें भरोसा नहीं है, क्योंकि कई बार रिश्तों में धोखा मिला है। उनका कहना है, इंसानों को राखी बांधो, तो अंत में वे धोखा देकर चले जाते हैं, लेकिन जानवर कभी धोखा नहीं देते।

### जानवरों से गहरा लगाव

स्वपन कहती हैं कि उनका हीर उनसे कभी कुछ नहीं मांगता, बस साथ और प्यार चाहता है। उनके पास और भी तोते हैं, जिन्हें वह हर साल राखी बांधती हैं। बचपन से ही जानवरों के बीच रहने के कारण इंसानों से दूरी और जानवरों से नजदीकी उनकी पहचान बन गई है। वह कहती हैं, इंसानों का प्यार अक्सर झूठा होता है, लेकिन जानवरों का साथ सच्चा और भरोसेमंद होता है।

### भाई का फर्ज निभाता है हीर

स्वपन बताती हैं कि हीर उनके साथ हर जगह रहता है। चाहे स्कूटी की सवारी हो या घर पर समय बिताना। इसके अलावा, उनके पास तीन और तोते हैं, जिन्हें वह राखी बांधती हैं। वह पिछले 5 साल से तोते के साथ रक्षाबंधन मना रही हैं।

### अनोखी दुनिया

स्वपन की दुनिया बाकी लोगों से अलग है। वह मानती हैं कि जो भाई का असली फर्ज निभाए वही सच्चा भाई है। उनके लिए तोता हीर ही भाई और परिवार दोनों है। स्वपन के लिए हीर का जन्मदिन, रक्षाबंधन और नवरात्रि जैसे मौके बेहद खास होते हैं। नवरात्रि में वह व्रत रखती हैं। वह तोते हीर के नाम से भंडारा भी करती हैं। उनके लिए हीर सिर्फ एक पालतू जानवर नहीं, बल्कि जिंदगी का सबसे खास हिस्सा है।

## टेक्नॉलॉजी

### वैज्ञानिकों की चौंकाने वाली भविष्यवाणी

# 2045 तक एआई के गुलाम बन जाएंगे इंसान

**लंदन।** दुनिया हर दिन आधुनिक होती जा रही है और हर चीज एडवांस होती जा रही है। टेक्नॉलॉजी के बढ़ने के चलते हमारे लिए कई सारी चीजों को करना बहुत आसान होता जा रहा है। हम अपने रोजमर्रा के कामों को टेक्नॉलजी का इस्तेमाल कर बेहद ही आसानी से कर सकते हैं। इस टेक्नॉलॉजी में एआई आजकल के समय में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आपको जानकर इस बात से हैरानी होगी कि यह आने वाले समय में इंसानों के लिए कितना नुकसानदायक हो सकता है। आने वाले समय में हम कहीं उल्टा ही टेक्नॉलॉजी के हाथों ना आ जाएं।




### इंसानों पर हावी हो जाएंगी मशीनें

एक रिपोर्ट के अनुसार 8,500 से अधिक एक्सपर्ट्स की राय पर यह पता चला कि आने वाले 25 सालों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजीआई मतलब आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस की तरह हो सकता है और ये इंसानों से बहुत ज्यादा ही समझदार होगा। जो एजीआई होगा वो पूरा इंसानों की तरह सोचेगा और और फैसले भी खुद ले सकेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि 2026 से लेकर 2040 के बीच में एजीआई कभी भी आ सकता है और तब यह इंसानों को कंट्रोल कर सकता है। गूगल में इंजीनियर रह चुके रे कुर्जवील ने बताया है कि 2029 तक एआई इंसानों जितना बुद्धिमान हो सकता है और 2045 में वह समय भी आ जाएगा जब मशीनें इंसानों पर हावी होने लगेंगी।

### बुद्धि में बहुत आगे निकल जाएगा एआई

एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी को लेकर वैज्ञानिकों की एक नई भविष्यवाणी आई है जिसमें वैज्ञानिकों के द्वारा ऐसा दावा किया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कहें तो एआई इंसानों को गुलाम बना लेगा। कई विशेषज्ञों आर वैज्ञानिकों का अभी से ही ऐसा मानना है कि आने वाले समय में इंसान से बुद्धि में एआई बहुत आगे निकल जाएगा और हम इंसान बहुत ही पीछे रह जाएंगे।

देव सरोवर हनुमानताल बना साक्षी

# संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव में दिखी सनातन की शक्ति

## समरसता सेवा संगठन के आयोजन ने फिर रचा इतिहास





**हरिभूमि, जबलपुर। समरसता सेवा संगठन के आयोजनों में सनातन की जो शक्ति नजर आती है, वो अद्भुत है। संहिष्णुता, एकता और भारतीयता के लिहाज से ये बहुत बड़ी सेवा और सफलता है, तदाशय के भाव-उद्गार संस्कारधानी में सामाजिक समरसता संगठन की संयोजना में वृहद रूप से मनाए गए 'कजलियां महा मिलन महोत्सव' में पधारे पूज्य संत वृंतो ने व्यक्त किए। पूज्य संतों ने कहा कि समरसता भारतीय संस्कृति की आत्मा है। समरसता के बगैर भारतीय समाज निष्प्राण है। समरसता सेवा संगठन ने समाज में समरसता के प्राण फूंक रहा है। उल्लेखनीय है कि समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज कि सहभागिता से समरसता कि भावना को जागृत करने वाले पर्व क़जलिया को तीसरे वर्ष हनुमानताल में संस्कारधानी समरसता कजलिया महोत्सव के रूप में मनाया गया। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन के आहवान पर जबलपुर के सभी समाजो ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सहभागिता दी। इस अवसर पर उपस्थित सर्व प्रथम एक दूसरे को कजलिया देकर संतो का मिलन हुआ उसके उपरांत मंच पर लगातार लाइन लगाकर उपस्थित जनसमुदाय ने संतो से कजलिया लेते हुए आशीर्वाद लिया।**







कजलियां महोत्सव मेला के पारंपरिक स्थल हनुमानताल में आयोजित इस भव्य-दिव्य एवं गरिमामय समारोह को संतों-महंतों सहित प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दीं। सभी समाज के आगंतुक विद्वत जनों ने कहा कि हमारे त्यौहार समरसता और सद्भावना के प्रतीक हैं। इन पर्वों के आयोजन पर सभी जाति, वर्ग और समाज के लोग आपस में जुड़कर आपसी एकता का संचार करते हैं। कजलियां महापर्व भी इसी परंपरा से ओतप्रोत है।

### जबलपुर ने रच दिया इतिहास

इस अवसर पर उपस्थित पूज्य संतो, राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, औद्योगिक क्षेत्र के प्रबुद्धों ने माना कि भारत के केंद्र जबलपुर में रचे गये समरसता इतिहास के प्रकम्पन पूरे देश में फैलेंगे। कजलियां-होली जैसे समरसता में डूबे पर्वों को समरसता सेवा संगठन ने जिस तरह से पुर्नजीवित कर इनकी पवित्रता की सामाजिक याद दिलाई है, वो अद्भुत है। और, इसके लिए समरसता सेवा संगठन की संयोजन टीम बधाई की पात्र है। कहा गया कि ये त्यौहार आपसी मेलजोल की भावना को बढ़ाते हैं और आपसी सद्भाव एवं समरसता के प्रति आदर रखने की भावना को प्रबल करते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों में प्रेम, उल्लास और आनन्द का संचार होता है।

### प्रज्वलित हो रहा समरसता का संदीप

वक्ताओं ने कहा कि कजलियों के आयोजन ने समाज में समरसता का संदीप रोशन किया है। ये रोशनी आज समाज की मांग है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने संतों के साथ कन्याओं का भी पूजन किया। इस मौके पर निबंध, मेंहदी सहित अन्य प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। स्वागत उद्बोधन में जैन ने कहा कि इस रूप में जो कजलियां मिलन दिख रहा है, उसमें सर्व समाज और जाति के लोगों का सहयोग है। ये सहयोग बताता है कि समरसता के प्रति किस तरह से जन जागरण को सफलता मिल रही है। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए आगंतुकों का आभार भी जताया।

### कई संगठनों की सहभागिता

संस्कारधानी के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर मनाए गए कजलियां महा महोत्सव में संस्कारधानी के सैकड़ों सामाजिक संगठनों सहित कई व्यापारिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक संस्थाओं की सहभागिता रही। आयोजन में शामिल संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक समरसता संगठन के ही नागपंचमी आयोजन में वितरित कजलियां पात्र में बोई गई कजलीयां लेकर उपस्थित हुए। जिनकी पूजन के उपरांत सभी ने एक दूसरे को कजलियों का आदान-प्रदान कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### कजलियां भोज का अनूठा जायका

कजलियां महा महोत्सव में पारंपरिक स्वादिष्ट और जायकेदार खान-पान में भी सामाजिक सहभागिता रही, जिसमे जैन समाज द्वारा गुड़ की जलेबी और मोटे सेव, पंजाबी समाज एवं अग्रवाल समाज द्वारा पूड़ी सब्जी, सिंधी समाज द्वारा कढ़ी चावल, स्वर्णकार समाज द्वारा स्वीट कॉर्न, राजपूत सभा द्वारा जगन्नाथ का भात, चौरसिया समाज द्वारा मुखवास पान, अखिल भारतीय कायस्थ सभा द्वारा पानी बड़ा, बारी समाज द्वारा चना जोर गरम, मांझी समाज द्वारा चना जोर, सोनकर समाज द्वारा खिचड़ी युवा रजक समाज द्वारा ठंडा जल का जायका आयोजन स्थल उपलब्ध कराया गया।

### पारम्परिक गीतों ने बंधा समा

समारोह का श्रीगणेश मां नर्मदा पूजन कर दीप प्रज्जवल से किया गया। वेद मंत्रोच्चार के बीच कजलियां पूजन की गई। इसके बाद संतों का पूजन-अर्चन किया गया। समारोह में मां नर्मदा अष्टक और स्वस्ति वाचन की समवेत प्रस्तुति, नर्मदा जी पर आधारित नृत्य नाटिका, कजरी, आल्हा, लोकगीत गायन सहित पारंपरिक नृत्य की मोनमोहनी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बुंदेलखंड के सुपरहिट लोकगीत गायक जित्तू खरे, प्रसिद्ध गायक मनीष अग्रवाल मोनी, मिठाईलाल चक्रवर्ती, रवि शुक्ला, नरेन्द्र राज, सविता मिश्रा, इंदु मिश्रा ने समां बांध दिया।

### बच्चों-महिलाओं की प्रतियोगिता

इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जैन ने बताया कि दो वर्गों के छात्रों के लिए निर्धारित शब्दों में लिखकर लाए गए निबंध कार्यक्रम स्थल पर जमा किए गए। वहीं महिलाओं एवं बच्चों के लिए विविध वेषभूषा, हस्त निर्मित राखी सृजन, पूजा थाली सजावट की प्रतियोगिता रखी गई। सभी प्रतिभागियों की प्रतियोगिता परिणाम पर प्रस्तुति के आधार पर चयन समिति विचार करेगी। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों प्रतियोगिताओं के 10-10 चयनित प्रतिभागियों को आगामी कार्यक्रम पर नगद पुरस्कृत किया जाएगा।

### चाइल्ड जोन का बाल आनंद

इस अनूठे 'कजलियां मिलन महोत्सव' में बच्चे-बड़े, महिला-पुरुष सबकी सहभागिता रही। आयोजन संस्कारधानी की शास्वत एवं गौरवशाली परंपरा के अनुरूप हुआ। आयोजन स्थल पर बच्चों के लिए बने 'चाइल्ड जोन' की संयोजना में भगवत स्वरूप बााल आनंद की छटा देखते ही बन रही थी। बच्चों के पसंदीदा झूलों ने उन्हें खूब आकषित किया तो वहीं पारंपरिक जायकेदार व्यंजनों की खुशबू बड़ों को लुभाती रही।

### संतों एवं प्रबुद्धजनों ने दी शुभकामनाएं

कजलियां महा महोत्सव में पूज्य स्वामी सुखानन्द द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य जी, नृसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ. नरसिंहदेवाचार्य जी, स्वामी गिरीशानंद जी साकेतधाम, स्वामी अखिलेश्वरानंद जी, स्वामी राधे चैतन्य जी, जगद्गुरु बालगोविन्दा चार्य जी, स्वामी पगलानंद जी, स्वामी अशोकानंद जी, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी जी,महंत कालीनन्द जी, महंत राजेश्वरआनन्द जी, स्वामी चंद्रशेखरानन्द जी, पं वासुदेव शास्त्री, पं रोहित दुबे, पं देवेंद्र त्रिपाठी, पं अमन बाजपेई, पं आशुतोष दीक्षित, सहित अनेक संतवृंद महंत ने उपस्थित होकर अपने श्रद्धा शब्द सुमन से आशीर्वाचान किए। वहीं सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक सुशील तिवारी इंदू, नीरज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, क़ृषि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. पी के मिश्रा, वरिष्ठ नेता प्रभात साहू, विनोद गोंटिया, लेखराज सिंह मुन्ना, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, रविकिरण साहू, पूर्व मंत्री शरद जैन, अंचल सोनकर, नीलेश अवस्थी, धीरज पटेरिया, डॉ जितेंद्र जामदार, डॉ अखिलेश गुमस्ता डॉ पवन स्थापक, उपमहाधिवक्ता विवेक शर्मा, डॉ वाणी अहलुवालिया, कैलाश अग्रवाल बब्बा, कैलाशचंद्र जैन, राममूर्ति मिश्रा, कमलेश अग्रवाल, सहित कई गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के समापन पर समरसता सेवा संगठन के सचिव उज्जवल पचौरी ने संस्कारधानी समरसता कजलिया महोत्सव के तृतीय आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग और सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### किन्नर समाज जुलुस के साथ हुआ शामिल

समरसता सेवा संगठन के एतेहासिक आयोजन में किन्नर समाज जबलपुर हीरा गुरु की अगुवाई में जुलुस के साथ सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर शामिल किन्नर गुरुओ ने संस्कारधानी कजलिया महोत्सव के लिए संगठन को बधाई देते हुए संस्कारधानी वासियो के सुख समृद्धि की कामना करते हुए स्वछता बनाये रखने, बुजुर्गो की सेवा करने और सद्भाव और समरस होकर रहने की कामना की।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सनत जैन, कैलाश अग्रवाल बब्बा, कैलाशचंद्र जैन, कांग्रेस नेता दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, मुकेश राठौर, शरद चंद्र पालन, तारु खत्री, सुरेश सराफ, सीताराम सेन, संदीप विजन शरद काबरा, सुरेश भगचंदनी, जिला बार अध्यक्ष एड मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, तारु खत्री, राजेश अग्रवाल गुड्डु, जगदीश चोहटल, अशोक नामदेव, मनप्रीत सिंह आनंद, प्रमोद पंडा, राधेश्याम साहू, मनोहर चौकसे, रामबाबू विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, अनिल बारी, राजकुमार रजक, विवेक रजक, नितिन भाटिया, लेखराज सोनकर, सुधीर अग्रवाल, राजेश ठाकुर, दीपक कौसिक, प्रकाश चौरसिया, प्रनीत वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, सहेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल जैन, मोहन कश्यप सुजीत सोंधिया, गणेश सोंधिया, पूर्व पार्षद कविता रैकवार, पार्षद वर्षा सेन राममूर्ति मिश्रा, अरविन्द पाठक, एड सुधीर नायक, प्रवेश खेड़ा, कमलेश अग्रवाल, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, देवश्वरी मोदी, सुधा तिवारी, मीना दुबे, कृष्णा यादव, श्वेता सिंह, सारिका सेठ, सुधा तिवारी, दीपमाला सोनकर, रितु चौरसिया, प्रीति ताम्रकार, प्रीति गुप्ता ,आभा जैन, दीपा खरया, सरिता गुप्ता, डॉ गीता पाण्डेय, कविता त्रिपाठी, मंजू तिवारी, डॉ कल्पना मिश्रा, नीतू दुब, श्वेता पाण्डेय, गीता गुरु, डॉ कंचन ढींगरा, कुसुम चौबे, कीर्ति किशोर ने शामिल होकर सहभागिता की।

---

## चौकीदार को रास्ते में रोककर की मारपीट

**जबलपुर।** रांझी थाना अंर्तगत सुभाष नगर के पास कल रात अपने बेटे से मिलने जा रहे एक चौकी दार को रास्ते में रोककर बदमाशों ने शराब पीने के लिये रुपये मांगे, मना करने पर उसके साथ मारपीट कर दी. रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य अस्पताल में चौकीदार के पद पर पदस्थ, 59 वर्षीय प्रकाश अहिरवार कल रात 9 बजे मोटरसायकल से अपने बेटे सुभाष से मिलने सुभाष नगर जा रहा था. रास्ते में वंशकार मोहल्ला सामुदायिक भवनके पीछे वंशकार मोहल्ला निवासी शनि वंशकार, गौतम वंशकार, अरूण वंशकार तीनों रोड़ के बीचों बीच खड़े थे. इसलिये उसने अपनी मोटर सायकल रोकी तो तीनों उससे शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर तीनों गाली गलौज करते हुये धक्का मारकर उसे गिरा दिये और हाथ मुक्कों से मारपीट कर हाथ, पैर, पीठ में चोटें पहुंचाये तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### जहां पीना हो पियो, और जहां बहकना है बहको

## दारुखोरी से पुलिस को कोई लेना देना नहीं

**जबलपुर।** त्यौहारों के दौरान शराबखोरी का बढ़ता चलन हमारी मर्यादाओं और संस्कृति को शर्मसार कर रहा है। रक्षाबंधन और कजलियों की रात शराबियों ने शहर का ऐसा गंदा माहौल कर दिया कि लोगों का परिवार के साथ निकलना मुश्किल हो गया। पुलिस तो जैसे सिर्फ नाम की हो। शराबी युवकों की टोलियां सड़कों पर हुड़दंग मचाते ऐसे घूम रही थी जैसे रात में होली का मदमस्त त्यौहार शराबियों की डर से रात में आटो रिक्शा चलने बंद हो गये थे, चाय-नाश्ता और पान की दुकाने व होटले बंद थी। बाहर से आने वाले यात्रियों को कठिनाइयां हुई लेकिन इससे किसी को क्या लेना देना। पुलिस के रोजनामचे भले ही खाली हो, पर विक्टोरिया व मेडिकल अस्पतालों के आकस्मिक चिकित्सा कक्ष दारुखोरों से भरे पड़े थे। कहीं किसी का वाहन तोड़ा गया तो कहीं किसी के घर में घुसकर मारपीट की गई। रात के सन्नाटा पसरी सड़कों पर बाईक सवार घिसटकर गिरे, कहीं खड़े वाहन से टकराए, इनमें से ज्यादातर की बजह शराबखोरी ही थी ।



खास बात यह है की रक्षाबंधन की रात में पुलिस की काम्बिंग गश्त चलती रही. पुलिस बल वारंटियों की धड़पकड़ करता रहा, थाने में बैठा एक दुक्का स्टॉफ आने वाली शिकायतों को टरकाता रहा. शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मारपीट के बड़ी संख्या में मामले थाने पहुंचे, लेकिन पिटने व पीटने वालों की शराबखोरी के कारण से बहुत से मामले पुलिस के रोजनामचे में दर्ज नहीं हो पाए। पुलिस ने लिखापढ़ी और मुलाहजे से बचने के चक्कर में मामले दर्ज नहीं किये और आपस में मामले रफा-दफा करने में ज्यादा दिलचस्पी ली। पुलिस की यही टालमटोली बढ़ावा दे रही है। अब रक्षाबंधन हो कजलिया हो तीजा या दशहरा दिवाली दारुखोरी आम बात हो गई। जिससे हमारी संस्कृति और सभ्यता खंडित हो रही है। प्राप्त शिकायतों के अनुसार बलदेवबाग चौराहा पत्रकार भवन के पास, संजीवनी नगर मेनरोड पर, लार्डगंज थाने के पीछे कछियाना, कल्याण मंदिर के पास मालवीय चौक, रानीताल ईदगाह के पास शराबियों का जमघट लगा रहा. सड़क पर जाम छलकाए जाते रहे. इसके बावजूद पुलिस मूक दर्शक बनी रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पत्नी की मौत, पति घायल

**जबलपुर।** सिहोरा थानान्तर्गत रविवार दोपहर धनगवां पुलिया पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल सवार दम्पत्ति को टक्कर मार दी। घटना में मोटर साइकिल चालक को जहां साधारण चोटें आयीं थी वहीं उसके साथ बैठी उसकी पत्नी को माथे व सिर में गंभीर चोटें आयीं थी। दोनों घायलों को ईलाज के लिए तत्काल सिहोरा शासकीय अस्पताल भिजवाया गया है। जहाँ डाक्टर ने घायल महिला को चैक कर मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवातें हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। घटना के संबंध में सिहोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम दिनारी खमारिया निवासी सुरेश नामदेव का शाला ग्राम कांटी निवासी विजय कुमार नामदेव कल अपनी पत्नी सुनिता बाई नामदेव के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर दिनारी खमारिया जा रहा था तभी धनगवां पुलिस एनएच मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल सवार दम्पत्ति को ठोकर मार दी। घटना में जहाँ विजय कुमार नामदेव को मामूली चोटें आयीं है वहीं उसकी पत्नी श्रीमती सुनीता बाई की मौत हो गई।

# आचार्य श्री का धर्म सभा में उपदेश

# इंद्रियों के माध्यम से प्राप्त होने वाला सुख, पाप का बीज

हरिभूमि जबलपुर।



आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा सभा भवन में आयोजित धर्म सभा में आचार्यश्री समयसागर जी ने उपस्थित धर्मावलंबियों को उपदेश देते हुए कहा कि पाँच इंद्रियों के माध्यम से प्राप्त होने वाला सुख पाप का बीज है और कर्म के अधीन है। यह सुख दुख से मिश्रित होता है तथा इसमें निरंतरता नहीं होती।

जब साता यानी अच्छे कर्म का उदय होता है, तब सुख का अनुभव होता है, और जब असाता बुरे कर्म का उदय होता है, तब दुख का अनुभव होता है। इस प्रकार यह चक्र निरंतर चलता रहता है। जीव कभी सुखी तो कभी दुखी बना रहता है, जबकि शुद्ध अवस्था में प्राप्त होने वाला सुख अनंत होता है। यह सुख सिद्ध परमेष्ठी को प्राप्त होता है, जहाँ निरंतर सुख है और दुख की कणिका भी नहीं होती। वह सुख कभी समाप्त नहीं होता। आत्मा को किसी भी प्रकार के परिग्रह की आवश्यकता नहीं होती। जड़ पदार्थ का आत्मा पर प्रभाव पड़ता है, इसलिए लक्ष्मी के पीछे नहीं भागना चाहिए। लक्ष्मी की पूजा न करें, बल्कि सरस्वती की पूजा करें। ज्ञान रूपी लक्ष्मी की पूजा करें। धन के संपर्क में आने से ही अनादिकाल से इस जीव का विकास रुका हुआ है। हमें केवल आत्मा का सहारा लेना चाहिए, अर्थात पंच परमेष्ठी का आलंबन लेना चाहिए, क्योंकि पर पदार्थ का आलंबन लेने से ही कर्म का आश्रव होता है।

धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के तैल चित्र के समक्ष आयुष जैन (दिल्ली), विपिन जैन (सी.ए.) और सुधीर जैन ने दीप प्रज्वलन किया। आजीवन सूर्यास्त के बाद चारों प्रकार के आहार और जल के त्याग का संकल्प लेने वाले श्रावक-श्राविकाओं ने आचार्यश्री को शास्त्र भेंट किया। आचार्यश्री के पाद-प्रक्षालन का सौभाग्य प्रतिभा मंडल की ब्रह्मचारिणी बहनों को प्राप्त हुआ। धर्म सभा का संचालन अमित पडरिया ने किया।

आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा सभा भवन में आयोजित धर्म सभा में आचार्यश्री समयसागर जी ने उपस्थित धर्मावलंबियों को उपदेश देते हुए कहा कि पाँच इंद्रियों के माध्यम से प्राप्त होने वाला सुख पाप का बीज है और कर्म के अधीन है। यह सुख दुख से मिश्रित होता है तथा इसमें निरंतरता नहीं होती। जब साता यानी अच्छे कर्म का उदय होता है, तब सुख का अनुभव होता है, और जब असाता बुरे कर्म का उदय होता है, तब दुख का अनुभव होता है। इस प्रकार यह चक्र निरंतर चलता रहता है। जीव कभी सुखी तो कभी दुखी बना रहता है, जबकि शुद्ध अवस्था में प्राप्त होने वाला सुख अनंत होता है। यह सुख सिद्ध परमेष्ठी को प्राप्त होता है, जहाँ निरंतर सुख है और दुख की कणिका भी नहीं होती। वह सुख कभी समाप्त नहीं होता। आत्मा को किसी भी प्रकार के परिग्रह की आवश्यकता नहीं होती। जड़ पदार्थ का आत्मा पर प्रभाव पड़ता है, इसलिए लक्ष्मी के पीछे नहीं भागना चाहिए। लक्ष्मी की पूजा न करें, बल्कि सरस्वती की पूजा करें। ज्ञान रूपी लक्ष्मी की पूजा करें। धन के संपर्क में आने से ही अनादिकाल से इस जीव का विकास रुका हुआ है। हमें केवल आत्मा का सहारा लेना चाहिए, अर्थात पंच परमेष्ठी का आलंबन लेना चाहिए, क्योंकि पर पदार्थ का आलंबन लेने से ही कर्म का आश्रव होता है। धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के तैल चित्र के समक्ष आयुष जैन (दिल्ली), विपिन जैन (सी.ए.) और सुधीर जैन ने दीप प्रज्वलन किया। आजीवन सूर्यास्त के बाद चारों प्रकार के आहार और जल के त्याग का संकल्प लेने वाले श्रावक-श्राविकाओं ने आचार्यश्री को शास्त्र भेंट किया। आचार्यश्री के पाद-प्रक्षालन का सौभाग्य प्रतिभा मंडल की ब्रह्मचारिणी बहनों को प्राप्त हुआ। धर्म सभा का संचालन अमित पडरिया ने किया।

## जैन समाज ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

**जबलपुर।** आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में जैन समाज द्वारा रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। इस पर्व की शुरुआत महामुनी विष्णुकुमार की स्मृति में हुई। आचार्यश्री समयसागर महाराज ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व वात्सल्य के रूप में आया है। वात्सल्य पर्व अत्यंत महान पर्व होता है। जैन ग्रंथों में बाह्य तप का भी उल्लेख मिलता है, जो साधक अपनी-अपनी क्षमता और सामर्थ्य के अनुसार करते हैं। बाह्य तप का उद्देश्य आंतरिक तप की वृद्धि और उसके विकास के लिए होता है। आचार्यश्री ने कहा कि साधर्मियों के बीच स्नेहपूर्ण व्यवहार को वात्सल्य कहा जाता है और यह सम्यकदर्शन का एक महत्वपूर्ण अंग है। सम्यकदर्शन के बिना चारित्र का कोई मूल्य नहीं है। जब चारित्र सम्यक रूप धारण करता है तो उसमें चार चाँद लग जाते हैं। संसार में जीव ने अनादिकाल से विपरीत आचरण किया है, जिसके कारण पाप की वृद्धि हुई है। मोक्षमार्ग में आगे बढ़ने के लिए इस पर्व का आयोजन होता है। भाव विभोर होकर इस पर्व को मनाना चाहिए और सभी को वात्सल्य भाव बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुणी व्यक्तियों की प्रतिभा का सम्मान करना चाहिए। शिष्य का गुरु के प्रति विनयभाव होना चाहिए। गुरु की भक्ति और आदर के साथ समर्पण भाव रखना ही विनय है, और विनय के माध्यम से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। समर्पण भाव लाने से विष्णु मुनिराज के समान वात्सल्य हर जीव के जीवन में प्रकट हो सकता है। धर्मसभा के प्रारंभ में आचार्यश्री को शास्त्र भेंट करने और पादप्रक्षालन का सौभाग्य विशाल एवं श्रीमती रैना कांवली परिवार, गुना को प्राप्त हुआ। भगवान श्रेयांसनाथ को निर्वाण लड्डू रायसेठ चन्द्रकुमार ने समर्पित किया। रक्षा सूत्र समर्पित करने का अवसर जयंतकुमार कटंगी, सतीश नेता, आलोक शांतिनगर, श्रीकांत जैन तथा दिगंबर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन को मिला।



## विधायक अभिलाष पांडे का सम्मान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता कर्मचारी नेता डॉक्टर अनिल भार्गव ने बताया है की संस्कृत भाषा का विधान सभा में सम्मान हुआ है। बताया है कि जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा विधायक डॉक्टर अभिलाष पांडे द्वारा मध्य प्रदेश विधानसभा में संस्कृत भाषा में ध्यान आकर्षण प्रस्तुत किया। इससे संस्कृत भाषा को बढ़ावा मिलेगा। रामप्रवेश महाराज, परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु रजवारिया, प्रमोद शर्मा, अचल भार्गव, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने विधायक द्वारा संस्कृत भाषा में वाचन कर भाषा का सम्मान बढ़ाने पर उनकी सराहना की है। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर अनिल आनंद महाराज, कर्मचारी नेता डॉक्टर अनिल भार्गव,पंडित गिरी शर्मा,रामबाबू शर्मा पंडित बच्चन आचार्य, हेमंत शर्मा,श्रीमती वंदना त्रिपाठी, संजय मिश्रा, विकास शर्मा ,नवादा शंकर भार्गव, पंकज तिवारी, डॉक्टर जेपी पालीवाल, पंडित राकेश चतुर्वेदी, प्रेम गुरु ,विनोद शर्मा आदि उपस्थिति रहे।

## अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेस ने शहीदों को किया नमन



**जबलपुर।** 9 अगस्त का दिन अगस्त क्रांति भारत छोड़ो आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है, इस आंदोलन ने पूरे भारत में व्यापक समर्थन प्राप्त किया और देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। यह बात शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने शहीद स्मारक में शहर कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित ध्वज बंधन कार्यक्रम में कहीं ध्वज बंधन कार्यक्रम के पश्चात स्वतंत्रता सेनानी सेठ गोविन्द दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियो ने रैली के रूप में तिलक भूमि तलैया पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई अंत में टाउन हॉल स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एव संगोष्ठी सभा के साथ कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अगस्त क्रांति को याद करते हुये वर्तमान सत्ता द्वारा चुनाव आयोग के साथ साजिश कर सत्ता लूटे जाने के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के समर्थन की शपथ ली। इस अवसर पर सौरभ शर्मा अध्यक्ष शहर कांग्रेस , पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव,सतीश तिवारी सेवादल नगर अध्यक्ष, कमलेश यादव महिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा,महिला सेवादल नगर अध्यक्ष एड. मीनाक्षी स्वामी, जितेंद्र यादव सहित अनेक कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित थे।

## साइकिल पाकर खिले चेहरे

**पाटन।** आजादी की समर भूमि ग्राम गाड़ाघाट शासकीय हाई स्कूल में निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत दूर दराज के बच्चों के लिए साइकिल का वितरण मुख्य अतिथि उदयभान सिंह ठाकुर सरपंच लक्ष्मी प्रसाद सचिन जालम सिंह उप सचिव विपिन दुबे अर्जुन दुबे के माध्यम से वितरण किया गया। अगस्त क्रांति के अवसर पर शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया प्राचार्य अजीम अहमद खान ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर साल की शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## ब्रह्माकुमारी बहनों ने नशा मुक्ति केन्द्र में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**जबलपुर।** नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जय भीमनगर गौरीघाट द्वारा यहां के भाइयों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बीके बहन आरती, सुनीता द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया, तिलक लगाकर मुख मिष्ठान कराकर नशा मुक्ति का संकल्प कराया गया तथा बुराइयों को दान के रूप में सभी भाइयों से फार्म भराये गए, रक्षाबंधन का महत्व बताकर सभी का उत्साह बढ़ाया गया। इस अवसर पर भ्राता चंद्रप्रकाश मालवीय, हेमंत सोलंकी, श्वेता मिश्रा, नीरज, अशोक ठाकुर, रश्मि सोलंकी, शिवानी जाटव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## ईसाई समुदाय ने निकाली तिरंगा यात्रा

# जिले में मनाया जा रहा है हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान

**जबलपुर।** जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। विगत दिवस शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में कारगिल विजय दिवस और हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया था। जहां कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजली अर्पित की और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर झंडे के साथ सेल्फी लेने और पोस्टर के साथ अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गई थी। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन भी किया गया। 29वीं वाहनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल जमतरा केम्प में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत जवानों ने मोटर साइकल रैली निकाली।



### इसाई समुदाय ने निकाली यात्रा

इसाई समुदाय द्वारा तिरंगा यात्रा सिविक सेंटर से मालवीय चौक, करमचंद चौक, जयंती टॉकीज तक निकाली गई। इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने ग्रामीण विकास, शिक्षा, नगर निगम, जन अभियान परिषद सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अभियान को प्रभावी बनाने के लिए गतिविधियां आयोजित करें। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांव-गांव तिरंगा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निर्देशित किया वहीं शिक्षा विभाग ने भी सभी स्कूलों में हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी बनाने को कहा। जिसमें रंगोली, चित्रकला व अन्य प्रतियोगिताओं के साथ इस अभियान में स्वच्छता को जोड़ने की गतिविधियां की जायेगी। नगर निगम द्वारा 13 अगस्त को अभियान अंतर्गत स्वच्छता को जोड़ते हुए साइक्लोथान किया जायेगा, वहीं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मानस भवन में स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम भी किया जायेगा। यह अभियान 3 चरणों में मनाया जाएगा। जो 8 से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य देशभक्ति और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। साथ ही 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' की थीम अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए जौहर

**बरेला।** कजलियां पर्व पर बजरंग व्यायाम शाला द्वारा आयोजित, दुबे उस्ताद बरेला एवं दीना केवट की स्मृति में आयोजित वार्षिक इनामी दंगल का आयोजन थाने के सामने किया गया। जिसमें दूर-दूर से आए पहलवानों ने अपनी पहलवानी का प्रदर्शन किया इस अवसर पर एक सैकड़ा से अधिक कुश्ती लड़ी गई तथा पहलवानौ को आयोजन समिति द्वारा इनाम दिए गए ।इस अवसर पर नगर परिषद बरेला के अध्यक्ष प्रतीक दुबे, मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन ,अनु गुरु,सोनू सोनकर, अरविंद तिवारी, महेश चक्रवर्ती, दीपक सोनकर, मुनि विश्वकर्मा, सोनी साहू, रजनीश दुबे, कृष्ण बर्मन, रितेश केवट,छोटे बर्मन, मैसी विश्वकर्मा के साथ सम्मिलित होकर पहलवानों का उत्साह वर्धन किया।

## संस्कृत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 8 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृत दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. माला प्यासी ने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा की जीवन में उपयोगिता पर चर्चा की। संस्कृत में ज्योतिष कर्म के प्रोफेसर, शिक्षा धर्मगुरु के क्षेत्र में विभिन्न रोजगार के अवसर हैं। संस्कृत दिवस को ऋषि दिवस के नाम से भी जाना जाता है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि संस्कृत भाषा भारती ज्ञान परंपरा की वाहक होने के साथ-साथ इसमें रोजगार के अनेक अवसर भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत न केवल भारत की प्राचीनतम भाषा में से एक है, बल्कि भारतीय संस्कृति साहित्य और दर्शन का आधार भी है। इस अवसर पर संस्कृत साहित्य के विद्यार्थियों ने संस्कृत के सुभाषित श्लोक का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत के प्राध्यापक डॉ. शिवचंद वलके के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ रामेश्वर झरिया डॉ.वंदना जैन, डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. तृप्ति उकास,डॉ. ज्योति जुंगारे, डॉ रश्मि बुनकर,श्रीमती संघ प्रिया, डॉ.सजेदा खान श्रीमती लला बाई लोधी, डॉ. महेंद्र कुशवाहा, डॉ तरुण साकेत डॉ.विपिन कुमार, डॉ. सविता सिंह एवं अधिक संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## नेत्रहीन कन्या विधालय पहुंचे डॉ. पुष्पराज पटेल ने मनाया बच्चों संग रक्षाबंधन



हरिभूमि जबलपुर।

गोल्डन हार्ट स्पेशलिस्ट अस्पताल संचालक और जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्पराज पटेल नेत्रहीन कन्या विद्यालय जाकर बच्चों के संग रक्षाबंधन मनाया. इस दौरान डॉक्टर पटेल ने नितिन बच्चों से राखी बंधवाई एवं उनका मिठाइयां और रुमाल वितरित किए. डॉ पुष्पराज पटेल जी ने कहा बच्चों में मुझे भगवान के साक्षात दर्शन होते हैं.यह पल मैं अपनी जिंदगी में कभी नहीं भूल सकता हू. नेत्रहीन कन्या विधालय के प्राचार्य आदरणीय पूनमचंद मिश्रा द्वारा डॉ पुष्पराज पटेल का स्वागत भारतीय परंपरा अनुसार तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर,शाल और श्री फल भेंट कर सम्मान किया गया. डॉ पुष्पराज पटेल द्वारा बच्चों के ऊपर पुष्पों की वर्षा कर और उन्हें सम्मानित करना, यह एक अद्भुत और भावपूर्ण दृश्य रहा।इसके पश्चात राखी बंधवाना और मिठाइयाँ खिलाना इस अवसर को और भी विशेष बनाता है। यह आयोजन न केवल रक्षाबंधन के पर्व को मनाता है, बल्कि समाज में स्नेह और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। यह क्षण बहुत ही प्रेरणादायक है। इस अवसर पर अंकित चौधरी, हेमंत कुमार बड़गैया, संतोष रैंकवार आदि उपस्थिति रहे।

डॉ पुष्पराज पटेल जी कहते है कि यहां आकर बच्चों से राखी बंधवाकर साक्षात भगवान के दर्शन हुए. मुझे ऐसा अहसास हुआ मानो बच्चों के रूप में साक्षात माता जी प्रकट हो गई हो ऐसा निश्चल प्रेम ऐसी आत्मीयता और जो दिल से आशीर्वाद मिला उसको मैं अपने शब्दों में बया नहीं कर सकता हूं.बस इतना कहूँगा यहां आना मेरे जीवन के बहुत बहुत ही शानदार पल रहे जिन्हें मैं कभी कभी नहीं भुला पाउंगा।

## गोदाम का ताला तोड़कर जेवर, कपड़े चुराये

जबलपुर।

गढ़ा थानांतर्गत गुप्तेश्वर मंदिर के समीप इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कड़े, पायल एवं चार तलवारें तथा कपड़े चोरी कर ले गए। गढ़ा पुलिस ने बताया कि प्रेमनगर निवासी हरमिंदर सिंह भामरा तुलाराम चौक में मनजीत इलेक्ट्रॉनिक दुकान चलाते हैं। हरमिंदर का एक पुराना मकान गुप्तेश्वर मंदिर के समीप है। जिसे उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक चीजों का गोदाम बना दिया है। गोदाम में देखरेख के लिए सुजीत विश्वकर्मा रहता है। जो गत 10 दिनों से अपने गांव चला गया था। जिसके कारण गोराम में फिलहाल कोई नहीं हरमिंदर का भतीजा गगनदीप सिंह गत 17 जुलाई की रात 9 बजे गोदाम में ताला लगाकर घर आ गया था। दूसरे दिन १० बजे गगनदीप गोदाम खोलने गया तो देखा कि अंदर लगे कैचीगेट के ताले टूटे थे। गगन ने अपने पिता मलकियत सिंह को फोन पर घटना की जानकारी दी। हरमिंदर व उसके भाई मलकियत सिंह ने कल गोदाम जाकर देखा तो दोनो बेडरूम में रखी अलमारियां खुली मिली। अलमारियों में रखा चांदी का सामान कड़े, पायल, चार तलवार व कुछ नये कपड़े गायब थे।



## जहर खाने से महिला की मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत सुभाष नगर निवासी एक महीला की जहर खाने से इलाज के दौरान मेडिकल कालेज अस्पताल में मौत हो गई. आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है, पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है. घटना के संबंध में रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बस्ती झंडा चौक सुभाष नगर निवासी, 33 वर्षीय श्रीमती वंदना विश्वकर्मा को किसी जहरीली वस्तु का सेवन करने पर इलाज के लिये मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।




**श्रीमती राजरानी बोहरा-** हाउबाग स्टेशन रोड नेपियर टाउन निवासी श्री एसके बोहरा की धर्मपत्नी श्रीमती राजरानी बोहरा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सम्पूर्णानंद तिवारी-** आदि होम्स गोल बाजार रोड निवासी श्री सम्पूर्णानंद तिवारी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल दयाल-** प्रगति नगर तिलहरी निवासी श्री छोटे लाल दयाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गायत्री रजवार-** हाथीताल बस्ती निवासी श्री सुरेंद्र सिंह रजवार की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री रजवार (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विद्या बाई ग्रांवकर-** सदर पेंटीनाका के पास निवासी श्री नरबद प्रसाद ग्रांवकर की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या बाई ग्रांवकर (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम अवतार चौधरी-** चौधरी मोहल्ला श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राम अवतार चौधरी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अमित उपाध्याय-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री एमपी उपाध्याय के पुत्र श्री अमित उपाध्याय (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लालू प्रसाद जाटव-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री लालू प्रसाद जाटव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम कुमार गर्ग-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री राम कुमार गर्ग (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश कोल-** छुई खदान मड़ैया मुखर्जी वार्ड निवासी श्री बृजवासी कोल के पुत्र श्री आकाश कोल (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुनिया वर्मा-** कांचघर डॉ. बुद्धराजा के पास निवासी श्री भाई लाल वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पुनिया वर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नंदिता-** मानेगांव रांझी निवासी श्री वीरेंद्र सिंह रावत की धर्मपत्नी श्रीमती नंदिता (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अजय यादव-** जोगनी नगर छापर रामपुर निवासी श्री अजय यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल रैकवार-** हनुमानताल कोतवाली वार्ड निवासी श्री आनंदी लाल रैकवार के पुत्र श्री राहुल रैकवार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुशीला सिंह-** रामनगर अधारताल निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 90/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- 4x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 4x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### सरसों, मूंगफली को छोड़कर बाकी तेल-तिलहन में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन को छोड़कर बाकी सभी के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों तेल के दाम आयातित खाद्य तेलों के मुकाबले 35-40 रुपये किलो अधिक रहे और इस भाव पर सरसों का खपना मुश्किल है।

### मैरिको को भारतीय कारोबार दोगुना होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख मैरिको अगली एक या दो तिमाहियों में घरेलू बाजार में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद कर रही है। मैरिको के प्रबंध निदेशक और सीईओ सौगात गुप्ता ने कहा कि मूल फ्रेंचाइज और कारोबार के विस्तार के साथ कंपनी को यह लक्ष्य हासिल होने की उम्मीद है।

### वोल्टास के मुनाफे में 58 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लि. का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 58 प्रतिशत घटकर 140.61 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 335 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का राजस्व 20.22 प्रतिशत घटकर 3,912.29 करोड़ रुपये रहा।

### ग्रासिम का मुनाफा 34% बढ़कर 2,767 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लि. का वर्ष 2025-26 की जून तिमाही में शुद्ध लाभ 33.9 प्रतिशत बढ़कर 2,767.08 करोड़ रुपये रहा। सीमेंट व्यवसायों में उच्च लाभ और प्रमुख कारोबारों में चौतरफा वृद्धि कंपनी का लाभ बढ़ा है। एक साल पहले अप्रैल-जून तिमाही में उसे 2,065.97 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### नावी टेक्नोलॉजीज का नाम अब नावी लि.

**नई दिल्ली।** नावी टेक्नोलॉजीज लि. ने कहा कि उसने आधिकारिक तौर पर अपना नाम बदलकर नावी लि. कर लिया है। यह नाम प्रौद्योगिकी-आधारित कंपनी से भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप एक समग्र वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में इसके विकासक्रम के अनुरूप है।

# आरबीआई का सख्त नियम, बैंकों को 15 दिनों में निपटाना होगा मृत ग्राहकों के क्लेम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सत्यापन के लिए दावा प्रपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र और नामित का वैध दस्तावेज जमा करना होगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मृत ग्राहकों के बैंक खातों और लॉकर से संबंधित दावों का निपटान 15 दिन के भीतर करने की विशेष पहल की है।

केंद्रीय बैंक ऐसे मामलों का तय समयसीमा के भीतर निपटारा करने और किसी भी देरी के लिए नामांकित व्यक्तियों को मुआवजा देने के लिए फॉर्म को मानकीकृत करने की योजना बना रहा है। आरबीआई ने मृत बैंक ग्राहकों के बैंक खातों और सुरक्षित जमा लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान के लिए मानक प्रक्रियाएं लाने का प्रस्ताव किया है। इसका मकसद निपटान को और अधिक सुविधाजनक और सरल बनाना है।

#### सरल प्रक्रिया अपनाने पर जोर

मसौदे के अनुसार, बैंक को उन जमा खातों में दावों के निपटान के लिए एक सरल प्रक्रिया अपनानी चाहिए, जहां मृतक जमाकर्ता ने कोई नामांकन नहीं किया है, ताकि दावेदार या कानूनी उत्तराधिकारी को असुविधा से बचाया जा सके। ऐसे दावों के निपटान के लिए बैंक को अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणालियों के आधार पर न्यूनतम 15 लाख रुपए की सीमा तय करनी चाहिए।

### उद्देश्य निपटान को और अधिक सुविधाजनक और सरल बनाना

#### नॉमिनी के खाते व लॉकर के लिए सभी बैंकों की अपनी प्रणाली

वर्तमान में, मृतक के 'नॉमिनी' व्यक्ति द्वारा खाते और लॉकर से संबंधित दावों के संबंध में सभी बैंकों की अपनी प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं। इसी प्रकार, बिना 'नॉमिनी' वाले खातों के लिए बैंकों की प्रक्रियाओं में कुछ भिन्नता हो सकती है। इस कदम से प्रक्रिया मानकीकृत और सरल होगी। मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है।



#### नामिनी का वैध दस्तावेज जमा करना होगा

मसौदे में कहा गया है कि यदि जमा खातों या लॉकर के लिए किसी व्यक्ति को नामित किया गया है, तो उसे पहचान और पते के सत्यापन के लिए दावा प्रपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र (मृत ग्राहक) और नामित (नामिनी) का आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज जमा करना होगा।

#### 27 अगस्त तक टिप्पणियां मांगी

इस दिशा में, केंद्रीय बैंक ने परिपत्र का मसौदा-भारतीय रिजर्व बैंक (बैंकों के मृत ग्राहकों के संबंध में दावों का निपटान) निर्देश, 2025' जारी किया है और 27 अगस्त तक इस पर टिप्पणियां मांगी हैं। मसौदे में कहा गया, 'बैंक दावों और अन्य दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए मानकीकृत प्रपत्रों का उपयोग करेगा।' इसमें दावों के निपटान में देरी होने पर मुआवजे का भी प्रावधान है।

## नोबल पुरस्कार विजेता बनर्जी ने कहा, भारत को विचार करना होगा

# अमेरिकी शुल्क के बाद सोचना होगा कि सस्ता रूसी तेल फायदेमंद है या नहीं: अभिजीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारत को विचार करना चाहिए कि रूस से सस्ते तेल का आयात फायदेमंद है या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले हफ्ते एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें भारत के रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया था। इससे भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा, जो दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है।

#### 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा

अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। बनर्जी ने बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के मौके पर पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा कि क्या रूस से तेल आयात करने लायक है या फिर अमेरिका जाकर यह कहना होगा कि अगर हम रूसी तेल का आयात बंद कर दें, तो क्या वे इसे (शुल्क) हटा लेंगे।'

**रूस से सस्ता तेल का आयात फायदेमंद है या नहीं देखना होगा**

**ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारतीय वस्तुओं पर शुल्क लगाने की घोषणा की**





#### रूसी तेल पर छूट अब घट गई

ऐसा इसलिए भी है क्योंकि रूसी तेल पर छूट अब घटकर लगभग दो अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रह गई हैं। यह पूछने पर कि क्या भारत को चीन से निवेश पर लगे प्रतिबंध हटाने चाहिए, बनर्जी ने कहा, ''हमें इसे चीन के साथ व्यापार वार्ता के जरिये जोड़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ''मुझे लगता है कि ऐसा करने का यह सही समय है। चीन को भी यह सोचने की जरूरत है कि वे अमेरिका के साथ कैसे व्यापार करेंगे और उनके पास क्या लाभ हैं।''

#### गैर-छूट वाले निर्यात पर असर पड़ेगा

चूंकि भारी शुल्क से भारत द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले 27 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-छूट वाले निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है, इसलिए रूस से तेल आयात रोकने या कम करने की चर्चा हो रही है।

#### भारत ने अगस्त, सितंबर के लिए नहीं दिया आर्डर

प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, ''इसके बारे में सोचना गलत नहीं है। हमारे कुछ निर्यात 25 प्रतिशत शुल्क पर ही प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, इसलिए शायद 50 प्रतिशत (शुल्क) कोई मायने नहीं रखता। भारत रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है, और उसने जुलाई में प्रतिदिन 16 लाख बैरल तेल खरीदा था। हालांकि, देश ने अगस्त और सितंबर के लिए कोई ऑर्डर नहीं दिया है।

#### *चीन, आसियान से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण*

*यह पूछने पर कि क्या भारत को आसियान व्यापार समूह में शामिल होना चाहिए, उन्होंने कहा, ''शायद, मुझे लगता है कि हमें ऐसा करना चाहिए। मुझे लगता है कि चीन, आसियान से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा, ''यह उतना अच्छा नहीं रहेगा, जितना हमने उम्मीद की थी।''*

#### *मध्यम वर्ग वास्तव में संकट में*

*बनर्जी ने बताया कि मध्यम वर्ग वास्तव में संकट में है, और पिछले कुछ वर्षों से निजी निवेश में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, ''टीसीएस जैसी कंपनियां भर्ती नहीं कर रही हैं, आईटी कर्मचारियों का वेतन नहीं बढ़ रहा है... ये सभी ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे हम निपट नहीं पाए हैं। हमें इस तथ्य को स्वीकार करना होगा।''*

# भारत हमारे लिए बहुत ही खास बाजार: मलेशिया एयरलाइंस

- कंपनी भारत में विदेशी एयरलाइंस जैसा काम करेगी
- संयुक्त उद्यम बनाने की कोई योजना नहीं



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मलेशिया एयरलाइंस बेरहद के प्रबंध निदेशक इज़म बिन इस्माइल ने कहा है कि भारत उनके लिए एक बहुत ही खास और दिलचस्प बाज़ार है।

उन्होंने कहा कि विमानन कंपनी भारत को दुनिया से जोड़ने वाली एक प्रमुख सेवा प्रदाता के रूप में अपनी जगह बनाना चाहती है। इज़म बिन इस्माइल ने यह भी साफ किया कि उनकी कंपनी भारत में एक विदेशी एयरलाइन के रूप में ही काम करती रहेगी और किसी भी भारतीय कंपनी के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम बनाने की उनकी कोई योजना नहीं है। इज़म ने कहा कि भारत, मलेशिया एयरलाइंस के लिए सबसे ज्यादा कमाई करने वाला देश है। फिलहाल कंपनी भारत के 10 शहरों के लिए हर हफ़्ते 77 उड़ानें चलाती है, और जल्द ही इसे बढ़ाने की योजना है। भारत के बाद सबसे ज़्यादा कमाई ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन से होती है।

#### भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही

इजम ने बातचीत में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, यहां 1.4 अरब लोग हैं और करीब 100 हवाई अड्डे हैं। यहां का मध्य वर्ग भी बढ़ रहा है, जिसके पास खर्च करने के लिए पैसा है। इसलिए भारत हमारे लिए एक बेहद खास बाजार है।''

#### इंडिगो एक मजबूत सहयोगी

इज़म ने यह भी कहा, ''हम भारत की तेज़ी से हो रही आर्थिक तरक्की का हिस्सा बनना चाहते हैं। भले ही हम भारतीय कंपनी नहीं हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि भारत हमें दुनिया से जोड़ने वाली एक मुख्य एयरलाइन के तौर पर स्वीकार करे। उन्होंने कहा कि मलेशिया और भारत के बीच संबंध बहुत मज़बूत हैं, और मलेशिया एयरलाइंस इन दोनों देशों को जोड़ने का काम जारी रखेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडिगो उनकी एक मज़बूत सहयोगी है।

# आईसीआईसीआई बैंक में कर्मियों के नौकरी छोड़ने की दर सबसे कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- पिछले तीन वर्षों में सबसे कम कर्मियों ने इसी बैंक में नौकरी छोड़ी
- बैंक में कर्मचारी लंबे समय तक टिककर काम कर रहे हैं

पिछले तीन वित्त वर्षों में निजी क्षेत्र के बड़े बैंकों में आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारियों ने सबसे कम नौकरी छोड़ी है। यह दर्शाता है कि बैंक में कर्मचारी लंबे समय तक टिककर काम कर रहे हैं, जिसका एक प्रमुख कारण बेहतर वेतन और अच्छा कार्य माहौल माना जा रहा है।

पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान, उद्योग में सालाना आधार पर नौकरी छोड़ने की दर में निरंतर गिरावट देखी गई है। आईसीआईसीआई बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में नौकरी छोड़ने की दर 18 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 24.5 प्रतिशत से काफी कम है। वित्त वर्ष 2022-23 में यह दर 30.9 प्रतिशत थी। दूसरे बड़े बैंकों की बात करें तो, एचडीएफसी बैंक में यह दर वित्त वर्ष 2024- 25 में 22.6 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 26.9 प्रतिशत से कम है. वहीं, एक्सिस बैंक में यह 25.5 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक में 33.3 प्रतिशत रही। इंडसइंड बैंक में भी वित्त वर्ष 2024-25 में यह दर 29 प्रतिशत तक गिर गई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 37 प्रतिशत थी। एक बैंक के वरिष्ठ मानव संसाधन (एचआर) अधिकारी ने बताया कि नौकरी छोड़ने की दर कम होने के कई कारण हैं.।

#### नई नौकरियां अब थोड़ी कम हुई


इनमें से एक है कि बैंकिंग और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अब नई नौकरियों की संख्या थोड़ी कम हो गई है। अधिकारी ने कहा कि महामारी के बाद बैंकों में बहुत ज़्यादा भर्तियां हुई थीं, जिसकी वजह से बाद में नौकरी छोड़ने वालों की संख्या भी बहुत बढ़ गई थी।

# महंगाई के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ों, व्यापार से जुड़े घटनाक्रमों, कंपनियों के तिमाही नतीजों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजार के रुझान भी कारोबारी धारणा को प्रभावित करेंगे। शुक्रवार यानी 15 अगस्त को शेयर बाजार स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह सभी की निगाह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों, भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों से जुड़े घटनाक्रमों पर रहेगी। अब तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने वाला है। सप्ताह के दौरान अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, आईओसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल और अन्य कंपनियों के नतीजे आएंगे, जिससे शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 742.12 अंक या 0.92 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 202.05 अंक या 0.82 प्रतिशत नीचे आया।



- एफआईआई के रुख व व्यापार तनाव भी डालेगे बाजार पर असर
- कंपनियों के तिमाही नतीजों ने भी बाजार की चाल रोकी है

#### *12 अगस्त को अमेरिकी मुद्रास्फीति का आएगा आंकड़ा*

*मीणा ने कहा, ''भारत, अमेरिका और चीन इस सप्ताह महत्वपूर्ण आंकड़े जारी करेंगे। ऊंचे शुल्क की वजह से 12 अगस्त को आने वाला अमेरिका का मुद्रास्फीति का आंकड़ा काफी महत्व रखता है। भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़े भी उसी दिन जारी होंगे।''*

### भारत को विनिर्माण बनाने भूमि सुधार जरूरी: सीआईआई

**नई दिल्ली।** उद्योग निकाय सीआईआई ने रविवार को कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए देश भर में 3-5 प्रतिशत की एक समान स्टांप शुल्क दरों जैसे व्यापक भूमि सुधारों की जरूरत है। सीआईआई ने आम सहमति पर आधारित सुधारों के लिए जीएसटी परिषद जैसी संस्था के गठन पर जोर दिया। व्यापार युद्ध के चलते चुनौतियां हैं, लेकिन भारत का स्थिर नीतिगत ढांचा, मजबूत औद्योगिक क्षमताएं, बड़ा घरेलू बाजार और युवा कार्यबल इसे एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाता है।

### एआई एक्सप्रेस का घरेलू किराया 1279 रुपए से शुरू



**कोच्चि।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रविवार को भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 'फ्रीडम सेल' की घोषणा की है। इस सेल के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर लगभग 50 लाख सीटें उपलब्ध होंगी, जिनकी शुरुआती कीमत घरेलू उड़ानों के लिए 1,279 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,279 रुपये रखी गई है। एयरलाइन कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस सेल के तहत 19 अगस्त, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक की यात्रा के लिए बुकिंग 15 अगस्त तक खुली है। घरेलू उड़ानों के लिए किराया 1,279 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,279 रुपये से शुरू हो रहा है।

# ईवी के लिए सार्वजनिक चार्जिंग ढांचा जरूरी : मारुति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विकास इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अधिकारी ने कहा कि गाड़ी के पूरी तरह चार्ज होने के बाद तय की जाने वाली दूरी को लेकर ग्राहकों की चिंता के चलते घरेलू इस्तेमाल के लिए ईवी को स्वीकार करने में बाधा है। घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री लगभग दोगुनी हो गई है, लेकिन कुल मिलाकर यह संख्या अब भी बहुत कम है। पार्थो बनर्जी ने बातचीत में कहा, ''ईवी का कुल योगदान 4.5 प्रतिशत (कुल यात्री वाहनों की बिक्री में) है।

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**

कार्यालय पता - तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर दूरभाष 0761 (2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक/914/निविदा/ग्रायांसेवा/2025 — **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/2025-26** — जबलपुर, दिनांक -05/8/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 6 में अंकित पी. ए. सी. की राशि रुपये 1.00 करोड से अधिक होने पर तीन लिफाफा पद्धति एवं पी. ए. सी. की राशि रुपये 1.00 करोड़ से कम होने पर दो लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा लागू निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।(निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियॉ ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नही की जायेगी ।) विवरण निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (राशि रुपए में) | अमानत राशि (राशि रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | नरसिंहपुर | 2025_RES _442258_1 | जनपद पंचायत भवन निर्माण 02 नग : 1. करेली, 2. चावरपाठा | करेली/ चावरपाठा | 76033950.00 | 760400.00 | 20000.00 | 365 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 2 | नरसिंहपुर | 2025_RES _442260_1 | जनपद पंचायत भवन निर्माण 02 नग : 1. नरसिंहपुर 2. गोटेगांव | नरसिंहपुर/ गोटेगांव | 76033950.00 | 760400.00 | 20000.00 | 365 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 3 | नरसिंहपुर | 2025_RES _442262_1 | घाट एवं सौन्दर्यीकरण कार्य महादेव पिपरिया | नरसिंहपुर | 44480911.00 | 445000.00 | 15000.00 | 365 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 4 | नरसिंहपुर | 2025_RES _442263_1 | अटल ट्रिकरिंग लैब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण- 1. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कन्या एम. एल बी. नरसिंहपुर 2. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल खमरिया (झाँसीघाट) | नरसिंहपुर/ गोटेगांव | 2643806.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 5 | नरसिंहपुर | 2025_RES _442264_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण-1. शासकीय नवीन माध्यमिक शाला खैरूआ 2. शासकीय प्राथमिक शाला खिरका टोला साईखेड़ा 3. शासकीय हाईस्कूल पिपरिया कलां के कम्प्यूटर लैब हेतु 4. शासकीय हाईस्कूल भटेरा में कम्प्यूटर लैब हेतु 5. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल बालक (बी. टी. आई) गाडरवारा अटल ट्रिकरिंग लैब हेतु | चीचली/ सांईखेड़ा | 6620438.00 | 66300.00 | 10000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |

नोट स.क्रं. 1 एवं 2 हेतु ठेकेदार को सिविल श्रेणी / विद्युत कार्य हेतु म. प्र. लाईसेन्स बोर्ड का "ए" क्लास में पंजीकृत होना अनिवार्य है ।

निविदा संबंधी तिथिया (Key Dates) :-
1 Date of Publishing of Tender/ Document Download/Sale Start Date 13.08.2025 (11:00AM)
2 Technical Bid Submision End Date 27.08.2025 (06:00PM)
3 Bid Opening Date 29.08.2025 (11:00AM)

**अधीक्षण यंत्री,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**जबलपुर मण्डल जबलपुर**

G-17018/25

## बैंक को एनपीए का 40 से 50 फीसदी वसूल होने की उम्मीद

# पीएनबी 5,000 करोड़ रुपए के एनपीए एआरसी बेचेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने चालू वित्त वर्ष के दौरान परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को बेचने के लिए लगभग 100 गैर-निष्पादित आस्ति (एनपीए) खातों की पहचान की है। पीएनबी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने साक्षात्कार में बताया, ''हमने 100 से ज्यादा खातों की पहचान की है... इनका कुल आकार लगभग 4-5 हजार करोड़ रुपये होगा। यह बकाया खाता (एआरसी को बिक्री के लिए) है।''

#### चालू वित्त वर्ष में अच्छी वसूली होगी

इस बिक्री से बैंक को मिलने वाली राशि के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ''हमें कम से कम 40-50 प्रतिशत वसूली की उम्मीद है। इसके जरिये भी हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में अच्छी वसूली होगी। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि कुछ खातों में 100 प्रतिशत वसूली हो जाए, क्योंकि अब अच्छी सुरक्षा है, लेकिन कुछ मामलों में यह कम हो सकती है।

### बैंक को कुछ खातों में 100 प्रतिशत वसूली की आशा

#### लक्ष्य छूने रणनीति तैयार

चंद्रा ने आगे कहा, ''हमारा अनुमान है कि औसत वसूली न्यूनतम 40-50 प्रतिशत होनी चाहिए।'' उन्होंने यह भी कहा कि बैंक ने चालू वित्त वर्ष के अंत तक 30 लाख करोड़ रुपये के कुल कारोबार के लक्ष्य को छूने के लिए सही रणनीति तैयार की है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में पीएनबी का कुल कारोबार 11.6 प्रतिशत बढ़कर 27.19 करोड़ रुपये हो गया।



#### बैंक को पहली तिमाही में ज्यादा परिचालन लाभ मिला

हम इस बात का पूरा ध्यान रख रहे हैं कि हम जो भी राजस्व अर्जित करने जा रहे हैं, उससे बैंक का लाभ बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएनबी परिचालन लाभ को लेकर बहुत सचेत है और पहली तिमाही में ही बैंक ने 7,081 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे ज्यादा परिचालन लाभ दर्ज किया है।

चिंतन

# बदले माहौल में आर्थिक सुधार में तेजी लाए भारत

भारत को आर्थिक सुधार के अगले चरण में तेजी से प्रवेश करना चाहिए। बदले वैश्विक माहौल में जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में आयात करने वाले देशों में मनमाना टैरिफ आयद कर रहे हैं, जिसमें भारत पर 50 से 100 फीसदी अनुचित टैरिफ की तलवार लटक रही है, वहां भारत अपनी आर्थिकी में बदलाव करके ही विपरीत व्यापार परिस्थिति का सामना कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनोमी कहकर तंज का जवाब यह कह कर दिया है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और वह दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, यह गति 'सुधार, प्रदर्शन एवं परिवर्तन' की भावना से हासिल की गई है। आज, मेट्रो रेल नेटवर्क 24 शहरों में 1,000 किलोमीटर से अधिक तक फैला हुआ है, जिससे भारत विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत विश्व में सबसे अधिक जीडीपी दर से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है, लेकिन करीब साढ़े छह से सात फीसदी जीडीपी दर भारत के टॉप थ्री अर्थव्यवस्था से लेकर विकसित भारत बनने के लिए काफी नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। फौरी तौर पर तो अमेरिकी टैरिफ से निपटने की है, जिसमें भारत को अपने निर्यात के लिए नए वैश्विक बाजार तलाशने होंगे। अमेरिकी दबाव को दरकिनार करते हुए रूस के साथ अपने ट्रेड व सामरिक संबंध मजबूत करने होंगे। चीन के साथ रिश्ते सामान्य करने होंगे। भारत पाकिस्तान के साथ संबंधों को सामान्य कर चीन को आसानी से साध सकता है। ब्राजील जैसे अवसर का लाभ उठाना होगा। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता को जल्द अंतिम रूप देना होगा। यूरोप के साथ ट्रेड बढ़ाने होंगे। ब्रिक्स, आसियान, मध्य पूर्व, अफ्रीकी संघ जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग अपने ट्रेड को विस्तार देने के लिए करना होगा। विश्व में ट्रंप के टैरिफ वार के चलते जो स्थिति उत्पन्न हुई है, उसमें भारत के लिए नए ट्रेड व सामरिक अवसर की गूंज है। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत घरेलू खपत है, इसलिए इसे बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। इसके लिए सार्वजनिक निवेश के साथ निजी निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। निजी क्षेत्र व विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भूमि व श्रम सुधार में तेजी लाने की आवश्यकता है। भारत डिजिटल क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है, लेकिन अभी वह कंज्यूमर ज्यादा है, सेवा प्रदाता कम है। इस क्षेत्र में इस स्थिति को बदलने की जरूरत है। इसके लिए सरकार को बड़ा निवेश करना चाहिए, केवल हाईवे से बात नहीं बनेगी, ईवे व डिजिटेकवे भी बनाने की जरूरत है। भारत की ताकत कृषि व संबंधित क्षेत्र भी है, इसलिए इन पर ध्यान देने की जरूरत है। ब्राजील, यूरोप, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत अपने कृषि क्षेत्र में नवाचार व नए शोध को बढ़ावा दे सकता है। भारत के लिए आर्थिक क्षेत्र में केवल विनिर्माण पर ही केंद्रित रहने की आवश्यकता नहीं है, भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत सेवा क्षेत्र व सॉफ्टवेयर है। इसलिए भारत को अपनी ताकत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल जैसे आइडियाज अच्छे हैं, आर्थिक राष्ट्रवाद के लिए ये जरूरी हैं, लेकिन अपनी प्राथमिकताएं तय करने के साथ आर्थिक सुधार में तेजी लाए बिना भारत अपने आर्थिक लक्ष्य हासिल नहीं कर सकेगा। सामरिक व आर्थिक ताकत बनने के लिए भारत को जमीनी धरातल पर तेजी से काम करना होगा।



एसआईआर

राज कुमार सिंह

# मतदाता सूची जांच में पारदर्शिता रहे

**चुनाव आयोग ने देशभर में एसआईआर करने का फैसला किया है तो पुनरीक्षण के बाद बिहार में मतदाताओं की संख्या में आयी कमी ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। बिहार में मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 89 लाख थी, लेकिन एसआईआर के लिए भरवाये गये गणना फॉर्म की जांच के बाद एक अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची में यह संख्या घट कर सात करोड़ 24 लाख रह गयी है। एसआईआर को सरकार के दबाव में बिहार में लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की चुनाव आयोग की साजिश बता रहा विपक्ष इस आंकड़े का अपने आरोप की पुष्टि के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। न्यायालय, एसआईआर में दखल देने की बात भी कह चुका है।**

बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विवाद थमता नहीं दिखता। बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में हंगामे के अलावा संसद सत्र में भी सदन के अंदर और बाहर यह बड़ा मुद्दा बना हुआ है। एक ओर चुनाव आयोग ने देशभर में एसआईआर करने का फैसला किया है तो पुनरीक्षण के बाद बिहार में मतदाताओं की संख्या में आयी कमी ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। बिहार में मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 89 लाख थी, लेकिन एसआईआर के लिए भरवाये गये गणना फॉर्म की जांच के बाद एक अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची में यह संख्या घट कर सात करोड़ 24 लाख रह गयी है। 65 लाख 63 हजार 75 मतदाताओं के नाम कट गये हैं। यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। सबसे ज्यादा तीन लाख 95 हजार नाम पटना जिले से हटाये गये हैं। उसके बाद मुधबनी, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज का नंबर आता है। एसआईआर में लगभग आठ प्रतिशत मतदाताओं के नाम कटने से चुनाव प्रक्रिया पर ही गंभीर सवाल उठ खड़े होते हैं। एसआईआर को सरकार के दबाव में बिहार में लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की चुनाव आयोग की साजिश बता रहा विपक्ष इस आंकड़े का अपने आरोप की पुष्टि के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। बेशक अरसे से विपक्षी आरोपों के कठघरे में खड़ा आयोग इतनी बड़ी संख्या में नाम कटने के कारण भी बता रहा है। आयोग के मुताबिक 22 लाख 34 हजार मतदाताओं के नाम उनकी मृत्यु हो जाने के चलते हटाये गये हैं, जबकि 36 लाख 28 हजार मतदाताओं ने पता बदल लिया है। इनके अलावा सात लाख एक हजार मतदाताओं के नाम डुप्लीकेट या अन्य गड़बड़ियों के कारण हटाये गये हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों के हवाले से खबरें आयी थीं कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश, म्यांमार और नेपाल के नागरिक भी बिहार में मतदाता बन गये हैं, पर उसका कोई आंकड़ा आयोग ने एक अगस्त को मतदाता सूची प्रकाशित करते हुए नहीं दिया है। बिहार उन राज्यों में अग्रणी है, जहां से बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में पलायन करते हैं।

माना जाता है कि उनमें से ज्यादातर मतदान के लिए आते भी हैं। ऐसे में पता बदल जाने के चलते कटे नामों पर विवाद स्वाभाविक है, क्योंकि गणना फॉर्म भरने के लिए मिला एक माह का समय प्रवासियों तथा बाढ़ प्रभावितों के लिए पर्याप्त नहीं माना जा सकता। जो लोग जीवन यापन के लिए पलायन को मजबूर हैं, उनसे यह अपेक्षा व्यवहारिक नहीं कि वे अपना काम-धंधा छोड़ कर गणना फॉर्म जमा करने के लिए दौड़े चले आयेंगे, और वह भी तब, जब साथ मांगे गये दस्तावेज जुटाना ही बड़ा चुनौतीपूर्ण काम हो। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद अब चुनाव आयोग के समक्ष आधार और वोटर कार्ड को दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने से बचने का रास्ता बंद हो गया है। आधार और वोटर कार्ड की विश्वसनीयता को संदिग्ध मानने वाले आयोग ने अगर सर्वोच्च न्यायालय की सलाह पर ही उन्हें गणना फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया में स्वीकार कर लिया होता तो शायद इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम नहीं कटते। बेशक जिन मतदाताओं के नाम प्रकाशित सूची में




नहीं हैं, वे आवश्यक दस्तावेज देकर एक सितंबर तक नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वास्तविक मतदाता संख्या तो उस प्रक्रिया के बाद ही पता चलेगी, लेकिन फिलहाल प्रकाशित सूची को ही आधार मान लें तो इस सवाल का जवाब मिलना चाहिए कि अगर इतनी बड़ी संख्या में अवैध मतदाता बिहार में थे, तो उनके मतदान वाले चुनाव वैध कैसे माने जायें? बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण पिछली बार 2003 में हुआ था। हर चुनाव में संख्या अलग-अलग हो सकती है, पर यह संकेत तो साफ है कि अवैध मतदाता भी मतदान करते रहे। ऐसे में ये सवाल अनुत्तरित हैं : एक, उन चुनावों और उनके जरिये बनी सरकारों को वैध कैसे माना जाये? दूसरा, अपात्र लोग, मतदाता बन कैसे गये? मतदाता बनने की निर्धारित प्रक्रिया है। बेशक काम करने वाले कर्मचारी राज्य सरकार के होते हैं, पर वे काम चुनाव आयोग की निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही करते हैं। तब क्या उन कर्मचारियों के विरुद्ध और प्रक्रिया में शामिल रहे राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स के विरुद्ध भी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए? दिलचस्प यह भी कि 2005 के बाद से, जीतन राम मांझी के अपवाद के अलावा, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री रहे हैं और राजद के साथ दो उनके अल्पकालीन गठबंधन के अलावा भाजपा ही उनकी जोड़ीदार रही है। बेशक 2014 तक केंद्र में कांग्रेसनीत संप्रग सरकार रही। मतदाता बनाने और सूचियों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर उठते ये सवाल ज्यादा गंभीर इसलिए भी हैं कि ये गड़बड़ियां सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं हो सकतीं। केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ दलों से परे देखें तो स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव, आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है, जो स्वयं एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव प्रक्रिया को लोकतंत्र की प्राण वायु माना जाता है। हर पात्र मतदाता को मताधिकार देना आयोग का संवैधानिक दायित्व है। एक भी वैध मतदाता का मताधिकार से वंचित होना चुनाव की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर ही सवालिया निशान होगा। बेशक अवैध मतदाताओं को मताधिकार भी चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को भंग करेगा और दोनों ही स्थितियों के लिए जिम्मेदारी-जवाबदेही चुनाव आयोग की होगी।


भारतीय चुनाव आयोग की कभी दुनिया में धाक रही है। दूसरे देश अपने चुनावकर्मियों को प्रशिक्षण के लिए भारत भेजते रहे हैं। उसी आयोग पर देश में उठते गंभीर सवाल आत्मविश्लेषण का तकाजा भी हैं। अगर बिहार की मतदाता सूची में इतनी गड़बड़ है और अन्य राज्यों में एसआईआर से भी वैसी ही तस्वीर उभर सकती है, तब सवाल यह भी कि इसी साल जनवरी में समरी रिवीजन में क्या किया गया था? एसआईआर तभी कराया जाना चाहिए था। चुनाव आयोग ने अधिसूचना में लिखा कि एक जनवरी, 2003 से पहले जिनके नाम मतदाता सूची में थे, उन्हें भारत का नागरिक माना जाएगा यानि उसके बाद के मतदाता भारत के नागरिक नहीं माने जाएंगे, उन्हें नागरिकता साबित करनी पड़ेगी। बेशक जन प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा 16 किसी गैर-नागरिक को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के अयोग्य घोषित करती है, लेकिन नागरिकता निर्धारण चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। ऐसे में मतदाता सूची से जुड़े जटिल और संवेदनशील सवालों के समग्र रूप में जवाब खोजे जाने चाहिए, क्योंकि बिहार के बाद अन्य राज्यों में भी यह विवाद तूल पकड़ेगा ही। एसआईआर पर रोक से इनकार करते हुए भी सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में नाम कटे मतदाताओं का ब्यौरा मांग ही लिया है। बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटने पर न्यायालय, एसआईआर में दखल देने की बात भी कह चुका है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण

मुनीष भाटिया



# ट्रंप टैरिफ गेम : व्यापार नहीं, दबाव की रणनीति!

भारत और अमेरिका दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियाँ हैं। दोनों देशों के बीच दशकों से राजनीतिक, सैन्य और रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। लेकिन व्यापार के क्षेत्र में यह संबंध हमेशा सरल नहीं रहा। अमेरिका की टैरिफ नीति, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में, इन रिश्तों में तनाव लाने वाली रही है। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत के कुछ उत्पादों पर 50% तक टैरिफ बढ़ाना इस तनाव को फिर से सतह पर ले आया है। डोनाल्ड ट्रम्प जब राष्ट्रपति बने, तो उन्होंने 'अमेरिका फर्स्ट' नीति को आगे बढ़ाया। इसका सीधा असर वैश्विक व्यापार पर पड़ा। ट्रम्प का मानना था कि अमेरिका का व्यापार घाटा बढ़ रहा है, क्योंकि अन्य देश अमेरिकी उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाकर अपने उद्योगों को फायदा पहुंचा रहे हैं। उन्होंने चीन, यूरोप, कनाडा और भारत जैसे देशों पर आयात शुल्क बढ़ाए। भारत के मामले में ट्रम्प ने विशेष रूप से शिकायत की थी कि भारतीय टैरिफ अमेरिका के लिए "अस्वीकार्य" हैं। 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर भारत से आयात किए जाने वाले कुछ प्रमुख उत्पादों पर टैरिफ 50% तक बढ़ा दिया है। यह निर्णय ऐसे समय आया है जब भारत रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता कच्चा तेल खरीद रहा है, वह भी तब, जब अमेरिका और यूरोप रूस पर कड़े प्रतिबंध लागू कर रहे हैं। अमेरिका को यह रुख पसंद नहीं आया है। उसे लगता है कि भारत, एक ओर उसका रणनीतिक साझेदार है, लेकिन दूसरी ओर रूस जैसे विरोधी देश से तेल खरीदकर उसकी नीतियों को कमजोर कर रहा है। यह टैरिफ बढ़ोतरी कहीं न कहीं एक अप्रत्यक्ष दबाव की रणनीति के रूप में देखी जा रही है। यह सवाल भी उठ रहा है कि अमेरिका भारत पर तो टैरिफ बढ़ा रहा है, लेकिन चीन जैसे देश, जिससे अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, उस पर वैसी सख्ती क्यों नहीं कर रहा? ब्रिक्स समूह के अन्य सदस्य जैसे ब्राज़ील ने अमेरिका की इस नीति पर कड़ा विरोध जताया है और जवाबी टैरिफ भी लगाए हैं। भारत ने अब तक संयम बरता है। उसने न प्रतिक्रिया में टैरिफ बढ़ाए हैं, न ही कोई कड़ा बयान दिया है। भारत की विदेश नीति संवाद और संतुलन पर आधारित है, टकराव पर नहीं। भारत जानता है कि ट्रेड वॉर किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं होता। अगर भारत भी जवाबी टैरिफ लगाए, तो अमेरिका में भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है, जिससे निर्यात और रोज़गार प्रभावित होगा। अब भारत के सामने दोहरी चुनौती है, एक तरफ घरेलू उद्योगों को संरक्षण देना और दूसरी तरफ अमेरिका जैसे बड़े बाजारों में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखना। 50% टैरिफ बढ़ने से भारत के टेक्सटाइल, कृषि, इंजीनियरिंग और चमड़ा उद्योग सबसे ज़्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इसका हल यही है कि भारत अपने उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाए। कम लागत, बेहतर डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी का उपयोग कर, भारत को अपने उत्पाद ऐसे बनाने होंगे जो किसी भी टैरिफ के बावजूद विश्व बाज़ार में टिक सकें। भारत को अमेरिका को यह स्पष्ट रूप से समझाना होगा कि उसकी टैरिफ नीति अमेरिका को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि अपने छोटे व्यवसायों और किसानों की रक्षा के लिए है। रूस से तेल खरीद पर विवाद के बावजूद, अमेरिका और भारत के बीच ऊर्जा सहयोग बढ़ सकता है। भारत अमेरिका से एलएनजी और कच्चा तेल भी आयात करता है, जो एक संतुलन बना सकता है। इसके अलावा, भारत अमेरिका से हथियार, फाइटर जेट्स, ड्रोन, और रडार सिस्टम जैसे रक्षा उपकरण भी खरीदता है। अगर दोनों देश ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाते हैं, तो टैरिफ जैसे मुद्दे एक सीमित दायरे में रह सकते हैं। भारत की विदेश नीति की खूबी यह है कि वह न अमेरिका से टकराव करती है, न चीन के दबाव में झुकती है। वह अपने हितों को संतुलित रखते हुए वैश्विक मंच पर जिम्मेदारी से व्यवहार करता है। रूस से तेल खरीद इसी नीति का उदाहरण है। भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है, लेकिन साथ ही अमेरिका और पश्चिम के साथ रणनीतिक रिश्ते भी बनाए रखता है। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ बढ़ाना निश्चित रूप से चिंता का विषय है। लेकिन भारत को इसका जवाब जल्दबाज़ी या टकराव में नहीं देना चाहिए। संतुलन, समझदारी और कूटनीतिक संवाद ही ऐसे समय में सबसे असरदार हथियार हैं। भारत को अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ानी होगी, घरेलू उद्योगों को मजबूत करना होगा, और वैश्विक बाजारों के लिए अपने निर्यात को तैयार करना होगा। यदि दोनों देश मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो इससे न सिर्फ उनके संबंध और मजबूत होंगे, बल्कि यह पूरी दुनिया को स्थिरता, सहयोग और साझा समृद्धि का संदेश भी देंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण




संकलित

दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## तुलसीदास द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा- आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहां सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

सटाका




आज की पाती

### प्राकृतिक आपदा का जिम्मेदार कौन

आजकल बादल फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्राकृतिक आपदा के लिए मुख्य रूप से मानव को ही जिम्मेदार माना जा सकता है। दिन प्रतिदिन वाहनों द्वारा बढ़ता प्रदूषण पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। दूसरी तरफ वनों की अंधाधुंध कटाई भी इसका मुख्य कारण है। वन मुख्य रूप से बाढ़ का बचाव करते हैं और हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं, जिससे वातावरण में संतुलन बना रहता है। अब समय आ गया है कि लोग अपने निर्माण कार्यों को सोच समझ कर करें। शहरीकरण के कारण नदी नाले सिकुड़ने की कगार पर आ पहुंचे है। प्रकृति से छेड़ख़ानी हमारे लिए घातक होती जा रही है। आज लोगों को जागरूक होने की जरूरत है कि वे अपने निर्माण कार्य कैसे और कहां कर रहे हैं।

*– प्रतीक वर्मा, महासमुंद*

करंट अफेयर

## नेपाल 100 चोटियों पर चढ़ाई के लिए नहीं लेगा कोई शुल्क

नेपाल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने सुदूर पश्चिमी क्षेत्र की लगभग 100 चोटियों पर चढ़ाई के लिए शुल्क नहीं लेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हिमालयी राष्ट्र ऐसे क्षेत्रों में पर्वतारोहियों को आकर्षित करना चाहता है, जहां सैलानी कम जाते हैं। इसके मद्देनजर सरकार ने अगले दो वर्षों के लिए करनाली और सुदूरपश्चिम प्रांतों की 97 चोटियों के लिए रॉयल्टी (शुल्क) माफ कर दी है। इन चोटियों की ऊंचाई 5,870 मीटर से लेकर 7,132 मीटर तक की है और सरकार के कदम से सीमित आर्थिक गतिविधि वाले क्षेत्रों में पर्यटकों को आकर्षित होने की उम्मीद है। पर्यटन विभाग के निदेशक हिमाल गौतम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इसका उद्देश्य दूरदराज के इलाकों में ज़्यादा पर्यटकों को लाना, रोज़गार पैदा करना और स्थानीय समुदायों के लिए आय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से नेपाल के ऐसे पर्वतीय स्थलों को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी जहां पर्वतारोही कम जाते हैं। सरकार ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि माउंट एवरेस्ट को फतह करने का प्रयास करने वाले पर्वतारोहियों के लिए पहले कम से कम 7,000 मीटर ऊंची एक चोटी पर चढ़ना अनिवार्य कर दिया जाए। यह प्रस्ताव पर्यटन अधिनियम में संशोधन का हिस्सा है।



ऑफ बीट

## भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी




आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

X ट्रेंड

### स्वदेशी के लिए जन जागरण



हम स्वदेशी के लिए जन जागरण का आंदोलन चलाएं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि स्वदेशी अपनाएंगे। स्कूल में विद्यार्थी और खेत में किसान स्वदेशी का संकल्प ले। गणेश उत्सव मनाएं तो स्वदेशी के संकल्प के साथ। दुर्गा मैया का पंडाल सजाएं तो स्वदेशी के संकल्प के साथ।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### एंटी ड्रोन सिस्टम



पंजाब में ज्यादातर नशा पाकिस्तान से ड्रोन के ज़रिए आता है। अब अगर कोई भी ड्रोन सरहद पार से आएगा तो हमारा एंटी ड्रोन सिस्टम उसे पकड़कर वहीं गिरा देगा। ये सिस्टम पंजाब में नशे को घुसने नहीं देगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली


### जयंती पर श्रद्धांजलि



भारत के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न से सम्मानित वी.वी. गिरि को उनकी जयंती पर हमारी श्रद्धांजलि। उन्होंने तीन राज्यों के राज्यपाल और मद्रास के श्रम मंत्री के रूप में कार्य किया, जहाँ उन्होंने 'गिरि दृष्टिकोण' की शुरुआत की।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### आर्थिक आज़ादी



प्रधानमंत्री मोदी की डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर प्रतिक्रिया आज़ादी की घोषणा से कम नहीं है। भारत की आर्थिक आज़ादी। हर नेता अपने देश के लिए सबसे अच्छा करता है। ठीक वैसे ही जैसे राष्ट्रपति ट्रम्प अमेरिका के लिए कर रहे हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रानीतालाब बसोर बस्ती का मामला

# शराब के नशे में तबाह हुई रक्षाबंधन की रात, दो पक्षों में खूनी संघर्ष शराब एवं बियर की खाली बाटलों से किया हमला



रीवा।

शहर के रानी तालाब इलाके में शनिवार रात शराबखोरी के दौरान हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। रक्षाबंधन त्यौहार के चलते जहां सभी भाई-बहन और परिवार के साथ मनाने में लगे हुए थे वहीं शाम के समय सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रानीतालाब स्थित बसोर बस्ती में दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। मोहल्ले के अंदर हुये इस भीषण संघर्ष में दोनों पक्ष से जमकर पत्थर एवं शराब की खाली बोतल और बियर की बाटलें एक-दूसरे पर बरसाई गई। बवाल की सूचना मिलते ही कोतवाली सीएसपी राजीव पाठक समेत तीन थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा है। जिन्होंने मोहल्ले के अंदर अराजक तत्वों को खदेड़ते हुए मामले को शांत कराया है। भारी पुलिस बल मोहल्ले की निगरानी में लगा हुआ है। इस मामले में घायल हुये करीब आधा दर्जन लोगों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरे मोहल्ले में लॉ एण्ड आर्डर की स्थिति निर्मित है। पुलिस छावनी में तब्दील मोहल्ले में तनाव की स्थिति निर्मित बताई जा रही है।

फिलहाल पुलिस ने समय रहते मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रानी तालाब स्थित बसोर बस्ती में रहने वाले कुचबधिया एवं बंसल समाज के नशेड़ी अराजक तत्वों के बीच शनिवार की शाम विवाद हो गया। बताते हैं कि इस विवाद के बाद एक पक्ष अपनी शिकायत लेकर सिटी कोतवाली थाने पहुंचा था जिसकी जानकारी दूसरे पक्ष को लग गई और इसी बात को लेकर मोहल्ले में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। दोनों पक्ष से ईट के पत्थर, शराब की बोतल एवं बियर की बोतल एक दूसरे पर बरसाना शुरू कर दिये। कुछ देर बाद विवाद की सूचना पुलिस को मिली। तत्काल ही कोतवाली सीएसपी राजीव पाठक समेत कोतवाली प्रभारी श्रृंगेश सिंह राजपूत, समान थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल एवं बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय अपने-अपने थानों का भारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। उस वक्त दोनों पक्षों के बीच पत्थर एवं बोतलों की बौछार चल रही थी जिसका पुलिस को भी सामना करना पड़ गया।



पुलिस बल ने नशेड़ी अराजक तत्वों को खदेडन्ना शुरू किया। कुछ देर में ही स्थिति नियंत्रण में रही। पुलिस को लाठी भांजता देख नशेड़ी और दोनों पक्ष के अराजक तत्व भागते नजर आए। पूरे मोहल्ले के गलियारों में पत्थर और बोतलों के टुकड़े पटे हुए थे, जिसे देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों पक्ष से एक-दूसरे पर भीषण हमला किया गया है। घटना के बाद हमले में घायल लोगों को संजय गांधी अस्पताल लाया गया। विवाद की वजह शराबखोरी बताई जा रही है। बॉक्स शराब के नशे में बदला मोहल्ला रणभूमि में, पत्थरों और बोतलों से हुआ हमलाघटना के बाद पूरे मोहले की सड़क पर पत्थर और शराब की बोतल पड़ी हुई थी जो यहां हुए विवाद की कहानी बयां कर रही थी। पत्थर लगने से कई लोग घायल हुए हैं। हालत यह थी कि पूरी सड़क में शराब की टूटी हुई बोतले पड़ी हुई थी। जिसके हाथ जो लगा वहीं दूसरे पर फेंक कर हमला कर रहा था। घटना के बाद मोहले का नजारा होश उड़ा देने वाला था।इनका कहना है..रानीतालाब के पास दो पक्षों के बीच विवादहुआ था, जिसमें दोनों पक्ष से पत्थर और बोतलें फेकी जा रही थी। सूचना के बाद तीन थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाया है। विवाद को लेकर एक पक्ष कोतवाली थाने शिकायत करने पहुंचा था। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने शराब के नशे में मोहल्ले में आपस में मारपीट शुरू कर दिया। पुलिस बल मौके पर पहुंचा है और स्थिति को नियंत्रण किया है। जो लोग घायल हुए थे उनको उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है. अहतियात के तौर पर पुलिस बल मोहल्ले में तैनात है। **राजीव पाठक, सीएसपी रीवा**

## गौवंश की पीट-पीटकर हत्या का आरोप, गुढ़ थाना क्षेत्र के दुआरी गांव की घटना

रीवा। जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत दुआरी गांव के बीते दिन एक युवक ने गाय की पीट पीटकर हत्या कर दी। आरोप है कि युवक गाय को तब तक पीटता रहा जब तक उसने दम नहीं तोडा। आरोपी नें इस घटना को गांव के बीचों बीच ग्रामीणों की भीड के सामने अंजाम दिया है। बताया गया कि ग्रामीणों ने उसे रोकने का भी प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना और गर्भवती गाय की जान ले ली। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम दुआरी के टंकी टोला यादव बस्ती के पास गाँव के मुख्य मार्ग में एक युवक ने शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे एक गर्भवती गाय को पीट.पीटकर मार डाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विष्णु लोनिया नामक युवक ने गाय को इतना पीटा कि गाय जमीन पर गिर गई और मुँह से झाग निकलने लगा इसके बावजूद भी उस बेरहम ने दम नहीं लिया और गाय को तब तक पीटा जब तक गाय की सांस नही टूट गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने इसकी सूचना गुढ़ पुलिस डायल हन्ड्रेड को दी थी। बताया गया कि उक्त गांव दुआरी निवासी श्याम चरण पटेल की थी जो खेत में चली गई थी जिससे नाराज होकर युवक ने उसकी पीटपीटकर जान ले ली।

# मिढासन नदी बरोंहा घाट पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिली 22 वर्षीय युवक की लाश

एक दिन पूर्व से लापता था युवक



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गड़ोखर ग्राम के पास मिढासन नदी के बरोंहा घाट में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की लाश मिली है। घटना की जानकारी दोपहर जैसे ही लोगों को लगी तो तुरंत रविवार की दोपहर 12 बजे गड़ोखर ग्राम के समाजसेवियों द्वारा अमानगंज पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। युवक का नाम संत कुमार अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी एक दिन पूर्व शनिवार से भैंस चराने के लिए गया था। मगर घर नहीं आया तो परिवार के लोगों ने मामले में अमानगंज थाना में गुमसुदगी दर्ज कराई थी। अब युवक की लाश मिली है जिससे क्षेत्र में नाना प्रकार की चर्चाओं का दौर गर्म हो गया है।

## पुलिस की कार्यवाही अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।अभियान के अंतर्गत 9 अगस्त 2025 को गोहपारू में पुलिस टीम ने छापेमारी कर 6 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की। पुलिस के अनुसार यह शराब बिक्री के उद्देश्य से आरोपियों के पास रखी गई थी। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 600 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान के दौरान ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी

# फर्नीचर व्यापारी के घर फायरिंग के चार आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने फर्नीचर व्यापारी के घर फायरिंग के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये गिरफ्तारी देवास से की गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह मामला 3अगस्त का है,जब चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित सिंधी कैंप में फर्नीचर व्यापारी भागवत प्रसाद गुप्ता के घर पर पांच नकाबपोश बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी थी। बदमाशों ने घर के बरामदे में दो राउंड फायर किए और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर कोलगवां थाना पुलिस,थाना प्रभारी और सीएसपी सतना मौके पर पहुंचे। जांच में बरामदे से 3 खाली खोखे, 1 बुलेट और रोशनदान के रास्ते किचन से 2 बुलेट बरामद हुए थे। फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कोलगवां थाने में अपराध क्रमांक 948/25 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में गठित टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने 6 अगस्त,2025 को मुख्य आरोपी सहित तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। उनसे पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की तलाश में इंदौर और भोपाल भेजी गईं। इंदौर और भोपाल की क्राइम ब्रांच और सतना साइबर सेल की मदद से पुलिस



ने चार फरार आरोपियों को देवास से हिरासत में लिया। पूछताछ में सभी ने फायरिंग की घटना को स्वीकार किया।पुलिस ने उनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई 32बोर की पिस्टल,एक अतिरिक्त मैगजीन,तीन जिंदा कारतूस,दो नंबर प्लेट और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम हैंः मोनू सोलंकी 22 वर्ष,दिव्यांश सुरोशे 20 वर्ष,आयुष राय उर्फ राव साहब 21 वर्ष,और हनी भावसार 20 वर्ष।ये सभी इंदौर और देवास के रहने वाले हैं। इस कार्रवाई में निरीक्षक सुदीप सोनी,सउनि उमेश पाण्डेय,सउनि दिनेश नाहर,प्र.आर. बृजेश सिंह,प्र.आर.अरुण करोसिया, प्र.आर.कमलाकर सिंह,प्र.आर.वाजिद खान,आरक्षक कृष्णरंजन सिंह,आरक्षक सतेन्द्र यादव,आरक्षक शिवम शुक्ला,आरक्षक शिवेन्द्र सिंह,आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह,आरक्षक राहुल साहू,आरक्षक अंकेश मरमट,साइबर सेल सतना के उनि अजीत सिंह,सउनि दीपेश कुमार,क्राइम ब्रांच भोपाल और इंदौर की टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## असहायों के मसीहा बने संजय शुक्ला उर्फ बबलू पंडा

# अब तक कर चुके हैं करीब 1000 अंतिम संस्कार

**क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता संजय शुक्ला उर्फ बबलू पंडा ने मानव सेवा की एक मिसाल पेश की है। किसी भी अंतिम संस्कार में इनकी महती भूमिका सहज ही देखी जा सकती है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।



आज के समय में सन्तानतनी प्रारूप में अंतिम संस्कार कर पाना काफी महंगा होता जा रहा है, लेकिन बबलू पंडा असहाय, गरीब एवं लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार पूरी श्रद्धा के साथ मुफ्त में करते हैं। जो लोग सक्षम होते हैं, वे दी गई राशि लौटा देते हैं, लेकिन शेष खर्च का वहन बबलू पंडा स्वयं करते हैं। अब तक बबलू पंडा लगभग 1000 अंतिम संस्कार कर चुके हैं। उनका यह निःस्वार्थ सेवा कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत उदाहरण है।

# महिला अधिवक्ता ने ट्रेन के टीटी पर लगाए छेड़छाड़ और अभद्रता के आरोप

## पुलिस पर एफआईआर न दर्ज करने का इल्जाम, कानूनी कार्रवाई की मांग

छतरपुर।

शहर के महाराजा छत्रसाल रेलवे स्टेशन पर एक महिला अधिवक्ता के साथ टीटी द्वारा छेड़छाड़, गाली-गलौज और शारीरिक अभद्रता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में शिकायत की, लेकिन प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज न होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के मुताबिक उसने रेलवे अधिकारियों को भी शिकायत की, लेकिन उल्टा उनके और उनके पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। टीकमगढ़ जिले की झिर की बगिया निवासी अधिवक्ता मिथलेश रजक ने बताया कि 30 जुलाई 2025 को वह महामना एक्सप्रेस से कोर्ट कार्य और अपने पति को दवा देने के लिए छतरपुर आई थीं। सुबह 11:40 बजे रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद, वह अपने दो साल के बच्चे को टिकट काउंटर के पास उतार रही थीं, तभी टीटी संदीप तिवारी ने टिकट मांगने के बहाने उनका हाथ पकड़ लिया और अभद्र टिप्पणी की। मिथलेश ने बताया कि उनके पास मोबाइल में वैध टिकट था, लेकिन संदीप तिवारी ने उनकी बात न सुनी और छेड़छाड़, शारीरिक उत्पीड़न व गंदी गालियां दीं। इस दौरान उनके पति, जो उन्हें लेने आए थे, ने विरोध किया तो संदीप ने उन्हें भी गालियां दीं और धक्का-मुक्की की। मिथलेश ने सिविल लाइन थाना प्रभारी से बात की, जिन्होंने मामले को हल्का बताकर टाल दिया। उन्होंने रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज की, जिसके बाद खजुराहो रेलवे इंस्पेक्टर ने फोन कर संदीप की ओर से माफी मांगने की बात कही। करीब 12 मिनट की बातचीत में मिथलेश ने पूरी घटना बताई, जिसकी कॉल डिटेल उनके पास है। मिथलेश ने रेलवे अधिकारियों को रजिस्ट्री के जरिए शिकायत भेजी, जिसकी पावती भी उनके पास है। हैरानी की बात यह है कि उसी दिन शाम 5:30 बजे संदीप तिवारी, जो स्थानीय और कथित तौर पर राजनैतिक प्रभाव रखते हैं, ने मिथलेश और उनके पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। मिथलेश का कहना है कि संदीप द्वारा बनाए गए वीडियो में केवल उनके पति को गलत ठहराया गया, जबकि उनके पास वैध टिकट था और वह बच्चे के साथ थीं। मौके पर मौजूद पूजा अहिरवार, सत्यम कुमार, रितु लोधी और ऋषि लोधी गवाह हैं, जिनसे पूछताछ की मांग की गई है। मिथलेश ने रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, मोबाइल कॉल डिटेल और स्क्रीनशॉट जैसे सबूतों के आधार पर पुलिस अधीक्षक से टीटी संदीप तिवारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि उल्टा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई।

# गंदगी के बीच इलाज: शहडोल मेडिकल कॉलेज में मरीज और परिजन बेहाल

## नल पर मवेशी, खुले में नहाना-पीना, कचरे के बीच गुजर रही रातें, अधिकारियों के दौरों के बाद भी जस के तस हालात, परिजनों की सुध लेने वाला कोई नहीं







**मेडिकल कॉलेज की बदहाल व्यवस्था मरीजों और उनके परिजनों के लिए दोहरी मुसीबत बन चुकी है। खुले में नहाना, गंदा पानी पीना और कचरे के बीच भोजन बनाना यहां रोजमर्रा की मजबूरी है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रभार वाले इस जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति देखकर लोग हैरान हैं, जबकि अधिकारियों के दौरों के बावजूद हालात जस के तस हैं।**

शहडोल।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे आदिवासी बहुल्य शहडोल संभाग का मेडिकल कॉलेज, जो कभी आदिवासी समुदाय के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का वरदान माना गया था, अब उनके लिए एक अभिशाप की तरह साबित हो रहा है। यहां की बदहाल और अव्यवस्थित स्थिति न केवल मरीजों की परेशानी बढ़ा रही है बल्कि उनके परिजनों को भी नारकीय हालात में जीने पर मजबूर कर रही है।गंदे पानी और कचरे के बीच जिंदगीमेडिकल कॉलेज परिसर में एक ही स्थान पर नहाना, कपड़े धोना और पीने का पानी भरना परिजनों की मजबूरी बन चुका है। नल के आसपास कचरे का ढेर, खुले में पड़ी उपयोग की गई सिरिंज, डिस्पोजल और मल की बदबू के बीच महिलाएं व पुरुष नहाते हैं। इस जगह मवेशी भी पानी पीते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा और बढ़ जाता है। नल का पानी भी साफ नहीं है, जिसके कारण कई लोग एक किलोमीटर दूर स्थित हैंडपंप से पानी लाने को मजबूर हैं।खुले आसमान के नीचे भोजन की मजबूरीमरीजों के परिजनों के लिए अस्पताल में किसी भी प्रकार की रहने या भोजन पकाने की सुविधा नहीं है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने एक सड़क को ब्लॉक कर उसे परिजनों के लिए अस्थायी ठिकाना और पार्किंग बना दिया है। यहीं खुले आसमान के नीचे चूल्हा-चौका चलता है। बरसात में हालात और भी बिगड़ जाते हैं, जब पानी गिरने से पका हुआ भोजन खराब हो जाता है या बन ही नहीं पाता। भोजन पकाते समय मरीजों को देखने वाला कोई नहीं होता और जब वे मरीज के पास जाते हैं तो मवेशी उनके खाने को खराब कर देते हैं।छात्र और स्टाफ भी परेशानयह समस्या केवल मरीजों और उनके परिजनों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मेडिकल कॉलेज के छात्र और स्टाफ भी पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। साफ पानी की मांग को लेकर छात्रों ने डीन को ज्ञापन भी सौंपा था, लेकिन प्रबंधन ने मांग रखने वाले छात्रों को नोटिस थमा दिया। इस कार्रवाई के बाद अब कोई भी छात्र अपनी परेशानी खुलकर बताने को तैयार नहीं है।अस्पताल परिसर में कचरे का साम्राज्यमेडिकल कॉलेज का दृश्य ऐसा है मानो यहां शहर का सारा कचरा इकट्ठा कर दिया गया हो। गेट से लेकर वार्डों के भीतर तक जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। मरीज और उनके परिजन गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। संक्रमण फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है, लेकिन सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।जिम्मेदारों के दौरे बेअसरमेडिकल कॉलेज का प्रभार स्वयं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के पास है। प्रभारी मंत्री, कमिश्नर और कलेक्टर कई बार कॉलेज का दौरा कर चुके हैं, लेकिन जमीनी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। परिजन बताते हैं कि समस्याएं सालों से जस की तस बनी हुई हैं और अब यह मान लिया गया है कि यहां हालात नहीं बदलने वाले।परिजनों की आपबीतीअस्पताल में भर्ती मरीज के एक परिजन ने बताया, ₹जब हम सड़क पर भोजन बनाते हैं तो पानी गिरने पर सारा खाना खराब हो जाता है। बरसात में तो यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। नहाने और पानी भरने के लिए घंटों कतार में खड़े रहना पड़ता है और तब भी साफ पानी नहीं मिलता।₹सुधार की उम्मीद धुंधलीस्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बने इस मेडिकल कॉलेज की वास्तविक स्थिति देखकर लगता है कि प्रशासन की प्राथमिकताओं में यहां के मरीज और उनके परिजन नहीं हैं। सुविधाओं के नाम पर कागजी वादे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर केवल गंदगी, अव्यवस्था और मजबूरी ही दिखती है।

## निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक किया दोगुना

**शहडोल।** भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। आयोग ने पहली बार निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी (एईआरओ) को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। लोकतंत्र की नींव मजबूत करने का प्रयासनिर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र की बुनियाद हैं। मतदाता सूची तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ निभाते हैं, जिनकी मेहनत से सटीक और पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार होती हैं। बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुनाबीएलओ की वार्षिक पारिश्रमिक राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दी गई है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि भी 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दी गई है। पर्यवेक्षकों और अधिकारियों को बढ़ा भत्ता बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये किया गया है।

# अधिवक्ताओं ने ट्रंप के खिलाफ लगाए नारे, फूंके पोस्टर

## अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार का किया आह्वान



**जबलपुर।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के खिलाफ लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के खिलाफ मप्र जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पोस्टर फूंके। अमेरिकी ब्रांड कोका कोला, पेप्सी, स्प्राइट आदि को बहिष्कार स्वरूप सड़कों पर बहाया। लेज, कैडबरी, किट-केट, मेगी आदि अमेरिकन प्रोडक्ट को पैरों तले कुचला। संरक्षक आशीष त्रिवेदी ने अमेजॉन, फोर्ड मैकडोनाल्ड पिज्जा, हट नाइक, एडिडास, नेटफ्लिक्स और वालमार्ट जैसी कंपनियों से सामान नहीं खरीदने की अपील देशवासियों से की। एड. सत्येंद्र ज्योतिषी ने स्वदेशी अपनाने की बात कही। तहसीली चौक पर डोनाल्ड ट्रंप व अमेरिकन कंपनियों के पोस्टर जलाकर वकीलों ने नागरिकों व व्यापारियों से अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार करने का आह्वान किया। युवा अध्यक्ष अपूर्व त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिका के इस फैसले के विरोध में पूरे प्रदेश में जूनियर लॉयर्स जागरूकता अभियान चलाकर विरोध करेंगे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी ने कहा कि भारत पर अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के इस फैसले के खिलाफ भारत में अमेरिका के विरोध में अधिवक्ताओं के साथ आम जनता सड़कों पर उतरेगी। एड. रविन्द्र गुप्ता ने कहा कि जबलपुर में अमेरिकन प्रोडक्ट का बहिष्कार व विरोध किया जाएगा। पंकज तिवारी एड. ने कहा कि लोगों से बहिष्कार की अपील की जाएगी। प्रदर्शन में अधिवक्ता शक्ति त्रिपाठी, राजेश्री तिवारी, विनय गौतम, राजेश खरे, अमित खरे, पराग तिवारी, दीपक तिवारी, शुभम मिश्रा, अरविंद सिंह चौहान, आनंद शुक्ला, जयेश तिवारी, ऋषभ दुबे, राज भारद्वाज, विकास राठौर, मो. आमिर, सचिन पांडे, देवयानी सोनी, राजेश दुबे, शुभम अग्रवाल, हर्षल कौशल, शुभम पाटकर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



## सावन हरियाली ध्वज यात्रा निकाली गई

**जबलपुर।** गोरखपुर कैलाशपुरी में श्रावण मास की हरियाली तीज के पावन अवसर पर सावन हरियाली ध्वज यात्रा का भव्य और आध्यात्मिक आयोजन संपन्न हुआ। यात्रा कैलाशपुरी दुर्गा मंदिर से अनगढ़ हनुमान मंदिर तक निकाली गई, जिसमें नगर के श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा से सहभागिता की, यात्रा 10 वर्षों से निकाली जा रही है, यात्रा का नेतृत्व महानगर मंत्री भाजयुमो गोपाल गुप्ता ने किया। गोपाल गुप्ता ने बताया कि नगरवासी श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, यात्रा में रामदरबार, जीवंत झांकियाँ, विशाल ध्वज, तिरंगा यात्रा जैसे अनेक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आकर्षणों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। महाकाल ग्रुप द्वारा शंकर जी का भव्य नृत्य, जो भक्ति और ऊर्जा से परिपूर्ण था, कार्यक्रम का समापन सुंदरकांड पाठ से किया गया, जिसमें भक्तों ने सामूहिक रूप से प्रभु श्रीराम के चरित्रगान में भाग लिया, इस अवसर पर लेखराज सिंह, मुन्ना भैया, पंकज दुबे, अभय सिंह, सुधांशु गुप्ता, योगेंद्र सिंह ठाकुर, प्रशांत केशरवानी, निशा राठौर, संजय राठौर, राजकुमार पटेल, कौशल सूरी, अनुज गुप्ता, मनीष निखर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# आदिवासी महिलाओं ने भाइयों को राखी बांधकर मनाया आदिवासी दिवस



**जबलपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी जबलपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रितेश सिंह एवं वरिष्ठ नेता टी.एन. त्रिपाठी को आदिवासी बहनों ने राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र संबंध का संदेश दिया और समाज में भाईचारे एवं एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आदिवासी समाज के योगदान, उनकी संस्कृति और बलिदानों को याद करते हुए कहा कि आदिवासी दिवस हमें उनकी विरासत और अधिकारों की रक्षा का संकल्प दिलाता है। कार्यक्रम में जिला सचिव आदेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष रतन गर्ग, सोनू भट्टाचार्य, धर्मदास आचार्य, अमरेश पटेल, रत्नेश करसा, हरप्रीत सिंह, राजेश प्रजापति, मदन शर्मा, राकेश खताबिया, श्याम लाल झरिया, चंचल झा, युवराज विश्वकर्मा सहित कई पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने आदिवासी संस्कृति, परंपरा और भाईचारे के महत्व पर चर्चा की और इस दिन को गर्व एवं सम्मान के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## योग्यता के अनुसार काम, शासकीय आवासों की जल्द होगी मरम्मत



**जबलपुर।** लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता आरएल वर्मा को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा मांग पत्र सौंपकर चर्चा की गई, मुख्य अभियंता आरएल वर्मा द्वारा मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चुने जाने पर अटल उपाध्याय का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। कार्यपालन यंत्री शिवेन्द्र सिंह, हृदेश आर्य उपस्थित थे। मांग पत्र में चर्चा की गई कि डिप्लोमा, डिग्रीधारी कर्मचारियों को उपयंत्री का कार्यभार देने, परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने, कार्यभारित समयपाल को अवकाश नगदीकरण का लाभ देने, शासकीय कार्यालयों में पीने के पानी की व्यवस्था करवाने की चर्चा की गई। उन्होंने जल्द सभी बिंदुओं पर समस्त अधीनस्थ अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला शाखा अध्यक्ष अटल उपाध्याय, राजेंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, सुशील गुप्ता, अर्जुन सोमवंशी, अनुज तिवारी, शिवदयाल प्रधान, एसपी बाथरे, रवि बांगड़, राजू मस्के, जीपी द्विवेदी, अरविंद शाहू, योगेंद्र मिश्रा, संजय रजक, संजय मजूमदार, बलराम रजक, गुलाब कोस्टा ज्ञापन के समय उपस्थित थे।

## निष्पक्ष कार्यवाही की मांग को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सौंपे गए ज्ञापन में सरपंच पति ने बताया कि जबलपुर जिले के घंसौर गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ सरकारी अनुदान योजनाओं का फायदा उठाने के लिए कथित रूप से झूठे मुकदमे दर्ज कराने की सुनियोजित रणनीति अपनाई जा रही है। गांव के सरपंच पति दुर्गेश पटेल ने इस संबंध में एक शिकायत एसपी कार्यालय में दर्ज कराई है, जिसमें गांव के ही मुन्ना चौधरी, भोला चौधरी, रम्मू चौधरी और जितेन्द्र चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि करीब 8 महीने पहले इन आरोपियों के घर में एक महिला की मौत हुई थी, जिसे गांव वालों ने आपसी विवाद का परिणाम बताया था। अब, दुर्गेश पटेल का आरोप है कि उसी मौत को हत्या का रंग देकर उन्हें और अन्य ग्रामीणों को झूठे हत्या के केस में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्गेश ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व पार्षद सरन चौधरी इन सभी गतिविधियों के सूत्रधार हैं। सरन चौधरी पहले भी कई मामलों में 'झूठे केस बनवाकर' शासन से मिलने वाले अनुदान का हिस्सा खुद रख चुके हैं और इसी नेटवर्क के जरिए निर्दोषों को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। सरपंच पति ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की हैं।



## पर्यावरण को स्वच्छ रखने रांझी महाविद्यालय में किया पौधारोपण

**जबलपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय रांझी जबलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त नेतृत्व में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ एवं संरक्षण प्रदान कर प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए तैयार करना है। इस महत्वपूर्ण कार्य का निर्देशन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा बाजपेई के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं एवं प्राध्यापकगण सभी के द्वारा पौधारोपण कराया गया। कार्यक्रम मे डॉ. जरीना जॉन चौधरी, डॉ. बिंदु शर्मा, डॉ. उमेश कुमार दुबे, डॉ. वीणा श्रीवास्तव, एनएसएस प्रभारी डॉ. माधुरी सिंह, डॉ. दीपेंद्र यादव, जनभागीदारी शिक्षक डॉ. नीलिमा राय, स्वाति मिश्रा, कु. पूजा सेन की उपस्थिति रही।



## हाफिज मोहम्मद इंतजार अली की दस्तारबंदी

**जबलपुर।** मोहरिया स्थित मदरसा फैजान-ए-इमाम-ए-आजम अबू हनीफा में एक जलसे में हाफिज मोहम्मद इंतजार अली की दस्तारबंदी की गई। उन्होंने कम उम्र में ही कुरान हिफ्ज (याद) कर यह सम्मान हासिल किया। उस्ताद हाफिज निजामुद्दीन साहब के मार्गदर्शन में मोहम्मद इंतजार अली पिता याकूब अंसारी ने कुरान को पूरी तरह से कंठस्थ किया, जिसके बाद उन्हें 'हाफिज' के ओहदे से नवाजा गया। इस दस्तारबंदी समारोह की सरपरस्ती हाजी सुब्हानल्लाह शाह बाबा के गद्दीनशीं, बदरुद्दीन शाह 'गुड्डू बाबा' ने फरमाई। इस सम्मान समारोह में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शिरकत की और युवा हाफिज मोहम्मद इंतजार अली का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर हाफिज सुल्तान साहब (खातिब, इमाम मस्जिद छुट्टू मियां की तलैया) और हाफिज नसीर आदि सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्तार नादिर ने किया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर रैली निकाल किया पौधारोपण

**जबलपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भारतीय जनजाति सेना के तत्वावधान में 09 अगस्त को विशाल रैली निकाली गई। गोंडवाना साम्राज्य के अंतिम शासक अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल गोंडवाना चौक पर प्रतिमा का पूजन अर्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। रैली को पूर्व विधायक नन्हेंलाल धुर्वे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो कलेक्ट्रेट, घंटाघर, छोटी ओमती, मालवीय चौक, तीन पत्ती, शास्त्री ब्रिज होते हुए दशमेश द्वार मदन महल पहुंची जहां छोटेलाल परस्ते एवं आदिवासी समुदाय ने रैली का भव्य स्वागत किया। आदिवासी परंपरा के अनुसार शहीद राजाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात मदन महल परिसर में आम, जामुन, अर्जुन के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गोंडवाना राज्य की मांग एवं जातिगत जनगणना में आदिवासियों का धर्मकोड सहित अन्य मांग की गई। आयोजन में भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते, धनराज सिंह पुसाम, शैलेष सिंह, मदन सिंह तराम, छोटेलाल परस्ते, आनंदीलाल परते, राजकुमार तेकाम, लखन कुलस्ते, घनश्याम यादव, तिलक सिंह धुर्वे, महिपाल धुर्वे सहित अन्य उपस्थित रहे।



## सैयद अली हसन अशरफी घोड़ा अस्पताल वाले बाबा का संदल जुलूस शान से निकला

**जबलपुर।** हजरत सैय्यद अली हसन शाह अशरफी, 'घोड़ा अस्पताल वाले बाबा' के उर्स के मौके पीर-ए-तरीकत सूफी मोहसिन मियाँ की सरपरस्ती में शनिवार को दोपहर 3:00 बजे मरहूम मुन्ने अली के निवास छोटी ओमती से परंपरागत शानो शौकत के साथ संदल जुलूस निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सायं दरगाह पहुंचा जहां मगरिब की नमाज के बाद अकीदतमंदों ने बाबा की दरगाह पर मखमली चादर और फूल चढ़ाकर अपनी अकीदत पेश की। जुलूस में शामिल सजे-धजे हुए घोड़े जनाकर्षक का केंद्र थे। हजरत सैय्यद अली हसन शाह अशरफी के उर्स के मौके पर दूर-दूर से लोग भारी संख्या में बाबा की दरगाह पर हाजिरी लगाने पहुंचे व अपनी अकीदत पेश की। इस अवसर पर खादिम अब्दुल रशीद खान, सैय्यद आजाद अली, मुईन खान, सलीम खान, सूफ़ी रजा कादरी, शफी खान, सूफ़ी जावेद चिस्ती, मोहम्मद शरीफ, मोईनुद्दीन जानू ,अदनान सहित अन्य मौजूद थे।

## मातृ शक्तियों ने पुलिस स्टाफ को राखी बांधकर मनाया पर्व



**जबलपुर।** जन समस्या निवारण संस्थान की मातृ शक्तियों के द्वारा गोरखपुर थाना में पदस्थ सीएसपी महादेव नागोटिया, थाना प्रभारी एवं समस्त थाना स्टाफ को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में जो भाई अपने परिवार से दूर रहकर हमारे देश की सेवा कर रहे हैं, उनको रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। सीएसपी, थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ ने वचन दिया कि संस्थान की बहनों और अपने देश की बहन-बेटियों की सुरक्षा का हरसंभव प्रयास किया जाएगा, उनके मान सम्मान में कोई आंच नहीं आने देंगे। इस शुभ कार्य में जनसमस्या निवारण संस्थान की राष्ट्रीय सचिव महिला प्रकोष्ठ डॉक्टर वर्षा कालिया, प्रदेश संरक्षक मधु जैन, जिला अध्यक्ष नीलम मानेकर, कोषाध्यक्ष निशा अहिरवार, नगर सचिव महिला प्रकोष्ठ सुधा वृक्षलिया, वार्ड अध्यक्ष विमल राय, छाया अहिरवार, सुनीता विश्वकर्मा एवं रेखा स्वामी की उपस्थिति रही।

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया



**जबलपुर।** विश्व आदिवासी दिवस जबलपुर के विभिन्न क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा कुंडम स्थित शराब दुकान में निवेदन किया गया था कि कुछ घंटे के लिए दुकान को बंद कर आदिवासियों के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करें, परंतु शराब दुकान के संचालक द्वारा बात नहीं मानी गई एवं उपद्रव एवं लड़ाई झगड़ा कर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं को उल्टा फंसा दिया गया, जिसे कुंडम थाना प्रभारी ने अपनी कस्टडी में रखा है। घटना को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष शाखावत खान ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पूरे घटनाक्रम की जांच कर कार्रवाई करें, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के आदिवासी भाइयों को जो निर्दोष हैं उन्हें छोड़ा जाए। मांगकर्ताओं में शाखावत खान, सुंदर कुशराम, श्रेयांश त्रिपाठी, सचिन यादव, जीतू स्वामी, पियूष मलिक, आर्यन चौधरी, येसुदास, रोशन ठाकुर, अंशु गोंड एवं अन्य सदस्यो शामिल रहे।

# मप्र आदिवासी विकास परिषद ने राज्यपाल व सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद जबलपुर के जिला अध्यक्ष, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में रांझी बड़ा पत्थर से गोंडवाना चौक तक वाहन रैली निकली गई। साथ ही आदिवासियों के हक अधिकार को लेकर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सिविल लाइन टीआई अनूप नामदेव को सौंपा गया। बताया गया आदिवासी धर्म कोड भारत में 1941 की जनगणना में तत्कालीन सरकार द्वारा पृथक कालम कोड प्रदान किया गया था। देश की आजादी के उपरांत आदिवासी कोड को खत्म कर दिया गया है, जबकि देश में अल्पसंख्यक समुदायों को पृथक काल कोड प्रदान किया गया है, जबकि आदिवासी इस धरा की मूल संस्कृति का वाहक है और प्रकृति को अपना सर्वस्व मानता है, जिसकी व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 342 में वर्णित अनुसूचित जनजातियों के रूप में की गई है। अतः भारत की जनगणना 2026 में धर्म कोड कॉलम में आदिवासी कोड प्रदान कराने राज्य सरकार से प्रस्ताव पारित कर भारत जनगणना विभाग को अनुशंसित कराया जाए। कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह तेकाम, शैलेश धुर्वे, धीरेन्द्र संजू ठाकुर, बालकृष्ण उइके, नरेश मरकाम, उदय मरावी, मुरारी मीणा, मोहन उइके, नरेश कुलस्ते, कोमल कोरचे, रतन मरकाम, कैलाश पंद्रे, सोमती मरावी, जनक मरावी, किस्सू मरावी, अनामिका पुट्टे, रवि परस्ते, महेन्द्र मरावी, कैलाश मरावी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन त्यौहार में भी राज्य के साढ़े चार लाख पेंशनर्स 2% महंगाई राहत से रहे वंचित

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक पार्टी अध्यक्ष एचपी उरमालिया ने बताया कि विगत लंबे समय से राज्य के पेंशनर्स अपनी लंबित मांगों के लिए जिसमें विशेष रूप से मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को शीघ्र विलोपित करने तथा केंद्र के अनुरूप दो प्रतिशत महंगाई राहत भुगतान जनवरी 2025 से किए जाने की मांग की पूर्ति मध्य प्रदेश शासन के द्वारा अभी तक नहीं की गई है, शासन तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य के पेंशनर्स की अपेक्षा पूर्ण नीति को बनाए रखकर पेंशनर्स को कोई भी राहत ना देकर उनका शोषण निरंतर जारी रखना चाह रहे हैं जिसके फलस्वरुप हम राज्य के साढे चार लाख पेंशनर्स रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार में भी आर्थिक परेशानियों से पीड़ित होकर त्योहार मनाने असमर्थ रहे। एचपी उरमालिया ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि शासन के द्वारा दिनांक 19 अगस्त 2025 तक मध्य प्रदेश के पेंशनर्स को दो प्रतिशत महंगाई राहत का भुगतान न किया गया तो 20 अगस्त को जबलपुर जिले में सभी पेंशनर्स टाउन हॉल गांधी भवन में एकत्रित होकर एक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट के समक्ष अर्धनग्न रहकर प्रदर्शन करेंगे।



## राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग में पूजा कुमारी ने जीता पदक

### संस्कारधानी की पूजा कुमारी का विजय अभियान जारी

**जबलपुर।** हाल ही में केरल कोजीकोड़ में राष्ट्रीय मास्टर क्लासिक एवं पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 02 से 07 अगस्त तक किया गया जिसमें जबलपुर संस्कारधानी की पूजा कुमारी ने 69 किग्रा वजन में कांस्य पदक जीतते हुए डेड लिफ्ट में रजत पदक जीतकर संस्कारधानी का नाम रोशन किया। पूजा, कोच लॉरेंस मार्टिन एवं दीनू स्वामी के मार्गदर्शन में मिशन हेल्थ क्लब सदर में अभ्यासरत हैं। आलोक मिश्रा, मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, दिनेश रॉव, अभिषेक पिल्ले, एस तंडेलु, अनंत कुमार, विंनसन लाल, राकेश श्रीवास, ललित जॉन, अनूप शर्मा आदि ने बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अंतर शालेय जिला स्तरीय तैराकी एवं मॉर्डन पेंटाथलॉन प्रतियोगिता 12 से

**जबलपुर।** अंतर शालेय जिला स्तरीय तैराकी, डाइविंग, वाटरपोलो 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक/ बालिका एवं मॉर्डन पेंटाथलॉन 19 वर्ष बालक/बालिका प्रतियोगिता 12-13 अगस्त को बिलाबोंग इंटरनेशनल उ.मा.वि. तिलवारा रोड जबलपुर में आयोजित की जा रही है। जो भी विद्यालय इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वह अपने साथ रजिस्ट्रेशन फार्म की पांच प्रति संकुल प्राचार्य के हस्ताक्षर सहित स्कूल से ऑनलाईन फारवर्ड कॉपी के साथ लाना अनिवार्य है, अन्यथा खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित रह जायेंगे ।

**नाम परिवर्तन**

यह सूचित किया जाता है कि मैं Karama Singh पुत्र Pawan Kumar, Army No. 13760033F, निवासी Village Dhade Katwal, Tehsil Mukerian, District Hoshiarpur, Punjab-144221, आधार कार्ड संख्या 710283548860, वर्तमान में उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। मेरे पिता के आर्मी सेवा रिकॉर्ड और डिस्चार्ज बुक में मेरा नाम Karma Singh अंकित है, जबकि मेरा सही नाम Karama Singh है, जो आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में भी अंकित है। अतः भविष्य में सभी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं कार्यो में मेरा नाम Karama Singh ही पढ़ा और लिखा जाए।

Correct Name - Karama Singh
Incorrect Name - Karma Singh

# किसान के बेटे को मिला क्रिकेटर पाटीदार का नंबर, विराट-एबी डिविलियर्स के आए कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

अलग खबर

क्रिकेट के मैदान में जितने रोमांचक किस्से बनते हैं। कभी-कभी उतने ही दिलचस्प किस्से मैदान के बाहर भी घट जाते हैं। गरियाबंद जिले के माड़ागांव में एक साधारण किसान के बेटे को गलती से भारतीय क्रिकेटर रजत पाटीदार का पुराना मोबाइल नंबर अलॉट हो गया। इसके बाद जो हुआ, उसने पूरे गांव को चौंका दिया विराट कोहली, यश दयाल और एबी डिविलियर्स जैसे क्रिकेट सितारों के फोन आने लगे। माड़ागांव निवासी 21 वर्षीय मनीष बीसी ने 28 जून को देवभोग के बीसी मोबाइल सेंटर से जियो का नया सिम खरीदा।

### विराट-एबी डिविलियर्स के फोन ने किया हैरान

सिर्फ दो दिन बाद ही अनजान कॉल आने लगे। कॉल करने वाले खुद को विराट कोहली, यश दयाल और एबी डिविलियर्स बता रहे थे। क्रिकेट प्रेमी मनीष और खेमराज को लगा कि दोस्त मजाक कर रहे हैं, लेकिन कॉल करने वाले लगातार उन्हें 'रजत पाटीदार' कहकर पुकारते रहे।

### माड़ागांव के दो दोस्तों को मिली क्रिकेटर वाली किस्मत



### खुद रजत पाटीदार का आया कॉल, सिम लौटाया

लगभग 15 जुलाई को खुद रजत पाटीदार ने मनीष को कॉल कर सिम वापस करने का अनुरोध किया। पहले इसे भी मजाक समझा गया, लेकिन कुछ ही देर बाद पुलिस पहुंची तो मामला साफ हो गया। युवकों की सहमति से सिम पुलिस को सौंपा गया और बाद में क्रिकेटर के पते पर भेज दिया गया।



### दोस्तों के लिए यादगार लम्हा

गांव की किराना दुकान चलाने वाले 22 वर्षीय खेमराज और किसान पुत्र मनीष के लिए यह घटना जिंदगीभर की याद बन गई। खेमराज, जो विराट कोहली का फैन है। अपने क्रिकेट आइडल से सीधे बात करने पर बेहद खुश है। दोनों ने कहा कि चाहें तो सिम अपने पास रख सकते थे, लेकिन खिलाड़ियों और पुलिस के अनुरोध पर इसे लौटा दिया। गांव के लोग अब इस घटना को 'क्रिकेटर वाली किस्मत' कहकर पुकार रहे हैं।

**क्यों हुआ ऐसा :** देवभोग थाना प्रभारी फैजुल शाह होदा ने बताया कि रजत पाटीदार का यह नंबर 90 दिनों तक बंद रहा था। टेलीकॉम कंपनी के नियम अनुसार, लंबे समय तक निष्क्रिय रहने पर नंबर दोबारा अलॉट किया जा सकता है। इस मामले में मध्य प्रदेश साइबर सेल ने मनीष के पिता से संपर्क कर सिम वापस करने का अनुरोध किया।

---

### बहन की पिछले साल हो गई थी मौत

# दुनिया से चले जाने के बाद भी बहन के 'हाथों' ने बांधी भाई की कलाई पर राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षाबंधन का त्यौहार सभी भाई-बहनों के लिए बहुत ही खास होता है। 16 साल की अनमता अहमद जब शिवम मिस्त्री की कलाई पर राखी बांध रही थी, तो वहां उपस्थित हर एक व्यक्ति की आंखें नम थी। दोनों एक दूसरे को बहुत ही प्यार और अपनेपन से देख रहे थे, मानो उनका सालो पुराना रिश्ता हो। इन दोनों भाई-बहनों का नाता खून का नहीं, बल्कि एक भावुक कर देने वाली कहानी का परिणाम है।दरअसल, अनमता जिन हाथों से शिवम के कलाई पर राखी बांध रही थी, उनमें से एक हाथ शिवम की बहन रिया का था। नौ साल की रिया की पिछले साल यानी 2024 में मृत्यु हो गई थी।

### अंगदान से अनामता को मिला हाथ




### इस तरह हुई रिया की मौत

दो साल बाद सितंबर महिने में वलसाड में चौथी कक्षा की छात्रा रिया बीमार पड़ गई। उसे 15 सितंबर को सूरत के किरण अस्पताल में भर्ती कराया। सीटी स्कैन से पता चला कि रक्तस्राव के कारण उसकी ब्रेन डेड हो गया था, जिसके बाद रिया का पूरा परिवार स्तब्ध रह गया। उसी दौरान डोनेट लाइफ एनजीओ ने रिया के परिवार से संपर्क किया और उन्हें अंगदान की सलाह दी, जिसके बाद वे उसके अंगदान के लिए राजी हो गए।

### नागासाकी में परमाणु हमले की 80वीं बरसी पर कार्यक्रम

**नागासाकी।** जापान के नागासाकी में अमेरिका द्वारा किए गए परमाणु बम हमले की 80वीं बरसी पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और हमले में जीवित बचे लोग इस दिशा में काम कर रहे हैं कि दुनिया के किसी भी हिस्से को इस तरह के हमले का सामना न करना पड़े। जख्मों, भेदभाव और विकिरण से होने वाली बीमारियों की पीड़ा बावजूद हमले से बचे लोगों ने परमाणु हथियारों को खत्म करने के साझा लक्ष्य के लिए सार्वजनिक रूप से अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि शनिवार को जहां एक तरफ इस हमले की बरसी मनाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर दुनिया विपरीत दिशा में जा रही है। अमेरिका ने नौ अगस्त 1945 को नागासाकी पर परमाणु बम गिराया था। जिसमें करीब 70,000 लोगों की जान चली गई थी। इससे तीन दिन पहले छह अगस्त को हिरोशिमा पर गिराए गए।

## शहीद भाइयों की बेजान कलाई में राखी बांधकर रो पड़ी बहनें



**जगदलपुर।** सुकमा जिले के कोंटा ब्लाक के उस्पालमेटला में 18 साल पहले 9 जुलाई 2007 को नक्सली हमले में 23 परिवार के युवाओं ने शहादत दी थी। उनकी याद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एर्राबोर में शहीद स्मारक बनाया गया है। जहां शहीद भाइयों के मूर्तियों की बेजान कलाइयों में आज राखी बांधकर बहनें रो पड़ी । हर साल की तरह आज रक्षाबंधन के दिन बहनें राखी के साथ मिठाई, हल्दी चावल और दीपक लेकर पहुंची थी। जहां भाइयों की मूर्तियों की कलाइयों में राखी बांधी और मस्तक पर तिलक लगाया। इस दौरान रोती बिलखती बहनों को देखकर आसपास का माहौल काफी गमगीन हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया शहीद युवा एर्राबोर, मरईगुड़ा और मुलाकिसोली गांव के थे। इन गांव की बहनें हर साल राखी के दिन यहां आती हैं और शहीद भाई को याद कर घंटो बिताती है। हरिभूमि से चर्चा में एर्राबोर के लोगों ने बताया कि उस दौरान युवाओं ने शांति लाने के लिए नक्सलियों से लड़ाई लड़ी थी।

# आदिवासी संस्कृतिः हमारी असली पहचान

हर वर्ष की तरह 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। यह दिन उन मूलनिवासी समुदायों को सम्मान देने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपनी प्राचीन संस्कृति, परंपराएं और जीवनशैली को आज भी संजो कर रखा है। भारत में आदिवासी समुदाय देश की आत्मा हैं – जंगलों के रक्षक, प्रकृति के साथी, और हमारी विविधता के मूल स्तंभ।आदिवासियों की जीवनशैली हमें सिखाती है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर कैसे जिया जा सकता है। उनके रीति-रिवाज, लोकगीत, नृत्य, चित्रकला और हस्तशिल्प न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, बल्कि हमारे इतिहास और सभ्यता की जड़ें भी हैं।आज जब पूरी दुनिया आधुनिकता की दौड़ में संसाधनों का दोहन कर रही है, वहीं आदिवासी समाज हमें सादगी, संतुलन और पर्यावरण के संरक्षण की मिसाल पेश करता है। उनकी जीवनशैली में 'विकास' का मतलब केवल भौतिक सुख-सुविधाएं नहीं, बल्कि सामूहिक कल्याणऔर प्राकृतिक संतुलन भी होता है। दुख की बात यह है कि आज भी बहुत से आदिवासी समुदाय शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उनकी ज़मीनें छिनी जा रही हैं, उनके अधिकारों का हनन हो रहा है, और उन्हें मुख्यधारा से बाहर रखा जा रहा है। इस स्थिति में हमें यह समझने की ज़रूरत है कि विकास का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चला जाए।विश्व आदिवासी दिवस न केवल एक उत्सव है, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है – आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करने की, उनकी संस्कृति को संरक्षित करने की और उनके साथ समानता का व्यवहार करने की।हमें यह याद रखना चाहिए कि आदिवासी समाज कोई पिछड़ा वर्ग नहीं, बल्कि हमारे समाज की वह जड़ें हैं जो हमें मजबूती देती हैं। उनके ज्ञान, परंपराएं और जीवनशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर हैं। हमें उन्हें संरक्षण की नहीं, सम्मान और भागीदारी की आवश्यकता है।इस आदिवासी दिवस पर आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम आदिवासी समाज के अस्तित्व, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करेंगे, और उनकी संस्कृति को गर्व से अपनाएंगे।



विश्व आदिवासी दिवस पर नगर युवा आदिवासी के आकाश परस्ते, अर्श खान, धर्मेंद्र मरावी, रैन सिंह, रमेश धुर्वे, मनीष मरावी, कान्हा शर्मा, विनोद डोंगरे, पुष्पराज गोस्वामी, सचिन गोसाईं एवं साथियों ने जंगल बिन जीवन अधूरा हैं, आदिवासी बिना जंगल अधूरा हैं, यदि जंगल को दिल माने तो उसकी धड़कन आदिवासी हैं नारों व लोक नृत्य दलों के साथ आदिवासी बहुल जिले डिंडोरी में शुक्रवार को रैली निकाली। विश्व आदिवासी दिवस, विश्व में रहने वाली पूरी आबादी के मूलभूत अधिकारों को (जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण) को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक, आर्थिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता हैं।

# ट्रंप ने आर्मेनिया-अजरबैजान की 37 साल पुरानी जंग खत्म कराई

विवादित जमीन पर कॉरिडोर बनाने पर सहमति



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच चल रही 37 साल पुरानी जंग खत्म करा दी है। इसको लेकर वे पिछले कई दिनों से लगे हुए थे। शुक्रवार को व्हाइट हाउस में ट्रंप ने दोनों देशों के नेताओं के साथ मुलाकात की थी। आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव व्हाइट हाउस में एक आधिकारिक शांति समझौते पर भी साइन किए। ट्रंप इससे पहले दुनियाभर की 6 जंग रुकवाने का दावा भी कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने से पहले दावा किया था कि वह रूस और यूक्रेन की जंग को खत्म कर देंगे। हालांकि वे इस काम वे अब तक कामयाब नहीं हो पाए हैं। वहीं दूसरी ओर उन्होंने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच चल रही 37 साल पुरानी जंग खत्म करा दी है।

*6 देशों की लड़ाई रुकवाने का ट्रंप ने किया दावा : अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही रूस और यूक्रेन जंग रुकवाने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालांकि इस काम में उन्हें सफलता मिलती नहीं दिखाई दे रही है। तो वहीं दूसरी तरफ वे अपने दूसरे कार्यकाल में 6 देशों के बीच जंग रूकवाने का दावा कर चुके हैं। इनमें भारत-पाकिस्तान, इजराइल-ईरान, थाईलैंड-कंबोडिया, रवांडा- कांगो, सर्बिया-कोसावो और मिस्र-इथियोपिया विवाद सुलझाने की बात कही है।*

### ट्रंप के पूर्व एनएसए ने दी चेतावनी

# भारत पर टैरिफ, अमेरिका की बड़ी भूल...होगा उल्टा असर

## हिंदुस्तान भारत हमसे दूर होकर चीन-रूस के पास जा रहा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने के फैसले को 'भारी भूल' बताया। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका, भारत को रूस और चीन से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश कर रहा था लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। पूर्व एनएसए ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाने का मकसद रूस को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन नतीजा यह हो सकता है कि भारत, रूस और चीन एकजुट होकर इन टैरिफ का विरोध करें।

### बढ़ा नुकसान का खतरा

*उनके मुताबिक, 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने'से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे, और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है।*

### दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती'

ट्रंप ने इस सप्ताह भारत के ऊपर टैरिफ बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। ट्रंप की कोशिश भारत को उसके पुराने सहयोगी रूस से दूर करने की थी, लेकिन असलियत में उनके इस कदम ने नई दिल्ली और वॉशिंगटन के 25 वर्षों में बने सबंधों में दरार पैदा कर दी है। बोल्टन बोले- भारत दोस्त है और चीन दुश्मन। दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती' जॉन बोल्टन ने पहले भी अमेरिकी अखबार द हिल में लिखा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और अन्य शर्तों में चीन के प्रति भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती होगी।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। |
| वृष | धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। |
| मिथुन | माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी। |
| कर्क | मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता |
| सिंह | आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। |
| कन्या | आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। |
| तुला | कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे। |
| वृश्चिक | संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। |
| धनु | आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। |
| मकर | माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। |
| कुंभ | आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। |
| मीन | आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। |

# भारत कृषक समाज सरकार को सौंपेगा किसानों का सुझाव पत्र

## श्रीनगर में जुटे देश के किसान प्रतिनिधि, किसानों की समस्याओं पर किया मंथन


**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में किसानों के गैर राजनैतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन, भारत कृषक समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय वीर जाखड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भाग लेकर लौटे कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने जानकारी दी की बैठक मे देश के सभी प्रांतो से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लेकर किसानों की महती मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की, जिसमे विशेष रूप से कृषि उत्पाद के लिए सरकार की आयत-निर्यात की वर्तमान नीतियों के किसानों पर पड़ने वाले प्रभावों,विभिन्न फसलों के जी. एम. बीज के आयात,समर्थन मूल्य व उस पर उत्पादों के उपार्जन, किसानों के बजट और उसके परिणामों,फसल बीमा की खामियों,फल फूल की खेती में आने वाली समस्याओं आदि पर गहन विचार विमर्श कर सरकार को सौपने व चर्चा करने हेतु एक बीस सूत्रीय सुझाव ड्राफ्ट तैयार किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में देश के किसानों का प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री, वित्त मंत्री, नीति आयोग तथा मूल्य आयोग से मिल कर ड्राफ्ट के विषयो पर चर्चा कर उस पर विचार करने सरकार पर दवाब बनाने का प्रयास करेगा।



इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय वीर जाखड़ ने कहा की पहलगाँव घटना के बाद श्रीनगर में देश के किसान प्रतिनिधियों ने एकत्रित होकर यह संदेश दिया की पूरे देश के किसान कश्मीर के साथ खड़े है। उन्होंने कहा की किसानों की समस्याओ को सरकार के साथ समनवय स्थापित कर निराकृत करने के हर स्तर पर पूरे प्रयास किये जाएंगे। बैठक में उड़ीसा से प्रदीप मोहन्ती, गुरमीत भटिया, कर्नाटक से सिद्दारम्पा पाटिल, महाराष्ट्र से मुरली धर पाटिल, डॉ वसंत लुंगे पाटिल, श्रीमती सुनीता यारने, रविंद्र पाटिल, तमिलनाडु से अंडूगोवडर, पंजाब से बलविंदर सिंह सिद्धू, के एल चावला, हरयाणा से राजपाल सिंह, झारखंड से मनोज कुमार झा, यू पी से लोकेन्द्र सिंह, कश्मीर के जुनेत,बिलाव राव, मध्यप्रदेश से केके अग्रवाल, चौधरी भरत सिंह, विशेष आंमत्रित सदस्य रूपेंद्र पटेल, रामगोपाल पटेल आदि कृषक प्रतिनिधियों नें चर्चा में भाग लेते हुए महत्वपूर्ण पूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5955



**बाएँ से दाए**
1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 5954 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5965

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5964 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE



# अबीर गुलाल दुनिया भर में 29 अगस्त को होगी रिलीज

**मुंबई।** वाणी कपूर और पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यह फिल्म काफी पहले भारत में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हमले की वजह से इसकी रिलीज टल गई थी। यह फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। यह फिल्म अब 29 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी। हाल ही में दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' को पूरी दुनिया में रिलीज किया गया है। हालांकि, यह फिल्म भारत में नहीं रिलीज हुई है। 'अबीर गुलाल' के मेकर्स भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रहे हैं।

लाइफ Style



# श्रुति
## जिंदगी की करना चाहती हैं नई शुरुआत

इन दिनों श्रुति हासन साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर चर्चा हैं। इसी फिल्म की चर्चा के बीच श्रुति ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिंदगी की नई शुरुआत करने की बात की है। इस पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को कई तरह की सलाह दे डाली है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन, फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो। इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।' '

हॉलीवुड मसाला



# टॉम-जेंडाया ने बिताया क्वालिटी टाइम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम हॉलैंड और अभिनेत्री जेंडाया इन दिनों सिर्फ फिल्मों में नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी में भी सुर्खियों में हैं। जहां एक ओर दोनों मार्वल की अगली फिल्म स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं दूसरी ओर वो लंदन में सुकून के पल बिताते भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने साथ में वक्त बिताया और इंडियन मील को एन्जॉय करते हुए नजर आए। लंदन के गेराड्र्स क्रॉस इलाके में हाल ही में दोनों को एक पार्क में देखा गया। टॉम उस दौरान अपनी फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे' का एक अहम सीन शूट कर रहे थे।



# छोटे कद का 30 साल का आदमी था स्टंट डबल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता मैकाले कल्किन ने लंबे समय से चली आ रही उस अफवाह के बारे में बताया कि 'होम अलोन' में उनका स्टंट मैन बहुत छोटा था। 30 साल के लैरी निकोलस ने उनके स्टंट करते हुए बॉडी डबल का रोल किया था। मैकाले कल्किन ने कहा 'उसका नाम लैरी था और मैंने उसे पहली बार कपड़ों के अपार्टमेंट में देखा था। मैंने कपड़े बदले और बाहर निकला, तो वहां एक लड़का था लैरी, जिसने बिल्कुल मेरी तरह कपड़े पहने थे। मैंने उनसे कहा ओह लैरी कैसे हो? इस पर उसने जवाब दिया मैं अच्छा हूं। मैं लैरी हूं स्टंटमैन। उसने मेरी तरफ देखा और कहा तुम्हें क्या लगता है मेरी उम्र कितनी है? मैंने कहा- यह तो बहुत ही अजीब सवाल है। मैं नौ साल का था। तो मैंने सोचा वह 13 के होंगे'। मैं जब कहा कि क्या आपकी उम्र 13 है तो वह हंस पड़े।' एक बार शेल्फ के टूट जाने से लैरी गिर गए थे।



# मदरहुड जर्नी को एंज्वॉय कर रही हैं कियारा

**मुंबई।** कियारा आडवाणी का घर और जिंदगी इस वक्त खुशियों से भरी हुई है। 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बेटी के माता-पिता बने। बेटी के जन्म पर कियारा और सिद्धार्थ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था, 'हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी हुई।' हाल ही में कियारा ने अपनी मदरहुड जर्नी को लेकर भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। कियारा आडवाणी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैं तुम्हारे डायपर बदलती हूं, तुम मेरी दुनिया बदलो। यह एक फेयर ट्रेड है।' इस पोस्ट के जरिए कियारा अपनी मदरहुड जर्नी को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। इस मदरहुड जर्नी में पति सिद्धार्थ मल्होत्रा भी कियारा का साथ दे रहे हैं। कियारा आडवाणी इन दिनों ब्रेक पर हैं, वह बेटी की परवरिश में समय दे रही हैं।



# तलाक की अफवाहों के बीच चिल मूड में दिखे

**मुंबई।** हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन और दोनों की बेटी आराध्या बच्चन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। उनकी एक झलक पाने के लिए वहां फैंस की भीड़ लग गई। बच्चन परिवार के तीनों सदस्य जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकले तो पैपराजी ने उनकी तस्वीरें और वीडियो ली। सभी ने यात्रा करने वाले बेहतरीन ड्रेस पहने थे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने सामान खुद लेकर जा रहे थे। बाहर निकलने के बाद उनके सामान को उनके सुरक्षा गार्ड ने लिए। अभिषेक बच्चन ने एयरपोर्ट के स्टाफ से हाथ मिलाया और उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की। ऐश्वर्या ने अपना बैग खुद संभाला। एयरपोर्ट पर आराध्या बच्चन का अंदाज देखने वाला था। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए और उनका अभिवादन भी किया।

टीवी मसाला

# कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान हिना को किसी ने नहीं दिया काम

**नई दिल्ली।** हिना खान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। साथ ही फिल्मों में भी लीड रोल कर चुकी हैं। पिछले साल उन्हें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इसी बीमार से वह डटकर लड़ी और इलाज के बाद ठीक हो गईं। कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान भी हिना खान एक्टिव रहीं, लेकिन किसी सीरियल या फिल्म में नजर नहीं आईं। जबकि वह तो काम करना चाहती थी। अब हिना खान ने बताया कि किसी ने उन्हें पिछले एक साल में कोई काम ऑफर नहीं किया है। हिना खान कहती हैं, 'बीमारी का पता लगने, इलाज हो जाने के बाद 'पति पत्नी और पंगा' मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझसे सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो। लेकिन, मुझे लगता है कि शायद लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं। हो सकता है शो बनाने वाले ऐसा करें, मैं उनकी स्थिति भी समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, तो हजार बार सोचती।' हिना खान आगे कहती हैं, 'लेकिन मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने नहीं बुलाया। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, मुझे कॉल करें।' हाल ही में हिना खान अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ शो 'पति पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनी हैं। हिना और रॉकी के अलावा 'पति पत्नी और पंगा' में कई टीवी सेलिब्रिटी कपल भी शामिल हुए हैं।



# लाफ्टर शेफ के बाद पाकिस्तान ने भी बनाया कॉमेडी किचन शो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान लगभग हर चीज में भारत की कॉपी करने का पूरा ट्राई करता है। चाहे इंडियन प्रीमियर लीग की कॉपी पाकिस्तान प्रीमियर लीग हो या फिर टीवी शो ही क्यों ना हो. हाल ही में भारत के फेमस शो लाफ्टर शेफ के थीम को कॉपी करते हुए पाकिस्तान ने अपना कॉमेडी किचन शो बना लिया है। इसका प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं कि कहीं तो कॉपी करना छोड़ दो पाकिस्तान वालों। प्रोमो वीडियो को देखकर आप भी कहेंगे कि ये लाफ्टर शेफ की कॉपी की गई है। इसमें पाकिस्तानी सेलिब्रिटी यास्म गिल, अमर खान, मरियम खान, आरजू, मुस्तफा चौधरी और शेफ सादात नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में बताया गया है कि कश्मीर कॉमेडी किचन शो जल्द ही ग्रीन एंटरटेनमेंट पर टेलीकास्ट किया जाएगा। कलर्स का फेमस शो लाफ्टर शेफ के अब तक दो सीजन आ चुके हैं जिसमें पहले सीजन में अली गोनी और दूसरे सीजन में करण कुंद्रा विनर रहें।



# रिश्ते में संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए : फातिमा

**मुंबई।** फातिमा सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है। उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने कहा 'अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।' फातिमा सना शेख ने 'रहना है तेरे दिल में' के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया 'मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।' फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा 'वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया।' फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है।



# महावतार नरसिम्हा बनी 2025 की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर अश्विन कुमार की फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' हर दिन एक नया इतिहास रच रही है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई कर रही है। इस फिल्म ने कई बड़ी फिल्मों को कमाई के मामले में धूल चटा दी है। 'महावतार नरसिम्हा' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म का हिंदी वर्जन जमकर कलेक्शन कर रहा है। दर्शक फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं। ये फिल्म अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमा चुकी है। 'महावतार नरसिम्हा' का बजट 15 करोड़ हुए हैं। ये एक एनिमेटेड फिल्म है, जो दर्शकों का दिल जीत रही है। इस फिल्म ने कई बिग बजट और बिग स्टार्स की फिल्में जैसे सैयारा और सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से ज्यादा कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने 16वें दिन 19.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 145.15 करोड़ रुपए हो गया है।

महावतार नरसिम्हा' का कलेक्शन- डे 1- 1.75 करोड़ रुपए, डे 2- 4.6 करोड़ रुपए, डे 3- 9.5 करोड़ रुपए, डे 4- 6 करोड़ रुपए, डे 5- 7.7 करोड़ रुपए, डे 6- 7.7 करोड़ रुपए, डे 7- 7.5 करोड़ रुपए, डे 8- 7.7 करोड़ रुपए, डे 9- 15.4 करोड़ रुपए, डे 10- 23.1 करोड़ रुपए, डे 11- 7.35 करोड़ रुपए, डे 12- 8.5 करोड़ रुपए, डे 13- 6 करोड़ रुपए, डे 14- 5.35 करोड़ रुपए, डे 15- 7.5 करोड़ रुपए, डे 16- 19.50 करोड़ रुपए। टोटल कलेक्शन- 145.15 करोड़ रुपए। 'महावतार नरसिम्हा' 2025 में बॉलीवुड की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। फिलहाल, ये फिल्म विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 601.57 करोड़ रुपए, अहान पांडे-अनीत पड्डा अभिनीत 'सैयारा' 315.84 करोड़ रुपए, अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' 183.38 करोड़ रुपए, अजय देवगन स्टारर 'रेड 2' 173.44 करोड़ रुपए और आमिर खान स्टारर 'सितारे ज़मीन पर' 167.4 करोड़ रुपए से पीछे है।



### अनिल विश्वास ने न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा

# जब नशे में धुत थे मुकेश, कॉलर से घसीटकर स्टूडियो ले गया था डायरेक्टर



***नई दिल्ली।** मुकेश माथुर बॉलीवुड के सबसे नामचीन म्यूजिक डायरेक्टर में से एक थे। नील नितिन मुकेश के दादा मुकेश ने हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री को अतुलनीय योगदान दिया है। मुकेश माथुर को म्यूजिक इंडस्ट्री में लाने का श्रेय उनके दूर के रिश्तेदार को जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी बदलने का श्रेय म्यूजिक कंपोजर अनिल विश्वास को जाता है। अनिल विश्वास ही थे जिन्होंने मुकेश को न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि एक जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा और निखारा। ये किस्सा 1940 का है जब मोतिलाल मुकेश को फिल्म 'आसरा' के गाने की रिकॉर्डिंग के लिए नेशनल स्टूडियो ले कर गए थे। नए-नए मुकेश में प्रतिभा की तो कोई कमी नहीं थी, लेकिन उनके नए-नए हुनर को दिशा की जरूरत थी। मुकेश को एक ऐसे गुरू की जरूरत थी जो न सिर्फ उन्हें दिशा दे सके, बल्कि उनके हुनर को भी तराश सके।*

### पहली बार उम्मीद पर खरा नहीं उतरे

अब जब मुकेश अनिल विश्वास के पास पहुंचे तो वो उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए। बार-बार कोशिश के बाद अनिल ने वा गाना खुद ही गा लिया, ऐसे में निराश होकर मुकेश ने कह दिया कि अगर दिग्गज म्यूजिक कंपोजर खुद ही गाते रहेंगे, तो उनके जैसे नए टैलेंट को मौका कैसे मिलेगा और उनकी ये बात अनिल विश्वास के दिल में घर कर गई। अनिल ने ठान लिया कि अपनी दूसरी फिल्म में वो सिंगर को मौका जरूर देंगे।

### रिकॉर्डिंग के दिन गायब हो गए थे

पहले मौके के 5 साल बाद जब अनिल एक बार फिर फिल्म बना रहे थे, तो उन्होंने फिल्म 'पहली नजर' के लिए मुकेश को अप्रोच किया। डेट तय थी, स्टूडियो बुक था और गाने की रिकॉर्डिंग के दिन सिंगर मौके पर पहुंचे ही नहीं। वो एक बार में बैठकर शराब पी रहे थे। वो पूरी तरह से शराब के नशे में धुत थे, लेकिन अनिल विश्वास को जैसे ही ये बात पता चली वो खुद ही बार पहुंच गए।

### कंपोजर ने मुकेश को रसीद दिया था थप्पड़

म्यूजिक डायरेक्टर बार में सबके बीच से मुकेश को कॉलर से घसीटते हुए बाहर लेकर आए और उन्होंने सिंगर को एक झन्नाटेदार थप्पड़ रसीद दिया। उसके बाद उन्होंने मुकेश का सिर धुलाकर उन्हें स्ट्रॉन्ग काली कॉफी पिलाकर उनसे गाना रिकॉर्ड कराया और ये गाना ऐतिहासिक बन गया। मुकेश की आवाज में ये गीत हिंदी सिनेमा के बेहतरीन गानों में से एक है। अनिल के झापड़ से मुकेश की आंखें खुल गईं और उन्हें एहसास हुआ कि अगर उन्हें कुछ करना है, तो उन्हें खुद को शराब आदि से दूर रखना पड़ेगा।

# रोहित-विराट के संन्यास की अटकलें, ऑस्ट्रेलिया दौरा हो सकता है वनडे करियर का फेयरवेल!

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रोहित और विराट इसी साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम इंडिया का हिस्सा हो सकते हैं। कोहली और रोहित के लिए ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा हो सकता है। अटकलें लगाई जा रही है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे से भी संन्यास लेने जा रहे हैं? शर्मा और कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद एक साथ इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। इंग्लैंड दौरे से पहले रोहित-कोहली ने एक हफ्ते के अंतराल में टेस्ट से भी रिटायरमेंट ले ली थी।

भारत का अगला टूर्नामेंट एशिया कप है, जो सितंबर में टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। भारत का अगला वनडे ऑस्ट्रेलिया के साथ है, जो अक्टूबर में होगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये सीरीज इन दोनों की आखिरी वनडे सीरीज भी साबित हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अगर रोहित और विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भी खेलना है तो उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी में खेलना पड़ सकता है। ये ट्रॉफी दिसंबर के अंत में शुरू होगी। बता दें कि दोनों इस साल शुरुआत में रणजी ट्रॉफी के बचे हुए मैचों में खेले थे, क्योंकि टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने फैसला किया था कि बिना कोई ठोस कारण के अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेल रहे प्लेयर्स डोमेस्टिक टूर्नामेंट को मिस नहीं कर सकते। इसमें भी रोहित और कोहली का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, जिसके बाद दोनों ने टेस्ट से भी रिटायरमेंट ले लिया था।



इसी बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने रोहित शर्मा से जुड़ा एक ऐसा पोस्टर जारी किया, जिसने भारतीय क्रिकेट फैन्स के बीच हलचल मचा दी। यह पोस्टर आईसीसी ने 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच इंग्लिश जमीन पर होने वाली व्हाइट बॉल सीरीज को लेकर जारी किया था। इस पोस्टर में रोहित शर्मा के अलावा हैरी ब्रूक की भी तस्वीर थी। रोहित जहां भारत की वनडे टीम के कप्तान हैं, वहीं ब्रूक व्हाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड की कप्तानी करते हैं।

### *जब तक अच्छा कर रहे तब तक खेलना चाहिए: गांगुली*

*कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के एकदिवसीय रिकॉर्ड को 'असाधारण' करार देते हुए कहा कि इन दोनों दिग्गजों को 50 ओवर के प्रारुप में तब तक खेलते रहना चाहिए जब तक कि उनका प्रदर्शन अच्छा है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कयास लगाया गया है कि ऑस्ट्रेलिया का आगामी दौरा इन दोनों खिलाड़ियों का आखिरी वनडे दौरा हो सकता है। गांगुली ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें ऐसे किसी बात की जानकारी नहीं है। गांगुली ने कहा, 'मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसलिए मैं इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकता हूं।' गांगुली ने हालांकि इस बात पर जोर दिया कि उनके करियर को आगे बढ़ाने में प्रदर्शन सबसे महत्वपूर्ण कारक होना चाहिए।*

### 9 सितंबर से टी-20 एशिया कप

दुबई में 9 सितंबर से शुरू होने वाले आगामी टी-20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में पांच कड़े टेस्ट मैचों के बाद मिला आराम टीम के लिए बहुत जरूरी था। गांगुली ने कहा, ' खिलाड़ियों को विश्राम करने का जरूरी समय मिल गया है। उन्होंने आईपीएल के बाद पांच टेस्ट खेले और अब वे नौ सितंबर से एशिया कप खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'भारत बहुत मजबूत है। टीम अगर टेस्ट क्रिकेट में मजबूत हैं, तो वनडे और और भी ज्यादा मजबूत है। मैं समझता हूं कि भारत जीत का दावेदार होगा और दुबई की पिचों पर उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा।'

### 19 अक्टूबर से भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा

टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुण से संन्यास ले चुके इन दोनों खिलाड़ियों ने 2027 के विश्व कप के बारे में अपनी योजनाओं को अभी तक स्पष्ट नहीं किया है। भारत का एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में भारत घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा। भारती टीम 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो बार, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखलाओं में खेलेगी।

## खबर संक्षेप



### अल हिलाल और नुनेज के बीच 6 करोड़ 20 लाख डॉलर का एंग्रीमेंट

**लंदन।** सऊदी अरब के मशहूर फुटबॉल क्लब अल हिलाल ने ब्राजील के सुपरस्टार नेमार की जगह पर उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डार्विन नुनेज के साथ अनुबंध किया है। अल हिलाल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले नुनेज के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। रिपोर्टों के अनुसार यह अनुबंध छह करोड़ 20 लाख डॉलर में किया गया है। सऊदी अरब की सबसे सफल टीम अल हिलाल जनवरी में ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी नेमार को रिलीज करने के बाद एक और स्टार खिलाड़ी की तलाश में थी।

### बीसीबी ने मार्शल को किया एसीयू सलाहकार नियुक्त

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के पूर्व प्रमुख एलेक्स मार्शल को अपने संचालन की देखरेख के लिए एक साल के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है।



बीसीबी ने मार्शल के अलावा दो और महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। जूलियन वुड को तीन महीने के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है जबकि टोनी हेमिंग दो साल के लिए पिच प्रबंधन के प्रमुख का पद संभालेंगे और सभी अंतरराष्ट्रीय स्थलों और क्यूरेटर के प्रभारी होंगे।

### महिला हॉकी चैंपियनशिप: हरियाणा, झारखंड फाइनल में

**काकीनाड़ा।** हॉकी हरियाणा और हॉकी झारखंड ने जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में रविवार को 3-0 के समान अंतर से जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। कप्तान शशि काशा (आठवें मिनट) ने दिन के पहले सेमीफाइनल में हरियाणा को छत्तीसगढ़ हॉकी के खिलाफ शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद सुप्रिया (45वें मिनट, 47वें मिनट) ने लगातार दो गोल दागकर जीत सुनिश्चित की।

### भविष्य में रन बनाना जरूरी: नायर

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इस बात पर अफसोस जताया कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में मिली शुरुआत को वह बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए लेकिन वह समझते हैं कि इन निराशाओं को दूर करना उनके लिए भविष्य में रन बनाने के लिए जरूरी है।



नायर ने आठ साल के अंतराल के बाद वापसी करते हुए चार टेस्ट मैच में 25 की औसत से 205 रन बनाए, जिसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है। नायर ने कहा, 'मैं ओवल में मिली शुरुआत (जहां उन्होंने 57 रन बनाए) को शतक में नहीं बदल पाने से निराश था।

## आस्ट्रेलिया बनाम साउथ अफ्रीका टी20: टिम ने लगाए 8 छक्के और 4 चौके

# 76 पर गिरे 6 विकेट, फिर दिखा डेविड का कहर, 159 की स्ट्राइक रेट से ठोके 82 रन

एजेंसी ▸▸| डार्विन

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में सिर्फ 76 रन पर 6 विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कमाल कर दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की बल्लेबाजी में बहुत ही खराब शुरुआत रही।

> ■ डेविड ने अकेले मोर्चा संभालते हुए 52 गेंद में 83 रनों की शानादा पारी खेली

इस खराब शुरुआत के बाद जिस तरह से मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने उतरे टिम डेविड ने खेल दिखाया वह कमाल का था। 100 रन से कम पर आधी टीम आउट होने के बाद टिम डेविड ने मैदान पर बवंडर ला दिया। टिम डेविड ने अकेले मोर्चा संभालते हुए 52 गेंद में 83 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में टिम डेविड ने 8 छक्के और 4 चौके भी लगाए।

17 साल बाद पर इस ग्राउंड पर कोई इंटरनेशनल मैच खेला जा रहा था, ऐसे में टिम डेविड ने स्टेडियम के हर कोने में बाउंड्री लगाई। टिम डेविड जिस आसानी से शॉट मेकिंग कर रहे थे, उससे लग रहा था कि वह आसानी से अपना शतक पूरा कर जाएंगे, लेकिन 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर मफाका की गेंद पर आउट हो गए। टिम डेविड ने पहले 29 गेदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, उसके बाद रॉकेट की तरह रन रेट आगे बढ़ाने लगे।




### युवा पेस सनसनी क्वेन मफाका ने चार विकेट लिए

पांचवें नंबर पर आए टिम डेविड ने चार चौके और आठ छक्के लगाए। यानी 83 में से 64 रन बाउंड्रीज से निकले। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 159.61 रहा। टिम डेविड जब बैटिंग करने आए तो ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 75/6 था। यहां से उन्होंने टीम को 164/8 तक पहुंचाया। टिम डेविड की तूफानी पारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 178 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए युवा पेस सनसनी क्वेन मफाका ने चार विकेट लिए। कागिसो रबाडा को दो तो लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे और सेनुरन मुथुसामी की झोली में एक-एक विकेट आए। मालूम हो कि साउथ अफ्रीकी टीम इस वक्त ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है, जहां पहले तीन टी-20 मैच की सीरीज होगी इसके बाद इतने ही मुकाबलों की वनडे श्रृंखला भी खेली जाएगी।

### मार्श ने पहली बॉल पर सिक्स लगाकर बनाया बड़ा रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच 3 मैच की रोमांचक टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 10 अगस्त को खेला गया। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज करने के लिए उनके कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड आए। मार्श ने मैच की पहली बॉल पर ही लुंगी एनगिडी के खिलाफ शानदार छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी और कप्तान एरोन फिंच के बाद टी20 मैच की पहली बॉल पर छक्का लगाने वाले मिचेल मार्श सिर्फ दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं। फिंच ने 2022 में भारत के खिलाफ भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर यह कारनामा किया था। हालांकि, मार्श ज्यादा देर तक पिच पर टिक नहीं पाए। वह 7 गेंद खेलकर 13 रन बनाकर आउट हो गए। मार्श ने अपनी पारी में एक छक्के के साथ-साथ एक चौका भी लगाया।

## उपलब्धि

# एशियाई सर्फिंग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने बुधियाल

एजेंसी ▸▸| चेन्नई



भारत के रमेश बुधियाल ने एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। बुधियाल इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 15.17 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंक के साथ रजत पदक जीता।

ओपन महिला वर्ग में जापान की अनरी मात्सुनो (14.90 अंक) ने हमवतन सुमोमो सातो (13.70) की कड़ी चुनौती से पार पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। थाईलैंड की इसाबेल हिग्स ने 11.76 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 14.33 अंक प्राप्त कर अंडर-18 बालक वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। चीन के शिदोंग वू (13.10) और शुलोउ जियांग (8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। लड़कियों के अंडर-18 वर्ग में चीन की सिकी यांग ने 14.50 अंकों के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हम वतन शुहान जिन (10.33) ने रजत पदक जीता। थाईलैंड की इसाबेल (8.10 अंक) ने कांस्य पदक हासिल किया।

### दीक्षा ने पार स्कोर बनाया, 13वें स्थान पर रहीं

**लंदन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पार 73 का स्कोर बनाया। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर मौजूद दीक्षा अब संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर खिसक गई हैं। दीक्षा के अलावा प्रणवी उर्स और अदिति अशोक भी कट हासिल करने में सफल रहीं। प्रणवी (75-71) पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। अदिति (73-74) का कुल स्कोर एक ओवर है और वह संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। भारत की अवनि प्रशांत (76-76) कट हासिल करने में नाकाम रहीं जो तीन ओवर पर तय किया गया था।

## 30 सितंबर से शुरू होगा वनडे विश्व कप

# विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड ने भारत में शुरू की प्रैक्टिस



एजेंसी ▸▸| चेन्नई

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला वनडे विश्व कप को शुरू होने में अब दो महीने से भी कम समय बचा है और न्यूजीलैंड की कई प्रमुख खिलाड़ी इस वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी के सिलसिले में चेन्नई पहुंच गई हैं।

इस दस सदस्यीय टीम में सात क्रिकेटर केंद्रीय अनुबंधित हैं और वे मुख्य कोच बेन सॉयर और सहायक कोच क्रेग मैकमिलन के मार्गदर्शन में चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी में दो सप्ताह के शिविर में भाग ले रहे हैं।

न्यूजीलैंड की टीम महिला टी-20 विश्व कप की मौजूदा चैंपियन है और वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप में जीत हासिल करके अपने नाम पर दोहरा खिताब दर्ज करने की कोशिश करेगी।

### अभियान की शुरुआत एक अक्टूबर को इंदौर में

सात अनुबंधित खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज जेस केर, युवा सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और ऑलराउंडर ब्रुक हॉलिडे भी शामिल हैं। इनके अलावा इजी शार्प, फ्लोरा डेवोनशर और एम्मा मैकलियोड जैसी उभरती हुई खिलाड़ी भी शिविर में भाग ले रही हैं। सॉयर ने कहा कि भारत में अभ्यास शिविर लगाने का फैसला इसलिए किया गया है क्योंकि न्यूजीलैंड में अभी सर्दी का मौसम है। सॉयर ने कहा, 'इस समय न्यूजीलैंड में सर्दी का मौसम है और वहां अभी किसी तरह की क्रिकेट नहीं खेली जा रही है जबकि विश्व कप शुरू होने में अब दो महीने से भी कम समय बचा है। मुझे पूरा विश्वास है कि यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के बाद हमारे खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खिलाड़ियों को फिट बनाए रखने के लिए न्यूजीलैंड आहार विशेषज्ञ की भी मदद ले रहा है। सॉयर ने कहा, 'हमने पिछले पांच दिनों में वास्तव में कड़ा अभ्यास किया है। हम यहां की परिस्थितियों में ढलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।' न्यूजीलैंड महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत एक अक्टूबर को इंदौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

## डाइविंग से बचाव...



**टोरंटो।** फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ एमएलएस फुटबॉल मैच के दूसरे हाफ के दौरान डाइविंग से बचाव करते हुए टोरंटो एफसी के गोलकीपर लुका गवरन।

# जापान के दो मुक्केबाजों की सिर में चोट लगने से मौत

एजेंसी ▸▸| टोकियो

जापान के दो मुक्केबाजों की तोक्यो के कोराकुएन हॉल में अलग-अलग मुकाबलों में मस्तिष्क में चोट लगने के कारण मौत हो गई। पहली घटना 2 अगस्त को घटी जब 28 वर्षीय शिगेतोशी कोटारी ओरिएंटल एंड पैसिफिक बॉक्सिंग फेडरेशन के जूनियर लाइटवेट चैंपियन यामातो हाटा के खिलाफ 12 राउंड का ड्रॉ पूरा करने के तुरंत बाद बेहोश हो गए। उनकी सबड्यूरल हेमेटोमा (एक ऐसी स्थिति जिसमें मस्तिष्क और खोपड़ी के बीच खून जमा हो जाता है) के लिए आपातकालीन सर्जरी की गई थी, लेकिन शुक्रवार को उनकी मृत्यु हो गई।



पेशेवर मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था विश्व मुक्केबाजी संगठन (डब्ल्यूबीओ) ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुक्केबाजी जगत जापान के मुक्केबाज शिगेतोशी कोटारी की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करता है। वह रिंग में योद्धा थे। उनके परिवार और जापान के मुक्केबाजी समुदाय के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं।'

## पांच खिलाड़ियों ने जीते सिल्वर मेडल और 2 कांस्य पदक किए अपने नाम

# निशा और मुस्कान ने जीता गोल्ड, भारत के नाम रहे 9 पदक

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

भारतीय युवा मुक्केबाजों ने अंडर-19 एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। महिला मुक्केबाज निशा और मुस्कार ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि अन्य पांच खिलाड़ियों ने रजत पदक जीते। इस प्रतियोगिता के अंडर 19 वर्ग में भाग लेने वाली 10 महिला मुक्केबाजों में से नौ पदक जीतकर वापस लौटेंगी, जिनमें दो स्वर्ण और पांच रजत के अलावा दो कांस्य पदक शामिल हैं।



### भारत के अंडर-22 में पहले ही 13 पदक पक्के

विनी 60 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की सेवारा ममातोवा से हार गईं, जबकि 65 किग्रा के खिताबी मुकाबले में जापान की अरिंदा अकीमोटो ने निशा को 4-1 से हराया। पुरुष वर्ग के फाइनल में भी तीन भारतीय मुक्केबाज चुनौती पेश करेंगे। भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-22 वर्ग में पहले ही 13 पदक पक्के कर लिए हैं। इसके स्वर्ण पदक के मैच सोमवार को खेले जाएंगे। भारत ने अंडर-19 और अंडर-22 वर्ग में इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 40 खिलाड़ियों का दल उतारा है।

### भारतीय मुक्केबाजों ने दी कड़ी चुनौती

भारतीय खिलाड़ियों ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के मुक्केबाजों को कड़ी चुनौती देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। निशा ने 54 किग्रा वर्ग में चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपने खेल के स्तर को ऊंचा करते हुए 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि मुस्कान (57 किग्रा) ने आक्रामक इरादे दिखाते हुए कजाकिस्तान की अयाझान एर्मेक की चुनौती को 3-2 के खंडित फैसले से मात दी। आरती कुमारी (75 किग्रा) को चीन की टोंगटोंग गु से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कृतिका वासन (80 किग्रा) का प्रयास कजाकिस्तान की कुराले येगिनबाइकिजी के खिलाफ 2:3 से हार से बचने के लिए काफी नहीं था। पारची टोकस (80+ किग्रा) को उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाहोबिदिनोवा के खिलाफ इसी तरह के अंतर से हार मिली।

भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर महानगरों की तुलना में 8 से 10 रु. प्रति लीटर महंगा

## फैट प्रतिशत के आधार पर नहीं बिक रहा दूध

# जबलपुर में दूध माफिया हावी

*सम्पूर्ण प्रदेश में महानगरों में अकेला जबलपुर ही ऐसा शहर है जहाँ दूध के रेट फैट प्रतिशत के आधार पर नहीं है, जबकि भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर आदि महानगरों में दूध के रेट फैट प्रतिशत के आधार पर तय किये जाते हैं।*

हरिभूमि जबलपुर।

डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने यह जानकारी जिला प्रशासन को देकर बताया कि भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर में 6 प्रतिशत फैट का दूध औसतन 65 से 68 रु. प्रति लीटर है। इसमें पैकेजिंग तथा पास्चराइजेशन की कीमत 2 रु. प्रति लीटर जोड़ी गई है। अतः यह 2 रु. घटा दिया जाये तो इन महानगरों में दूध के असली रेट 63 से 66 रु./लीटर है। इन महानगरों में उपभोक्ताओं को फैट प्रतिशत की जानकारी दूध पैकेटों पर दी जाती है



क्योंकि इन महानगरों में 90 प्रतिशत दूध पैकेटों है। जबलपुर में 90 प्रतिशत दूध खुला बेचा जाता है इस कारण उपभोक्ताओं को फैट प्रतिशत की जानकारी से वंचित रखा जाता है। यहाँ ऐसा खुला दूध 73 रु./लीटर है जो भोपाल, इन्दौर, उज्जैन तथा ग्वालियर महानगरों की तुलना में 8 से 10 रु. प्रति लीटर के भाव से महंगा है। उन्होंने कहा खाद सुरक्षा कानून 2006 के तहत अनिवार्य फैट प्रतिशत भैंस के दूध में 5 प्रतिशत, गाय के दूध में 3 प्रतिशत, मिश्रित दूध में 4.5 प्रतिशत और स्टेंडर्ड दूध में 4.5 प्रतिशत फैट होना अनिवार्य है. मंच के रजत भार्गव, डी.आर. लखेर, सुशीला कनोजिया, गीता पांडे ने बताया कि जबलपुर में दूध माफिया हावी है।

बादल पहुंच गए इंदौर, देवास

# 24 घंटों के दौरान बन रहे बारिश के आसार

हरिभूमि जबलपुर।

हवा के कम दबाव के क्षेत्र पश्चिमी मध्यप्रदेश की ओर शिफ्ट हो जाने से मानसूनी बादल भोपाल, इंदौर संभाग में मेहरबान हैं। जबलपुर संभाग में बारिश कमजोर पड़ गई है। यदपि गरज-चमक के साथ संभाग के कुछ स्थानों पर पानी की बैछारें पड़ सकती हैं। रविवार को मौसम खुलने और धूप निकलने से उमस बढ गई थी, तापमान भी औसत से ऊपर चला गया। हवा में नमी भी घटने लगी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक हवा के कम दबाव का क्षेत्र आगे निकल गया है। 13 अगस्त



से बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने की संभावना है. उसके बाद ही पूर्वी मध्य प्रदेश में तेज बारिश के आसार बनेंगे. फिलहाल स्थानीय बादलों के प्रेसर से छुटपुट वर्षा हो सकती है. पिछले 24 घण्टे के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 77 प्रतिशत और सांय काल 70 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह ५.45 पर और सूर्यास्त शाम ६.46 पर हुआ है। पिछले २४ घण्टों को दौरान 2.0 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। १ जून से अब तक कुल वर्षा 774.3 मिमि (30 ) दर्ज की गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.1 न्यूततम २*.0 डिग्री दर्ज किया गया। वर्षा 0.2 मिली मीटर दर्ज की गई थी जबकि कुल वर्षा 921.9 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी थी। दक्षिण पश्चिमी हवाएं 4-5 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। अगले २४ घण्टों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई गई है।

परीक्षा नियंत्रक को हटाने की तैयारी

# मेडिकल यूनिवर्सिटी में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के आसार

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक बदलाव होने जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने वर्तमान परीक्षा नियंत्रक डॉ. सचिन कुचिया को पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बीते तीन वर्षों से परीक्षा नियंत्रक पद पर कार्यरत डॉ. कुचिया को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों और विवादों के चलते यह निर्णय लिया गया है।



इस सिलसिले में भोपाल स्थित चिकित्सा शिक्षा विभाग को नई नियुक्ति के लिए फाइल भेजी जा चुकी है, और अब जल्द ही विश्वविद्यालय को नया परीक्षा नियंत्रक मिलने की संभावना है। डॉ. सचिन कुचिया लगभग तीन साल पहले प्रतिनियुक्ति पर परीक्षा नियंत्रक पद पर आए थे, लेकिन उनका कार्यकाल लगातार विवादों और शिकायतों से घिरा रहा। विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और छात्र संगठनों ने बार-बार उनके व्यवहार, कामकाज में पारदर्शिता की कमी, परीक्षाओं के संचालन में देरी और परिणामों की अनियमितता जैसे मुद्दों को लेकर आपत्ति जताई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन पर इन शिकायतों को लेकर लगातार दबाव बनता जा रहा था, जिसके बाद अब प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाया है। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय विवि के सुचारू संचालन और छात्रों के भविष्य की चिंता को देखते हुए लिया गया है।

### तीन वरिष्ठ प्रोफेसर रेस में

परीक्षा नियंत्रक का पद मेडिकल यूनिवर्सिटी में सबसे महत्वपूर्ण पदों में से एक है, क्योंकि यह सीधे तौर पर छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, परीक्षाओं की शुचिता और परिणामों की विश्वसनीयता से जुड़ा होता है। इसलिए विश्वविद्यालय इस बार इस पद पर कड़े मापदंडों के आधार पर चयन कर रहा है। फिलहाल जबलपुर मेडिकल कॉलेज के तीन वरिष्ठ प्रोफेसर इस पद के लिए संभावित उम्मीदवार माने जा रहे हैं। इनमें से एक प्रोफेसर को विश्वविद्यालय प्रशासन का करीबी बताया जा रहा है और उनके नाम पर सहमति बनाने के लिए उनके प्रशासनिक अनुभव, अनुशासन और छात्रहित में किए गए कार्यों को उच्च स्तर पर प्रस्तुत किया गया है।

### अब सबकी निगाहें भोपाल मुख्यालय पर

अब पूरा ध्यान भोपाल स्थित चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतिम निर्णय पर है। विभाग से हरी झंडी मिलते ही परीक्षा नियंत्रक पद पर नई नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की जाएगी। यह फेरबदल न केवल एक प्रशासनिक निर्णय होगा, बल्कि यह विश्वविद्यालय के कामकाज और छात्रों के भविष्य को प्रभावित करने वाला कदम भी साबित हो सकता है।

## डीईओ को शिकायत दूर करने हाईकोर्ट का निर्देश

# शिक्षक को वर्तमान स्कूल में पदस्थ रहने दिया जाए

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने शिक्षक को वर्तमान स्कूल में पदस्थ रखने का राहतकारी आदेश पारित किया। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी, कटनी को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता द्वारा स्थानांतरण के विरुद्ध प्रस्तुत शिकायत का 30 दिन के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। याचिकाकर्ता कटनी निवासी लाल संजय सिंह बघेल की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता जीपीएस गुन्नौर, कटनी में पदस्थ है। उसका स्थानांतरण जीपीएस, इंदिरा आवास सीलौंडी, कटनी कर दिया गया है। दोनों स्कूलों के बीच 130 किलोमीटर का फासला है। याचिकाकर्ता की मां 80 वर्षीय हैं, जिनका इलाज चल रहा है। याचिकाकर्ता के ऊपर जिम्मेदारी है। परिवार में उसके अलावा कोई सदस्य नहीं, जो मां की देखभाल कर सके। याचिकाकर्ता जिस स्कूल में कार्यरत है, उसका



परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। वहां 96 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। कक्षा एक से पांच तक शिक्षण कार्य होता है। चार पद स्वीकृत हैं। याचिकाकर्ता के स्थानांतरण के कारण महज दो ही शिक्षक बचेंगे। इससे शिक्षण कार्य प्रभावित होगा। याचिकाकर्ता के स्थान पर किसी अन्य शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई है। इसीलिए स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट ने सभी तर्क सुनने के बाद याचिकाकर्ता के हक में राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

### संविदा कर्मी को आरक्षण का लाभ देने पर विचार करें-हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति मनिंदर भट्टी की पीठ ने सीधी निवासी याचिका करता उपेंद्र शुक्ला द्वारा दायर याचिका में मध्य प्रदेश शासन को निर्देशित किया है की माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में आवेदक में भर्ती हेतु आवेदन दिया था और वर्तमान में आवेदक 5 वर्षों से अधिक समय से संविदा कमी के रूप में कार्य कर रहा है जिसके आधार पर उसे सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप 20% आरक्षण तथा अंक प्राप्त करने का अधिकार है और इसके लिए उसके द्वारा विभाग से मांग की गई जो कि अभी तक पूरी नहीं की गई इसलिए उसे परीक्षा में 20% आरक्षण एवं अंक का लाभ प्रदान किया जाना चाहिए याचिका की सुनवाई के पश्चात एकल पीठ ने याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार करने का निर्देश प्रदान किया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आनंद शुक्ला ने पैरवी की।

## अहमद सिद्दीकी को मिला राष्ट्रपति से मिलने का अवसर

**जबलपुर।** शहर के होनहार छात्र मोहम्मद अहमद सिद्दीकी की असाधारण प्रतिभा की सराहना स्वयं भारत की राष्ट्रपति ने की है। कक्षा 5 के छात्र अहमद, जो ऊर्जा विभाग के मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में कार्यरत प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती नुसरत अलताफ़ सिद्दीकी के पुत्र हैं, को देशभर के चुनिंदा विद्यार्थियों के साथ विशेष शैक्षिक यात्रा के अंतर्गत रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मिलने का गौरव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर देशभर से कई प्रतिभाशाली बच्चे भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति को सभी बच्चों के द्वारा राखी भेंट स्वरूप दी गई। एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अहमद की मेहनत, समर्पण और प्रतिभा ने न केवल सिद्दीकी परिवार, बल्कि पूरे विद्युत परिवार को गर्व से भर दिया है।



## 218 वारंट किए गए तामील

# फरार बदमाशों की तलाश करने कांबिंग गस्त

**जबलपुर।** जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार की रात 9 बजे से देर रात 2.30 बजे तक काम्बिंग गश्त की गई. इस दौरान वर्षों से फरार 218 वारंटियों को वारंट तामील कराए गये. पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने बताया की काम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए काम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 85 गैर म्यादी वारिटयों एवं 110 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 23 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## बुलेरो की टक्कर से बाईक चालक सवार घायल

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम फुलर भीटा में मोटर सायकल से बुआ को गांव छोड़कर आ रहे युवक को मेन रोड पर एक बुलेरो वाहन ने टक्कर मार दी. जिससे वह घायल हो गया, घायल को इलाज के लिये अस्पसताल में भर्ती कराया गया है. घटना के संबंध में शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फुलर भीटा निवासी मनोज चक्रवर्ती अपनी बुआ को मोटर सायकल में छोड़कर ग्राम मगरमुहा से अपने घर लौट रहा था. रास्ते में नटवारा हाईवे मेनरोड पर पीछे से बोलरो कार क्रमांक एमपी 20 बीएन 1002 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल मे पीछे से टक्कर मार दी. इस हादसे में घायल युवक को शासकीय अस्पताल ले जाया गया. जहां से उसे मेडिकल रेफर कर दिया गया. पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## स्कूलों में चलने वाले वाहनों की चैकिंग के दौरान कार्रवाई

# 54 वाहनों के कटे चालान


**जबलपुर।** यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों की शुक्रवार को चैकिंग की गई। इस दौरान मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करना पाये जाने पर चालानी कार्रवाई भी की गई। स्कूली बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर स्कूल प्रबंधक एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय तथा जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे ई- रिक्शा में सुरक्षा की दृष्टि से किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं होती है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए स्कूली बच्चों के ई रिक्शा में परिवहन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया हैं। जिसके बावजूद भी ई रिक्शा वाहन चालक आदेश के अवहेलना कर स्कूली बच्चों को ई रिक्शा में परिवहन किया जा रहा था। जिसे दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात जबलपुर सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानो / स्कूलों में स्कूली वाहनों की चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान अंतर्गत स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे सभी वाहन चालकों / मालिको को निर्देशित किया गया है, ओवर लोडिंग न करें एवं सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइड लाईन का (वाहन में सुरक्षा मानकों) पूर्णतः पालन करें। इस दौरान स्कूली वाहन-जैसे वैन, बस, मैजिक आदि के फिटनेश, बीमा, ड्रायविंग लायसेंस आदि दस्तावेजों को चैक किया गया, कमी पाये जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। ऐसे ई रिक्शा चालक जो प्रतिबंध के बावजूद भी ई रिक्शा वाहन में स्कूली बच्चो को परिवहन करते पाये गये, उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है एवं सख्त निर्देश दिये गये है कि भविष्य में स्कूली बच्चों का ई रिक्शा वाहन में परिवहन न करें। मौके पर स्कूली बच्चों / अभिभावको को भी ई रिक्शा में स्कूली बच्चों के परिवहन के संबंध में आदेश से अवगत कराते हुए समझाईश दी गई एवं पालन करने हेतु जागरूक किया गया है। अभियान के दौरान अंतर्गत 54 स्कूली वाहनों पर कार्यवाही कर कुल 26800 रुपए समन राशि वसूल की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। सभी ई रिक्शा चालको / मालिको एवं अभिभावकों से यातायात पुलिस ने अपील की है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ई रिक्शा में स्कूली बच्चों का परिवहन न करें न करवाएं। प्रशासन द्वारा जारी आदेश का पालन करें और एक अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें।

प्रदेशाध्यक्ष ने तय की समय-सीमा

# भाजपा जिला कार्यकारिणी के गठन की उल्टी गिनती शुरू

हरिभूमि जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जबलपुर जिले की कार्यकारिणी के गठन को लेकर अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। नए प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस प्रक्रिया के लिए समय-सीमा तय कर दी है और स्पष्ट संदेश दिया है कि कार्यकारिणी गठन में यदि किसी तरह की अड़चन या देरी होती है, तो प्रदेश संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को जबलपुर भेजा जाएगा। ये पदाधिकारी न केवल मॉनीटरिंग करेंगे बल्कि जरूरत पड़ने पर स्थानीय स्तर पर मसले भी सुलझाएंगे।



गौरतलब है की करीब पांच महीने पहले रत्नेश सोनकर को जबलपुर भाजपा का नगर अध्यक्ष और राजकुमार पटेल को ग्रामीण अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बावजूद अब तक उनकी पूरी कार्यकारिणी घोषित नहीं हो सकी है। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच इस देरी को लेकर लगातार चर्चा का माहौल है।

### गठन में अड़चन का कारण अज्ञात

चौंकाने वाली बात यह है कि नगर कार्यकारिणी के गठन में आ रही देरी के कारण को लेकर खुद भाजपा के स्थानीय नेता भी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, पिछले निर्देशों के बावजूद भी कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई।

### प्रदेश स्तर पर लागू होगा नया प्लान

प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का यह सख्त रुख केवल जबलपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेशभर में सभी जिलों की कार्यकारिणी के गठन में यही नीति अपनाई जाएगी। इससे स्पष्ट है कि भाजपा संगठन अब अधूरी कार्यकारिणियों को लेकर गंभीर है और समयबद्ध तरीके से इन्हें पूरा करने के मूड में है।

## मप्र में टाइगर्स पर बड़ा संकट

# बाघों की तादाद बढ़ रही पर जंगल हो रहे छोटे

हरिभूमि, जबलपुर।

मप्र देश भर में टाइगर और तेंदुआ स्टेट के बाद अब चीता स्टेट की भी पहचान बना चुका है, लेकिन मप्र में टाइगर और चीता के घर पर अब खतरा मंडराने लगा है। दरअसल, लकड़ी तस्कर टाइगर रिजर्व के बफर जोन में भी घुसकर जमकर वनों की कटाई कर रहे हैं।

मप्र में पिछले पांच सालों के दौरान वन विभाग ने 1 लाख 68 हजार से ज्यादा अवैध वनों की कटाई के प्रकरण दर्ज किए हैं। वन्य जीव विशेषज्ञों ने प्रदेश में वनों की कटाई की यह स्थिति प्रदेश के पर्यावरण और वन्य प्राणियों के लिए बेहद चिंताजनक बताई है।

### बाघों के घरों में कट रहे जंगल

मप्र के जंगलों में अवैध कटाई के यह आंकड़े सरकार ने ही विधानसभा सत्र के दौरान पेश किए हैं। एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि प्रदेश के टाइगर रिजर्व में भी जंगलों की कटाई हो रही है। मप्र का कान्हा नेशनल पार्क बालाघाट और मंडल जिले में



फैला हुआ है लेकिन इन दोनों ही जिलों में पिछले 5 सालों के दौरान वनों की जमकर अवैध कटाई के मामले भी सामने आए हैं। अवैध कटाई के मामले में यहां पिछले पांच सालों में रिकॉर्ड कटाई हुई है।

### टाइग रिजर्व्स के अंदर वन कटाई

मंडला-बालाघाट के टाइगर रिजर्व के बफर एरिया में 3540 वनों के कटाई के मामले सामने आए हैं। सागर जिले के वीरागंना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पिछले 5 सालों के दौरान 10 हजार 92 मामले के प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। सिवनी के पेंच टाइगर रिजर्व, बरघाट परियोजना मंडल सिवनी क्षेत्रों में पिछले 5 सालों में 4126 मामले वनों की कटाई के सामने आ चुके हैं। मप्र से सटे रायसेन के जंगलों में पिछले 5 सालों में 13 हजार 132 मामले सामने आए। प्रदेश के वन क्षेत्रों में हो रही अवैध कटाई को लेकर वन्यजीव विशेषज्ञ चिंतित हो रहे हैं। रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी सुदेश बाघमारे कहते हैं कि एक तरफ हर साल बड़े स्तर पर पौधा रोपण कर रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ जंगलों में लगे 30 साल-40 साल पुराने पेड़ों को अवैध रूप से काटा जा रहा है, इससे पर्यावरण संतुलन गड़बड़ाएगा, साथ ही वन्यजीवों पर भी संकट आएगा।

### देश में बढ़ा पर मप्र में घटा वन क्षेत्र

उधर पिछले 10 सालों के दौरान मप्र में वन क्षेत्र बढन्ने की बजाए कम हो गया। संसद सत्र के दौरान केन्द्र सरकार ने यह जानकारी दी है। सरकार ने बताया कि इंडियन स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 के मुताबिक पिछले दस सालों में देश में फॉरेस्ट कवर 16 हजार 630 स्क्वायर किलोमीटर बढ़ा है। हालांकि, दिए गए आंकड़ों से सामने आया कि दस सालों में मप्र में फारेस्ट कवर 448.56 स्क्वायर किलोमीटर कम हुआ है।

## निवेश मित्र नीतियों से हुई मप्र के निर्यात में 6% की बढ़ोतरी

अब तक का सबसे ज्यादा 66,218 करोड रुपए का हुआ निर्यात

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्यात में अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए अब तक का सबसे ज्यादा 66,218 करोड रुपए का निर्यात किया है। निर्यात में 6% की बढ़ोतरी हुई है जो फार्मास्यूटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया उत्पादों में निर्यात बढ़ने के फलस्वरूप हुई है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मर्केंडाइज एक्सपोर्ट में 66,218 करोड रुपए का योगदान है जबकि स्पेशल इकोनामिक जोन में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों ने राज्य के एक्सपोर्ट पोर्टफोलियो में 4038 करोड रुपए का योगदान दिया है। इन क्षेत्रों में आर्थिक विकास बढ़ने के कारण राष्ट्रीय स्तर पर निर्यात में मध्यप्रदेश की रैंकिंग 15 से 11 हो गई है।

रिपोर्ट के अनुसार फार्मास्यूटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया आधारित कृषि उत्पाद मिलाकर मध्यप्रदेश ने विश्व बाजार के प्रतिमानों के अनुसार निर्यात रैंकिंग में बढ़ोतरी की है। निवेश मित्र औद्योगिक विकास की नीतियां, औदयोगीकरण का बढ़ता आधार मध्यप्रदेश का निर्यात बढ़ने के प्रमुख कारण है। इसके अलावा निर्यात को प्रोत्साहित करने वाली अधोसंरचना में बढ़ोतरी होना और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित होने को भी प्रमुख है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240